डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति माह की 1 को प्रकाशित, भोपाल 07.11.2022 से 13.11.2022 • वर्ष-39 • अंक-45 • मूल्य ₹10.00

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह

मध्यप्रदेश के विकास में सहभागिता के लिए सभी जुटें - मुख्यमंत्री

"विकास के विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धियां अर्जित करते हुए मध्यप्रदेश बदल रहा है। इसमें जनसहयोग बहुत आवश्यक है। प्रदेश के विकास के लिये सभी नागरिक एकजुट होकर सहभागिता करें। विभाजन के समय आए लोगों और अन्य ऐसे व्यक्तियों जिनके अपने भूखण्ड नहीं हैं, उन्हें जमीन का टुकड़ा देने के साथ इस महाअभियान में प्रधानमंत्री आवास और मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाया जाएगा। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान से बड़ी संख्या में पात्र लोगों को जोड़कर योजनाओं का लाभ देने के लिए चिन्हित किया गया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।"

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इन्दौर को निरंतर छठवीं बार देशभर में स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर एक पर आने, भोपाल को स्वच्छतम राजधानी का खिताब मिलने और ओवर ऑल रैंकिंग में मध्यप्रदेश के देश में नम्बर एक पर आने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश बदल रहा है, आगे बढ़ रहा है। एक जमाना था जब मध्यप्रदेश डाकुओं के लिए जाना जाता था। डाकुओं पर फिल्में बनती थीं। हमने संकल्प लिया था कि मध्यप्रदेश को शांति का टापू बनाएंगे। प्रदेश में डाकू रहेंगे या हमारी सरकार रहेगी। दोनों साथ नहीं रह सकते। पुलिस ने कमाल का कार्य किया है। मध्यप्रदेश में आतंक का साया था। सिमी के नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। एक जमाना था जब नक्सली हावी हो गए थे। उस नेटवर्क को भी हमने ध्वस्त किया। मध्यप्रदेश की पहचान बिना सड़कों वाले राज्य की थी। तीन लाख किलोमीटर शानदार सड़कें बन गई हैं। मध्यप्रदेश पहले लालटेन का प्रदेश कहा जाता था। अब 24 घंटे बिजली देने वाला प्रदेश है। मध्यप्रदेश के खेत सूखे और कंठ प्यासे थे। साढ़े सात लाख हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता थी, जिसे बढ़ा कर 45 लाख हेक्टेयर कर लिया गया है। वर्ष 2026 तक सिंचाई क्षमता 65 लाख हेक्टेयर हो जाएगी। मध्यप्रदेश कुआं और बावड़ी का पानी पीता था। अब 54 लाख घरों में सीधे नल कनेक्शन दिए गए हैं। सवा करोड़ घरों तक नल से जल पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। नई क्रांति की शुरुआत मध्यप्रदेश में की गई है। जब तक बालिकाओं की संख्या बालकों के समान नहीं हो जाएगी, चैन से नहीं बैठना है। प्रदेश में पहले एक हजार बालकों पर 912 बालिकाएं जन्म लेती थीं। अब यह संख्या 976 हो गई है।

देश में सर्वाधिक है मध्यप्रदेश की विकास दर

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश की ग्रोथ 19.74 प्रतिशत है, जो देश में सर्वाधिक है। प्रति व्यक्ति आय 13 हजार से बढ़कर एक लाख 37 हजार हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश आए इसके लिए ग्लोबल इन्वेस्टर समिट ही नहीं, प्रवासी भारतीय सम्मेलन भी होगा। लगभग 100 देशों के प्रतिनिधि उपस्थित होंगे। मध्यप्रदेश के इंदौर में बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय शामिल होंगे। खेलो इंडिया गेम्स भी मध्यप्रदेश में होंगे। शासकीय पदों पर बड़ी संख्या में नई भर्तियां की जाएंगी। रोज़गार दिवस पर 2 लाख स्व-रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। आगामी 28 नवम्बर से नागरिकों को रहने के लिए जमीन का टुकड़ा देने का अभियान शुरू हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिकाओं की उच्च शिक्षा की फीस राज्य सरकार भरवाएगी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। प्रदेश का कोई बच्चा अनाथ नहीं रहेगा। मख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना में निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना में खेतों तक सड़क ले जाने का कार्य करेंगे।

मध्यप्रदेश गान पर सभी नागरिक खड़े होकर सम्मान दें

श्री चौहान ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस से मध्यप्रदेश गान के समय सभी नागरिकों से खड़े होकर सम्मान देने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पहले मध्यप्रदेश गान के समय खड़े होकर सम्मान देने की परम्परा नहीं थी, जो अब शुरू हो रही है।

समाचार-पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशकों की सुविधा के लिए पोर्टल शुरू

भोपाल, प्रेस और पुस्तक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश से प्रकाशित नियतकालिक प्रकाशन की एक प्रति जिला जनसम्पर्क कार्यालय में निःशुल्क देना अनिवार्य है। प्रकाशकों की सुविधा की दृष्टि से प्रकाशन की प्रति जमा करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था के संबंध में जिला जनसम्पर्क कार्यालय को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये हैं।

प्रेस और पुस्तक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1867 के धारा-9 में प्रावधान है कि समाचार-पत्र और पत्रिकाओं के या अन्य नियतकालिक प्रकाशन के प्रकाशित होने के पश्चात उसकी प्रति यथाशीघ्र जिला जनसम्पर्क कार्यालय को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाये।

अंदर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

पेसा एक्ट

मध्यप्रदेश में 15 नवम्बर से होगा लागू

खंडवा, मध्यप्रदेश में 15 नवम्बर से पेसा एक्ट लागू कर दिया जायेगा, जिससे हमारे जनजातीय भाई-बहनों को कई सुविधाएं मिलेंगी। सामाजिक समरसता के साथ सामाजिक न्याय भी मिलेगा। तेंदूपत्ता संग्राहक के बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी सरकार देगी। अब तेंदूपत्ता के कुल लाभांश की 75 प्रतिशत राशि तेंदूपत्ता संग्राहकों में वितरित की जायेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने खण्डवा जिले के खालवा में लघु वनोपज सहकारी समितियों की क्षमता वृद्धि के लिये प्रशिक्षण सह जागरूकता एवं तेंदूपत्ता लाभांश वितरण समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने 786 करोड़ रुपये लागत के 43 कार्यों का भूमि-पूजन एवं 79 करोड़ 59 लाख रुपये लागत के 9 कार्यों का लोकार्पण किया। साथ ही खण्डवा, नर्मदापुरम्, बैतूल एवं उज्जैन वृत्त के कुल 10 वन मण्डल की 102 लघु वनोपज समितियों के 1 लाख 68 हजार 601 संग्राहकों के बैंक खाते में 41 करोड़ 63 लाख 29 हजार 75 रुपये हस्तांतरित किये।

हितग्राही हुए लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने देवास के श्री चंदर पिता सहादर, कश्मिर पिता हजारी जिला खण्डवा, दयाराम पिता गुलाब बड़वाह, प्रेमदास पिता हरिराम नर्मदापुरम्, राधेलाल यादव बैतूल को तेंदूपत्ता संग्रहण बोनस राशि के चेक देकर सम्मानित किया। साथ ही उद्यम कृषि योजना, 'एक जिला-एक उत्पाद', आजीविका स्व-सहायता समूह, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, वन अधिकार पट्टा आदि योजनाओं में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री ने गांधी मेडिकल कॉलेज के द्वितीय वर्ष के छात्र श्री सुनील पिता शोभाराम इस्के एवं जबलपुर मेडिकल कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा सुश्री जानकी पिता कैलाश वास्कले को 50-50 हजार रुपये के चेक भेंट किये।

लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0

ऊंचे आसमान में लंबी उड़ान भरेंगी मध्यप्रदेश की बेटियां - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश की बेटियों को शिक्षा में सहयोग के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में विकास और सामाजिक नेतृत्व के लिए सक्षम बनाया जाएगा। लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 का क्रियान्वयन इसी उद्देश्य से ही प्रारंभ किया गया है। यह एक ऐतिहासिक दिन है। खुशी का अंदाजा नहीं लगा सकते। रोम-रोम पुलकित है। आज वो बेटियां कॉलेज की पढ़ाई शुरू कर रही हैं, जिन्हें गोद में खिलाया था। उन नन्हीं बेटियों को अपने हाथों से प्रमाण-पत्र दिए थे। उन्हीं बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए सहायता राशि देने का सौभाग्य मिला है। यह दिन मध्यप्रदेश के इतिहास में याद किया जाएगा। बेटियों के विकास के लिए सभी बाधायें दूर हो गई हैं। बेटियां पढ़ें और आगे बढ़ें, वे ऊंचे आसमान तक जाकर लंबी उड़ान भरें। ये बेटियां अपने साथ प्रदेश और देश के भविष्य को बनाने का कार्य भी करेंगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 1477 लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को उच्च शिक्षा के लिये एक करोड़ 85 लाख रुपये की राशि अंतरित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बेटियों को शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तिकरण मिले, इसके लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। शिक्षकों की भर्ती में 50 प्रतिशत, पुलिस की भर्ती 30 प्रतिशत और पंचायतों सहित स्थानीय निकायों में आरक्षण के प्रावधान से बेटी और बहनों को आगे बढ़ने का अवसर मिला है। मध्यप्रदेश सरकार यह प्रयास निरंतर जारी रखेगी।

सार्थक जीवन का किया आह्वान

श्री चौहान ने लाड़ली लक्ष्मियों से आह्वान किया कि वे अपने लिए ही जीवन न जिएं, बल्कि देश और समाज के लिए भी जिएं। इसी में जीवन की सार्थकता है। लाड़ली लक्ष्मियां ग्रामों में नारी जागरण और नशा मुक्ति अभियान के लिए कार्य करें। इसके अलावा बेटियों को आगे चलकर बड़े-बड़े कार्य करना है। मुख्यमंत्री ने कामना की कि ये बेटियां प्रदेश भी चलाएंगी। मुख्यमंत्री स्वामी विवेकानंद के उस कथन का स्मरण दिलाया, जिसमें उन्होंने कहा था, दुनिया में ऐसा कोई कार्य नहीं है, जो नहीं किया जा सकता। आप उठें, जागृत हों और तब तक कार्य करें, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार बेटियों के साथ है।

पीथमपुर प्रदेश की औद्योगिक एवं रोज़गार देने वाली राजधानी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान पीथमपुर में विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुये।

इंदौर, पीथमपुर मध्यप्रदेश की औद्योगिक एवं रोज़गार देने वाली राजधानी बन गया है। यहां बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित हुए हैं और उद्योगों के लिये निवेश आने का क्रम जारी है। यहां बेटियों के लिये अलग से महिला उद्यमी पार्क बनाया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पीथमपुर में रोज़गार दिवस और 'एक जिला-एक उत्पाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार युवाओं को रोज़गार और स्व-रोज़गार देने के लिये रात-दिन एक कर रही है। अगले एक वर्ष में एक लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती की जायेगी। नवम्बर माह में 40 हजार रिक्त पदों में भर्ती के लिये विज्ञापन जारी हो जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीथमपुर में 1100 एमएसएमई इकाइयों में 12 हजार 777 करोड़ रुपये का निवेश है और 38 हजार 770 लोगों को रोज़गार मिला है। यहां 95 बड़ी औद्योगिक इकाइयां स्थापित हैं, जिनमें 26 हजार 320 करोड़ रुपये का निवेश है और 53 हजार 493 लोगों को रोज़गार मिला है। इस तरह से कुल एक लाख से अधिक लोगों को रोज़गार मिला हुआ है। फार्मा सेक्टर ने दुनियाभर को कोविड में दवाएं पहुंचाई हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

29 अक्टूबर

रक्षा मंत्री ने पूर्वी लद्दाख में 75 पुल और सड़कों को किया देश को समर्पित

● केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने पूर्वी लद्दाख के श्योक इलाके में सीमा सड़क

संगठन द्वारा देशभर के सीमांत क्षेत्रों में बनाये गये रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 75 पुल और सड़क प्रोजेक्ट्स को देश को समर्पित किया। रक्षा मंत्री ने छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 2180 करोड़ रुपये से तैयार 45 पुल, 27 सड़कों, दो हैलीपेड तथा एक कार्बन न्यूट्रल हैबिटेट का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि सेना के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना हमारी प्राथमिकता है। हमारी कोशिश है कि दूरदराज और सीमांत इलाकों को अच्छी सड़कें और पुलों के जरिये देश से जोड़कर उनका विकास किया जाये। श्री सिंह ने कहा कि सीमांत इलाकों में सड़क बनने से सेना किसी भी स्थिति में जल्द से जल्द अग्रिम मोर्चों पर पहुंच सकेगी।

● देश में उपग्रह संचार सेवा की तैयारी तेजी से की जा रही है और जल्द ही इसकी शुरुआत हो सकती है। यह जानकारी केंद्रीय दूरसंचार मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने दी। श्री वैष्णव ने बताया कि अगले सात से आठ महीने में देश में उपग्रह संचार सेवा की शुरुआत हो सकती है। इस सेवा के जरिये बड़े शहरों की तरह दूरदराज के छोटे गांवों में भी गुणवत्ता वाली डिजिटल सर्विस उपलब्ध हो सकेगी। दूरसंचार मंत्री ने बताया कि इस सेवा के जरिये लोगों की इंटरनेट के लिये सिर्फ दूरसंचार कंपनियों पर निर्भरता खत्म होगी। उपग्रह के जरिये फोन पर सीधे इंटरनेट की सुविधा प्राप्त की जा सकेगी। इस सेवा के माध्यम से डिजिटल भारत के कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद मिलेगी।

30 अक्टूबर

विदेशी विश्वविद्यालय के सहयोग से की गई ऑनलाइन पीएचडी नहीं होगी मान्य

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद

(एआईसीटीई) ने कहा है कि विदेशी विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के सहयोग से 'एडटेक' कंपनियों द्वारा करवाये जा रहे ऑनलाइन पीएचडी पाठ्यक्रम मान्य नहीं किये जायेंगे। दोनों नियामकों ने कहा कि पीएचडी डिग्री प्रदान करने के मानकों को बनाये रखने के लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने यूजीसी विनियमन 2016 को अधिसूचित किया है। पीएचडी के लिये उच्च शिक्षण संस्थानों के लिये यूजीसी की ओर से जारी विनियमन और इसके संशोधनों का पालन करना अनिवार्य है। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों को एडटेक कंपनियों के सहयोग से दूरस्थ शिक्षा और ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की पेशकश के प्रति आगाह करते हुये कहा कि इसमें कोई फ्रैंचाइजी समझौता स्वीकार्य नहीं है।

● उत्तर कोरिया ने अपने मिसाइल परीक्षणों के सिलसिले को लगातार जारी रखा है। उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट से कम दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया के गांगवोन प्रांत के टोंगचेओन इलाके से बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं। उत्तर कोरिया ने इस महीने में अब तक कई मिसाइलें दागी हैं। दक्षिण कोरिया ने कहा कि इन मिसाइलों से अमेरिका या उसके सहयोगियों को कोई खतरा नहीं है। दक्षिण कोरिया का मानना है कि उत्तर कोरिया वर्ष 2017 के बाद पहली बार परमाणु परीक्षण कर सकता है।

31 अक्टूबर

भारत वर्ष 2035 तक स्थापित करेगा अपना अंतरिक्ष केंद्र

● भारत ने वर्ष 2035 तक अपना अंतरिक्ष केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। भारतीय

अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ ने कहा कि इस योजना के लिये नया रॉकेट नेक्स्ट जनरेशन लॉन्च व्हीकल (एनजीएलवी) भी बनाया जा रहा है। डॉ. सोमनाथ ने बताया कि इस समय रॉकेट के डिजाइन पर काम हो रहा है, यह लगभग एक वर्ष में पूरा होगा। उन्होंने कहा कि इसरो ने भारी-भरकम पेलोड कक्षा में स्थापित करने में सक्षम पुनः इस्तेमाल योग्य रॉकेट विकसित करने के लिये उद्योग जगत के सामने साझेदारी का प्रस्ताव रखा है। डॉ. सोमनाथ ने कहा कि निजी उद्योगों का इसके विकास की प्रक्रिया में साथ लेने का इरादा इसलिये किया गया है, क्योंकि इससे सरकार को योजना के लिये सारा पैसा जुटाने की जरूरत नहीं होगी।

● ट्विटर के नये मालिक एलन मस्क ने कहा है कि कंपनी एक कंटेंट मॉडरेशन काउंसिल बनायेगी। मस्क ने कहा कि यह काउंसिल कंटेंट या प्रतिबंधित खातों को फिर से बहाल करने से संबंधित फैसले लेगी। उन्होंने एक ट्वीट कर कहा कि अभी तक हमने ट्विटर की कंटेंट मॉडरेशन नीतियों में कोई बदलाव नहीं किया है। मस्क ने कहा कि ट्विटर उपयोगकर्ता जल्द ही माइक्रोब्लागिंग प्लेटफॉर्म का एक ऐसा वर्जन चुन सकेंगे, जिसे वे बेहतर पसंद करते हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व की दिग्गज टेक कंपनी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने 44 अरब डॉलर में सोशल नेटवर्किंग कंपनी ट्विटर का अधिग्रहण किया है। माना जा रहा है कि मस्क जल्द ही ट्विटर में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं।

1 नवम्बर

ईपीएफओ बोर्ड ने पेंशन योजना से निकासी की दी मंजूरी

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने छह महीने से भी कम समय

में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) के तहत जमा राशि निकालने की अनुमति प्रदान की है। ईपीएफओ के शीर्ष निकाय केंद्रीय न्यासी मंडल (सीबीटी) की बैठक में सरकार से अनुशंसा की गई कि ईपीएस-95 योजना में कुछ संशोधन कर सेवानिवृत्त के करीब पहुंच चुके अंशधारकों को पेंशन कोष में जमा राशि निकालने की अनुमति दी जाये। इसके अलावा सीबीटी ने 34 वर्षों से अधिक समय से इस योजना का हिस्सा रहे सदस्यों को आनुपातिक पेंशन लाभ देने की भी सिफारिश की है।

● चीन की विस्तारवादी नीतियों पर लगाम लगाने के लिये अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया में परमाणु क्षमता से लैस बी-52 बॉम्बर तैनात करने की योजना बनाई है। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) के अनुसार अमेरिका उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में स्थित एक हवाई अड्डे पर छह बी-52 बॉम्बर तैनात करेगा। अमेरिका बॉम्बर्स की तैनाती ऐसे समय में कर रहा है, जब चीन प्रशांत महासागर में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिये सोलोमन द्वीप पर नौसैन्य अड्डा बना रहा है। अमेरिका की इस योजना पर चीन ने कड़ा ऐतराज जताया है। चीन ने अमेरिका पर क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता की अपेक्षा करने का आरोप लगाया है।

2 नवम्बर

सभी करदाताओं के लिये एक समान आईटीआर फॉर्म लाने का प्रस्ताव

● वित्त मंत्रालय ने सभी करदाताओं के लिये एक समान आयकर रिटर्न (आईटीआर)

फॉर्म लाने का प्रस्ताव तैयार किया है। वित्त मंत्रालय के अधीन आने वाले केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बताया कि इस फॉर्म में डिजिटल एसेट्स से होने वाली आय की अलग से जानकारी दी जा सकेगी। प्रस्तावित समान आईटीआर फॉर्म में ट्रस्ट और गैर-लाभकारी संगठनों को छोड़कर बाकी सभी करदाता रिटर्न फाइल कर सकेंगे। सीबीडीटी ने प्रस्तावित फॉर्म पर सभी हितधारकों से 15 दिसम्बर तक सुझाव मांगे हैं। उल्लेखनीय है कि अभी विभिन्न वर्गों के करदाताओं के लिये सात प्रकार के आईटीआर फॉर्म प्रचलन में हैं। सीबीडीटी ने कहा कि आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म जारी रहेंगे, लेकिन व्यक्तिगत करदाताओं के पास साझा आईटीआर फॉर्म के माध्यम से भी आयकर रिटर्न जमा करने का विकल्प होगा।

● भारत-चीन सीमा की सुरक्षा अब ऐसे जवान करेंगे, जो बिना हथियारों के भी मुकाबला करने में सक्षम होंगे। भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने जवानों की ट्रेनिंग का नया मॉड्यूल शुरू किया है। नये मॉड्यूल की यह ट्रेनिंग आईटीबीपी के कॉम्बैटेंट और नॉन कॉम्बैटेंट जवानों को दी जा रही है। इस ट्रेनिंग मॉड्यूल में 20 नई तकनीकें जोड़ी गई हैं। जवानों को जूडो, कराटे के साथ इजराइली मार्शल आर्ट और जापानी आईकीडो सिखाई जा रही है। इसके अलावा जवानों को क्राव मागा में मुक्केबाजी और कुश्ती के पैंतरे भी सिखाए जा रहे हैं। आईटीबीपी ने कहा कि कॉम्बैटेंट जवानों के 44 सप्ताह तथा नॉन कॉम्बैटेंट जवानों को 24 सप्ताह की ट्रेनिंग दी जा रही है।

3 नवम्बर

उत्तर कोरिया ने 23 मिसाइलें दागकर बढ़ाया कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव

● कोरियाई प्रायद्वीप में एक बार फिर तनातनी बढ़ गई है। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर कुछ घंटों के दौरान 23 मिसाइलें दागी हैं। इनमें से एक मिसाइल दक्षिण कोरिया की समुद्री सीमा के भीतर गिरी। इन मिसाइलों के कारण दक्षिण कोरिया को समीपवर्ती द्वीप में हवाई हमले का अलर्ट जारी करना पड़ा। अलर्ट के बाद लोगों को बंकरों में शरण लेनी पड़ी। दक्षिण कोरिया ने भी इन मिसाइलों के जवाब में लड़ाकू विमानों के जरिये पूर्वी समुद्री सीमा के नजदीक हवा से सतह पर मार करने वाली तीन मिसाइलें दागीं, जो उत्तर कोरिया की जल सीमा में गिरीं। दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया को एक औपचारिक चेतावनी दी है। जिसमें उत्तर कोरिया को उकसावे वाली कार्रवाइयों को तत्काल बंद करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि उत्तर कोरिया ने 77 वर्ष बाद दक्षिण कोरिया पर मिसाइल दागी हैं।

● कनाडा ने अगले तीन वर्षों में 15 लाख प्रवासियों को अपने देश में बसाने की योजना बनाई है। कनाडा के प्रवासी मामलों के मंत्री सिएन फ्रेसर ने कहा कि वर्क वीजा परमिट और अन्य प्रक्रियाओं को तेज कर प्रवासी नागरिकों को बसाया जायेगा। कनाडा में फिलहाल मौजूदा जनसंख्या की बढ़ती उम्र और रिटायरमेंट दर में वृद्धि चिंता का विषय बन गई है। कनाडा की सरकार का मानना है कि अभी जरूरी कदम नहीं उठाये गये तो 10 से 15 वर्ष बाद देश की आर्थिक स्थिति खराब हो सकती है।

4 नवम्बर

सीमा की निगरानी के लिये 120 ड्रोन खरीदेगी भारतीय सेना

● भारतीय सेना चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपनी सैन्य

शक्ति को मजबूत करने के लिये 120 ड्रोन खरीदेगी। सेना ने 120 ड्रोन के अलावा 10 सेट एरियल टार्गेटिंग सिस्टम खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सेना ने बताया कि ड्रोन और एरियल टार्गेटिंग सिस्टम की खरीदी फास्ट ट्रैक प्रक्रिया के तहत की जायेगी। सेना ने कहा कि आधुनिक युद्ध की जरूरतों को देखते हुये यह खरीदी की जा रही है। ये ड्रोन लोइटरिंग म्युनिशन तकनीक वाले होंगे, वहीं एरियल टार्गेटिंग सिस्टम हवा में ही लक्ष्य को मार गिराने में सक्षम हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ हुये गतिरोध के बाद सेना चीन सीमा पर अपनी मारक क्षमता में महत्वपूर्ण बढ़ोत्तरी कर रही है।

● केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये कड़े परीक्षण नियम लागू करने का फैसला किया है। अब इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनियों को तीन स्तर बैटरी पैक, बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम और सेल लेवल पर वाहनों का परीक्षण कराना होगा। इन तीन स्तरों पर सफल रहने वाली कंपनियों को ही केंद्र सरकार की पीएलआई स्कीम या फेम स्कीम (मेन्यूफैक्चरिंग को प्रोत्साहन देने वाले नियम) का फायदा मिलेगा। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये बनाये गये कुछ अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण नियमों को भारत में भी अनिवार्य बनाया जा रहा है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 45 07.11.2022 से 13.11.2022
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

सीएम राइज स्कूल एक नयी सामाजिक क्रांति

शिक्षा के क्षेत्र में सीएम राइज स्कूल योजना एक नयी सामाजिक क्रांति है। इस योजना से शासकीय स्कूलों को सर्वसुविधा तथा सर्वसाधनयुक्त बनाया जा रहा है। नये भवन बनाये जा रहे हैं। योग्य एवं कुशल, कर्मयुक्त तथा लगनशील शिक्षकों की व्यवस्था कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की व्यवस्था की गयी है। सीएम राइज स्कूलों में स्मार्ट क्लास, लायब्रेरी, प्रयोगशाला, खेल मैदान सहित अन्य सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। सरकारी स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों से बेहतर बनाया जायेगा। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री इंदौर में राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश में शिक्षण सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने, विस्तारित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये सीएम राइज योजना में 2519 करोड़ रुपये की लागत से प्रदेश में बनने वाले 69 सीएम राइज स्कूलों के नवीन भवन का भूमिपूजन कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों के अध्यापकों एवं बच्चों में योग्यता और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें सिर्फ अवसर और सुविधाएं देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षाकर्मी कल्चर को समाप्त किया गया है। शिक्षकों को बेहतर सम्मान और सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद कर उन्हें पढ़ने, खेलने एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम राइज स्कूलों में चित्रकला, गीत-संगीत और खेलकूद के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। मुख्यमंत्री ने बच्चों को पढ़ने, खेलने और आगे बढ़कर आसमान छू लेने का संकल्प भी दिलवाया। उन्होंने बच्चों से कहा कि अच्छा सोचो, अच्छा करो एवं अच्छे नागरिक बनो। उन्होंने कहा कि जीवन में नयी ऊंचाइयों को हासिल करने के लिये सीएम राइज योजना मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम राइज स्कूल की परिकल्पना को साकार करने के लिये देश-विदेश के शिक्षाविदों एवं विद्वानों के साथ चर्चा एवं परामर्श कर योजना बनायी गयी। निर्णय लिया गया कि स्कूल की बिल्डिंग सर्वसुविधायुक्त तो होगी ही साथ ही अच्छा फर्नीचर, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, खेल मैदान और खेल का सामान आदि जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं भी होंगी। स्मार्ट क्लास से विद्यार्थी देश-विदेश के योग्य शिक्षकों से ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन स्कूलों में योग्य कर्मठ और समर्पित शिक्षक होंगे। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यार्थियों का भविष्य बनाने में कोई कमी न छोड़ें। यह केवल नौकरी नहीं है अपितु साधना है, तपस्या है, राष्ट्र के नव-निर्माण का महायज्ञ है। उन्होंने बच्चों के माता-पिता से भी कहा कि बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में एक और क्रांति हुई है। प्रदेश में अब मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिन्दी में भी प्रारंभ की गई है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सभी भाषाएं सीखो, परन्तु शिक्षा अपनी मातृ भाषा में ही प्राप्त करो। उन्होंने बच्चों से कहा कि अच्छे गुण धारण करो, अच्छे नागरिक बनो, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करो और नशे से दूर रहो। सीएम राइज स्कूल में केजी से लेकर कक्षा बारहवीं तक शिक्षा दी जायेगी। प्रदेश में दो चरण में 9 हजार 95 सीएम राइज स्कूल खोले जायेंगे। इस चरण में वर्ष 2021-24 में प्रत्येक जिला एवं विकासखंड स्तर पर 360 स्कूल खोले जायेंगे। दूसरे चरण में वर्ष 2024-31 तक प्रत्येक 10 से 15 किलोमीटर के बीच एक सीएम राइज स्कूल शुरू होगा और कुल 8 हजार 235 स्कूल खोले जायेंगे।

जांच बतायेगी बीमारी से लड़ने में आप कितने मजबूत

आदमी हो, पशु हो या पक्षी कभी न कभी इन्हें बीमारी की हालत से गुजरना ही पड़ता है। लेकिन वैज्ञानिकों ने खोज करके एक ऐसा तरीका निकाला है, जिससे यह अनुमान लगाया जा सकेगा कि आपके शरीर में कितनी प्रतिरोधक क्षमता है। इसकी मदद से कोरोना जैसे संक्रमण से होने वाले खतरे को भांपा जा सकता है। शोधकर्ताओं का दावा है कि कोरोना से उबर चुके लोगों में भी इस जांच से प्रतिरोधक क्षमता के स्तर का पता लगाया जा सकता है। मैसाचुएट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के प्रोफेसर और अध्ययन के प्रमुख लेखक का कहना है कि कोरोना संक्रमण आने के बाद आम लोगों का एक ही सवाल था कि उनके शरीर में संक्रमण से लड़ने के लिये कितनी प्रतिरोधक क्षमता बची है। नई जांच से प्रतिरोधक क्षमता का पता आसानी से लगाया जा सकेगा। शोधकर्ता ने बताया कि नये उपकरण से जांच का फायदा उन लोगों को सबसे ज्यादा होगा, जो आटो इम्यून संबंधी बीमारियों की दवायें ले रहे हैं। शोधकर्ता ने कहा कि वर्तमान में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मापने के लिये परीक्षण मौजूद है। इन उपकरणों से यह पता लगाया जा सकता है कि आपके शरीर में कितनी कोशिकायें मर गई हैं। हालांकि ये परीक्षण स्वास्थ्य के लिये हानिकारक माने जाते रहे हैं। ऐसे में नई जांच की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं ने अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन के इस विधि को मान्यता देने के लिये आवेदन किया है। शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि ऐसे उपकरणों के आने से कई संक्रमण से बचा जा सकेगा।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व रेडियोग्राफी दिवस | **8 नवम्बर**

विज्ञान की एक महत्वपूर्ण और अप्रतिम खोज है रेडियोग्राफी

चिकित्सा विज्ञान (मेडिकल साइंस) में रेडियोग्राफी की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका होती है और चिकित्सा विज्ञान की यह एक महत्वपूर्ण और अप्रतिम खोज है। चिकित्सा व्यवसाय से जुड़े चिकित्सकों, चिकित्सा विशेषज्ञों और चिकित्सा विज्ञान के लाभार्थियों को इस चिकित्सा तकनीक की खूबियों से अवगत करवाने और इसके यथेष्ट और सावधानीपूर्वक उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए, हर साल आठ नवम्बर को विश्व रेडियोग्राफी दिवस मनाया जाता है। रेडियोलॉजी रोगी की सुरक्षित देखभाल में तो सहायक होती ही है यह चिकित्सा विज्ञान की सबसे बड़ी खोज के रूप में भी संस्थापित है। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में रेडियोलॉजिस्ट और रेडियोग्राफर की महत्वपूर्ण भूमिका की सार्वजनिक स्वीकारोक्ति को भी इस दिन व्यक्त किया जाता है। रेडियोग्राफी, उपचार पद्धति की समझ को बेहतर बनाने की दिशा में सतत क्रियाशील है और इसके माध्यम से कैसे रोगों की त्वरित पहचान हो सकती है यह भी सुनिश्चित करती है। रेडियोग्राफी दिवस पर दुनियाभर के रेडियोग्राफरों के हितचिंतन की दिशा में तो विमर्श होता ही है, वहीं रेडियोग्राफी को एक कॅरियर के रूप में बढ़ावा देने और साथ ही साथ आधुनिक स्वास्थ्य सेवा में इसके महत्वपूर्ण योगदान की भी चर्चा होती है।

रेडियोग्राफी के प्रमुख अवयव एक्स-रे के लिए मिला था नोबल

रेडियोग्राफी का सबसे प्रमुख अवयव एक्स-रे है और जर्मन वैज्ञानिक विल्हेम कॉनराड रॉन्टगन द्वारा आठ नवंबर, 1895 को एक्स-रे या एक्स-विकिरण की खोज की गई थी। इसी स्मृति में प्रतिवर्ष आठ नवंबर को रेडियोलॉजी का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1901 में, उन्हें इस उपलब्धि के लिए भौतिकी में नोबेल पुरस्कार मिला था, भौतिकी के लिए यह पहला नोबल पुरस्कार था जो रॉन्टगन को मिला था। पहला विश्व रेडियोग्राफी दिवस वर्ष 2012 में आयोजित किया गया। वर्ष 2012 से पहले रेडियोग्राफी दिवस दस फरवरी को मनाया जाता था, क्योंकि उस दिन एक्स-रे की खोज करने वाले विल्हेम का निधन हो गया था, लेकिन बाद में यह दिवस आठ नवम्बर को मनाने की घोषणा हुई। पहला रेडियोग्राफी दिवस जब मनाया गया तब उसमें रेडियोलॉजी सोसाइटी ऑफ नॉर्थ अमेरिका, यूरोपीयन सोसाइटी ऑफ रेडियोलॉजी और अमेरिकन कॉलेज फॉर रेडियोलॉजी एक साथ आए थे। रेडियोग्राफी दिवस विभिन्न संगठनों द्वारा समूचे विश्व में मनाया जाता है। भारत में, मध्यप्रदेश का रेडियोग्राफर्स एसोसिएशन वर्ष 1996 से रेडियोग्राफी दिवस मना रहा है। रेडियोग्राफी अब पारम्परिक स्वरूप के स्थान कर अत्यंत आधुनिक अर्थात् कम्प्यूटराईज्ड और डिजिटल हो गई है। एक्स-रे और सीटी स्कैन अब इतनी सुगम उपचार पद्धति हो गई है कि कुछ दशक पहले तक की प्रक्रिया बीते कल की बात हो गई है।

एक्स-रे की खोज से शुरू हुआ मेडिकल इमेजिंग का नया अध्याय

भौतिकी के प्रोफेसर विल्हेम रॉन्टगन द्वारा रेडियोग्राफी से जुड़ी एक्स-रे की एक महत्वपूर्ण खोज, जिसके लिए उन्हें नोबल पुरस्कार मिला, उसकी कहानी भी रोचक है। वे अपनी प्रयोगशाला में विभिन्न प्रयोग कर रहे थे उस दौरान वास्तविक खोज

गलती से हो गई थी। हुआ ये कि जब प्रोफेसर एक इलेक्ट्रॉन पर प्रयोग कर रहे थे, तब उन्होंने देखा कि एक चमकती हुई हरी रोशनी काले कार्डबोर्ड के एक टुकड़े से होकर गुजरी थी, जिसे उन्होंने एक कांच की ट्यूब पर रखा था और यह कि प्रकाश ने पास की वस्तु पर छाया अंकित की थी। वह नहीं जानते थे कि ये अजीब किरणें क्या हैं, इसलिए उन्हें 'एक्स-रे' कहा। तकनीक को पूर्ण करने के कई हफ्तों के बाद, उसने अपनी पत्नी के हाथ पर इसका परीक्षण किया, जिससे हड्डियों के अंदर (और उसकी शादी की अंगूठी का भी) पता चला। यह दुनिया की पहली एक्स-रे छवि थी। रॉन्टगन की इस खोज के बाद से, रेडियोग्राफर और रेडियोलॉजिस्ट ने एक्स-रे और नए प्रकार के मेडिकल इमेजिंग, जैसे चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग (एमआरआई) और कम्प्यूटरीकृत टोमोग्राफी (सीटी स्कैन) का उपयोग किया, जो घायल या बीमार लोगों के शरीर के अंदर देखने के लिए है। यहां से चिकित्सा विज्ञान के इतिहास में मेडिकल इमेजिंग का नया अध्याय आरम्भ हुआ। रेडियोग्राफर और रेडियोलॉजिस्ट दोनों मेडिकल इमेजिंग के विज्ञान में प्रशिक्षित पेशेवर चिकित्सक होते हैं, रेडियोलॉजिस्ट तो मेडिकल डॉक्टर भी होते हैं, जो विशिष्ट प्रकार की दवाओं के विशेषज्ञ होते हैं। चिकित्सा इमेजिंग ने मानव स्वास्थ्य की पड़ताल और उपचार में क्रांतिकारी बदलाव किया लेकिन इसके खतरे भी हैं। इसमें अक्सर विकिरण का उपयोग होता है। विकिरण की उच्च खुराक बालों के झड़ने से लेकर कैंसर तक जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है, यही वजह है कि विशेषज्ञों को कम मात्रा में विकिरण लगाने और अपने रोगियों की सुरक्षा के लिए एहतियाती उपाय करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। उदाहरण के लिए, दंत चिकित्सक आपके दांतों का एक्स-रे लेने से पहले आपके ऊपर भारी लेड एप्रन डालते हैं, यह आपके शरीर को विकिरण से बचाने के लिए होता है जो संभावित रूप से आपको नुकसान पहुंचा सकता है।

तकनीक के विकास से अब कम्प्यूटराइज्ड होता है एक्स-रे

विश्व रेडियोग्राफी दिवस पर डॉ. राजेंद्रप्रसाद मेडिकल कॉलेज पटना में सबसे पुराने और वरिष्ठ रेडियोग्राफर राजिंदर वर्मा ने बताया कि पुरानी रेडियोलॉजी पूरी तरह से ब्लाइंड थी। इसके लिए डार्क रूम की जरूरत पड़ती थी। एक्स-रे को डार्क रूम में विकसित करना पड़ता था अगर एक्स-रे ठीक न आए तो मरीज को फिर बुलाना पड़ता था और फिर से एक्स-रे करना पड़ता था। इसमें मरीज का समय भी अधिक लगता था और बीमारी का पता भी देरी से लगता था। अब कंप्यूटराइज्ड पद्धति है - इसे सीआरएस कंप्यूटर रेडियोलॉजी सिस्टम कहते हैं। यह पिछले एक से डेढ़ दशक में विकसित हुई है। इसमें कम्प्यूटर में ही एक्स-रे आता है और डार्क रूम का झंझट खत्म हो गया है। कम्प्यूटर के बाद डीआरएस डिजिटाइज्ड रेडियोग्राफी सिस्टम आया है इसमें साथ-साथ फोटो आ जाता है। इस प्रक्रिया से रिपीट का मतलब खत्म हो रहा है। जिस रिपोर्ट को लेने में पहले एक दिन लगता था, वह रिपोर्ट अब हाथों-हाथ ही मिल रही है।

कोरोना की चुनौतियों के समय उपयोगी रही रेडियोग्राफी

वर्ष 2021 में विश्व रेडियोग्राफी दिवस पर उन चुनौतियों के बारे में बात की गई जिनका सामना कोविड 19 महामारी के बीच स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को करना पड़ा। सच तो यह है कोरोना संक्रमण की चुनौतियों के समय रेडियोग्राफी बेहद उपयोगी रही। एक्स-रे और सीटी स्कैन ने कोरोना की पहचान और उसके उपचार में निर्णायक भूमिका निभाई। पिछले वर्ष की विश्व रेडियोग्राफी दिवस की थीम - 'इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी-एक्टिव केयर फॉर पेशेंट' थी। इस आदर्श वाक्य में रोगियों के उपचार में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी की आवश्यक भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कोविड-19 के दौरान एक्स-रे से काफी मदद मिली थी। किसी भी गम्भीर बीमारी का अन्दर से पता लगाने के लिए एक्स-रे ने बहुत बड़ी भूमिका अदा की है। जल्द से जल्द किसी भी बीमारी का पता लगाना एक्स-रे के बिना असंभव था। कोरोना संक्रमण की अवधि में नैदानिक चिकित्सक, महामारी विज्ञानी, वायरोलॉजिस्ट और अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं नीति निर्माताओं के साथ इस संक्रमण को समझने और बीमारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए अथक काम किया। कुछ शुरुआती जांचकर्ताओं ने छाती की रेडियोग्राफी और कंप्यूटेड टोमोग्राफी (सीटी) पर इमेजिंग पैटर्न देखा और उससे इस महामारी के उपचार की एक पद्धति तय की। इस प्रकार रेडियोग्राफी कोरोना संक्रमण के समय बेहद उपयोगी रहा।

डिजिटल रेडियोग्राफी के सभी अनुप्रयोग उपयोगी हैं

डिजिटल रेडियोग्राफी एक्स-रे जांच का एक उन्नत रूप है जो कंप्यूटर पर तुरन्त एक डिजिटल रेडियोग्राफिक छवि तैयार करता है। यह तकनीक वस्तु परीक्षण के दौरान डेटा कैप्चर करने के लिए एक्स-रे संवेदनशील प्लेटों का उपयोग करती है, जिसे तुरंत एक मध्यवर्ती कैसेट के उपयोग के बिना कंप्यूटर में स्थानांतरित कर दिया जाता है। एक्स-रे विकिरण को एक समान विद्युत आवेश में और फिर एक डिटेक्टर सेंसर के माध्यम से एक डिजिटल छवि में परिवर्तित किया जाता है। अन्य इमेजिंग उपकरणों की तुलना में, फ्लैट पैनल डिटेक्टर, जिन्हें डिजिटल डिटेक्टर एरेज़ (डीडीए) के रूप में भी जाना जाता है, उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटल छवियां प्रदान करते हैं। चिकित्सा विज्ञान से इतर भी डिजिटल रेडियोग्राफी के अन्य अनुप्रयोग भी है जैसे एयरोस्पेस उत्पाद की जांच करना, पेट्रोकेमिकल, तेल और गैस और बिजली उत्पादन उद्योगों में इंसुलेशन के तहत जंग का पता लगाना, त्वरित प्रवाहमान और जंग का पता लगाना, शरीर में फॉरेन बॉडीज़ का पता लगाना और धातु की कास्टिंग और वेल्डिंग की सूक्ष्म जांच करना भी शामिल हैं।

राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी एरिया - इंदौर

उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन हेतु कुलसचिव के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

विज्ञापन क्रमांक	ऑनलाइन आवेदन करने की	आयोग कार्यालय में अभिलेखों सहित आवेदन-पत्र
10/2022/03.11.2022	अंतिम तिथि 17.12.2022 दोपहर 12:00 बजे तक	जमा करने की अंतिम तिथि 28.12.2022

महत्वपूर्ण

1. **मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग हेतु कुलसचिव के पदों की पूर्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक अर्हता निम्नानुसार है :-**
अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता :-
किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 55 प्रतिशत न्यूनतम अंक या समकक्ष ग्रेड पाइंट स्केल के साथ स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष उपाधि।
अनुभव :-
शासकीय विभागों/संस्थाओं या शासकीय विश्वविद्यालयों के, न्यूनतम 10 वर्ष का प्रशासनिक/शैक्षणिक अनुभव रखने वाले द्वितीय श्रेणी अधिकारी
रोज़गार पंजीयन -
(क) माननीय उच्च न्यायालय मुख्य पीठ जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक 5096/2022 में पारित अंतिम आदेश **दिनांक 08.03.2022** के अनुपालन में अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को रोज़गार कार्यालय में पंजीयन से मुक्त रखा गया है।
(ख) मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को जीवित रोज़गार पंजीयन आवेदन करते समय आवश्यक नहीं होगा किन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय मध्यप्रदेश के रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
(ग) मध्यप्रदेश शासन की सेवा में कार्यरत - शासकीय/निगम/मण्डल/उपक्रम/आयोग/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक - अभ्यर्थियों को विभाग/कार्यालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र को मान्य किया जाएगा। उपरोक्तानुसार अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर रोज़गार पंजीयन से छूट रहेगी।
2. **आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन पत्र दिनांक 18.11.2022 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 17.12.2022 (दोपहर 12:00 बजे) तक www.mponline.gov.in तथा mppsc.mp.gov.in पर भरे जा सकते हैं।**
3. आवेदक ऑनलाइन आवेदन करने तथा आवेदन शुल्क का भुगतान करने के पश्चात ऑनलाइन आवेदन-पत्र का प्रिंट आउट प्राप्त करें तथा आवेदन पत्र में उल्लेखित भुगतान विवरण से यह सुनिश्चित कर लें कि शुल्क भुगतान हो चुका है। उक्त ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ अपनी अर्हता से संबंधित सभी अभिलेखों तथा अनुप्रमाणन-पत्रक, व्यक्तिगत विवरण-पत्रक एवं उपस्थिति-पत्रक (आयोग की वेबसाइट **https://mppsc.mp.gov.in पर उपलब्ध)** की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न कर आयोग कार्यालय में **दिनांक 28.12.2022 तक जमा कराएं। आवेदन पत्र भरने के संदर्भ में विस्तृत जानकारी हेतु परिशिष्ट-2 का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें एवं तदनुसार पर्याप्त समय पूर्व आवेदन-पत्र भरें।**
4. आवेदक ऑनलाइन आवेदन-पत्र की सावधानीपूर्वक जांच कर लें। ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में **दिनांक 25.11.2022 से दिनांक 19.12.2022 तक** त्रुटि सुधार किया जा सकेगा। इस हेतु प्रति सुधार सत्र रुपये 50/- त्रुटिसुधार शुल्क देय होगा। आवेदक त्रुटि सुधार हेतु एमपी ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। त्रुटि सुधार अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा श्रेणी/वर्ग परिवर्तन विषयक समस्त आवेदन अमान्य किए जाएंगे तथा आयोग द्वारा इस सन्दर्भ में आवेदक से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा।
5. विज्ञापन के सन्दर्भ में आवश्यक सूचनाएं, परीक्षा का परिणाम केवल आयोग की **वेबसाइट https://mppsc.mp.gov.in** में प्रकाशित किया जाएगा साथ ही आवश्यक होने पर अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय दिए गए e-mail Address तथा मोबाइल नंबर पर e-mail तथा SMS Alert भी प्रेषित किए जाएंगे। अतः आवेदक आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पर विहित स्थान पर अपने ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करें।
6. प्रकाशित विज्ञापन में विज्ञापित पदों हेतु जो शैक्षणिक अर्हता/अनुभव/वांछनीय अर्हता एवं विज्ञापित रिक्तियों का आरक्षण वर्गीकरण आदि का उल्लेख किया गया है, वह विभाग के द्वारा मांगपत्र के आधार पर प्रकाशित किया गया है। जिसमें आयोग की कोई भूमिका नहीं रहती है। अतः अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त संबंध में आयोग में प्राप्त शिकायतों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उक्त संबंध में शिकायतकर्ता अभ्यर्थी सीधे विभाग को अपनी शिकायत अग्रेषित कर सकते हैं।
7. आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रियांतर्गत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आयोग द्वारा सुनिश्चित की गई फीस के अतिरिक्ति आधिक्य या त्रुटिवश गलत भुगतान के संबंध में रिफंड हेतु प्राप्त अभ्यावेदन स्वीकार योग्य नहीं होंगे। अभ्यर्थियों को भली-भांति दिए गए निर्देशों का सूक्ष्मता से अवलोकन पश्चात ही निर्धारित फीस का भुगतान करें। कियोस्क अथवा अन्य माध्यम से त्रुटिवश/आधिक्य भुगतान के रिफंड के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं है।
8. आयोग द्वारा भर्ती विज्ञापनों में ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रण के समय अभ्यर्थियों से परीक्षा सेंटर आवंटन हेतु शहर की च्वाइस फिलिंग एवं उपलब्धता के आधार पर आवंटित की जाती है। अभ्यर्थी द्वारा एक बार च्वाइस फिलिंग उपरांत परीक्षा शहर परिवर्तन के संबंध में प्रस्तुत कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
9. प्रकाशित भर्ती विज्ञापन के अतिरिक्त अन्य कोई भी अभ्यर्थियों की औचित्यहीन जिज्ञासाओं के संबंध में किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
10. आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के संबंध में समय-समय पर दिशा-निर्देश प्रसारित किए जाते हैं, जिसमें स्पष्टतः परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी को कौन-कौन सी सामग्री लाना विवर्जित रहती है अतएवं औचित्यहीन जिज्ञासाओं के संबंध में किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
11. आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रियाओं में सम्मिलित अभ्यर्थियों को परीक्षा में आने-जाने का नियमानुसार भुगतान प्राप्त करने हेतु Reimbursement का वर्गीकरण प्रावधानित है। जिसके अनुसार नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सम्पादित की जाती है, अतएव इस संबंध में किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
12. आयोग द्वारा प्रकाशित भर्ती विज्ञापनों के उपरांत कई अभ्यर्थियों द्वारा तथ्यहीन आधारों पर बिना कोई साक्ष्य/दस्तावेजों के अनावश्यक रूप से विभिन्न प्रकार के शिकायती अभ्यावेदन प्रस्तुत किए जाते हैं, अतएव इस प्रकार के किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
13. **आयोग की परीक्षा और चयन प्रणाली निष्पक्ष एवं पारदर्शी है। किसी एक व्यक्ति द्वारा इस प्रणाली को विफल कर किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की संभावना नहीं है। अतः किसी व्यक्ति द्वारा सीधे या किसी अन्य के माध्यम से लाभ पहुंचाने का दावा किया जाता है तो ऐसा व्यवहारिक रूप से असंभव है। अतः ऐसे व्यक्ति के बहकावे में न आएं और उस व्यक्ति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सूचना अविलंब आयोग को दें ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।**
14. **उक्त विज्ञापन का अंतिम चयन परिणाम याचिका क्रमांक 25181/2019 के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगा।**

एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निम्नलिखित पद हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्र.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या						रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश के मूल निवासी दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या			
		UR	SC	ST	OBC	EWS	कुल	UR	SC	ST	OBC	EWS	OH	VH	HH	MD
1.	कुलसचिव	2	0	1	1	0	4	1	0	0	0	0	0	0	0	0

टीप :- (1) अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संदर्भ में प्रचलित याचिका के अनुक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 द्वारा चयन परिणाम मुख्य भाग 87% तथा प्रावधिक भाग 13% के आधार पर जारी किया जाना है। इस संदर्भ में उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा यह अवगत कराया गया है कि प्रावधिक भाग में पद संख्या 0 रहेगी। अतः उक्त सभी 4 पद 87% मुख्य भाग में सम्मिलित रहेंगे।
(2) अनुसूचित जाति तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु पद उपलब्ध न होने के कारण वे अनारक्षित श्रेणी हेतु विचारित किए जायेंगे। उनकी पात्रता श्रेणी अनारक्षित रहेगी।

दो **पद का विवरण**

01	**पद का नाम**	:	**कुलसचिव**
	विभाग का नाम	:	उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन
	श्रेणी	:	राजपत्रित (प्रथम श्रेणी)
	पद स्थिति	:	स्थायी
	वेतनमान	:	रुपये 141800
	पद के मुख्य कर्तव्य	:	विश्वविद्यालय के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासनिक नियंत्रण एवं अनुश्रवण संबन्धित कार्य

तीन **शैक्षणिक अर्हता :** **अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता**
किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 55% न्यूनतम अंक या समकक्ष ग्रेड पाइंट स्केल के साथ स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष उपाधि।
अनुभव :-
शासकीय विभागों/संस्थाओं या शासकीय विश्वविद्यालयों के, न्यूनतम 10 वर्ष का प्रशासनिक/शैक्षणिक अनुभव रखने वाले द्वितीय श्रेणी अधिकारी
विशेष :
(1) उक्त अर्हताएं विज्ञापन में उल्लेखित ऑनलाइन आवेदन करने की **अंतिम तिथि 17.12.2022 तक** अर्जित होनी चाहिए। उक्त तिथि के बाद में अर्हता धारित करने वाले आवेदक पद हेतु अनर्ह माने जाएंगे।
(2) यदि अभ्यर्थी की अर्हकारी परीक्षा की अंकसूची में पूर्णांक तथा प्राप्तांक का उल्लेख न होते हुए ग्रेड/पाइंट स्केल का उल्लेख है तो उन्हें अपने ग्रेड/पाइंट स्केल के समतुल्य प्रतिशत के निर्धारण विषयक सूत्र/सिद्धांत के आधार पर प्रतिशत की गणना करते हुए शपथ-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। शपथ-पत्र के साथ प्रतिशत निर्धारण हेतु अपनाए गए सूत्र/सिद्धांत के अनुसमर्थन हेतु संबन्धित विश्वविद्यालय के सुसंगत अभिलेख संलग्न करना भी अनिवार्य है।

टीप-
(1) शासन द्वारा पदों की संख्या का पुनरीक्षण करने पर इस पद संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। पदों की संख्या में वृद्धि केवल साक्षात्कार द्वारा चयन की स्थिति में साक्षात्कार कार्यक्रम के प्रकाशन तिथि तक तथा परीक्षा की स्थिति में परीक्षा के परिणाम की तिथि तक की जा सकेगी। बढ़े हुए पदों हेतु अतिरिक्त आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे। पदों की संख्या में कमी चयन के किसी भी स्तर पर की जा सकेगी।
(2) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाएगी।
(3) किसी भी प्रवर्ग में मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव में उसी प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के चयन द्वारा भरे जा सकेंगे।
(4) मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों हेतु केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांगजन ही आवेदन कर सकेंगे। अन्य प्रदेशों के मूल निवासी ऐसे अभ्यर्थी जो अपने मूल निवास के राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के रूप में मान्य हैं अथवा दिव्यांगजन हैं, अनारक्षित श्रेणी के रूप में विचारित किए जाएंगे।

अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थियों को यह घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा कि वे क्रीमीलेयर श्रेणी में नहीं आते।

(5) मध्यप्रदेश के मूल निवासी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन तथा परीक्षा शुल्क में विहित छूट तथा यात्रा-व्यय प्रतिपूर्ति का लाभ देय होगा।

(6) जिस श्रेणी हेतु पद विज्ञापित नहीं हैं वे अनारक्षित पदों के विरुद्ध विचारित किए जाएंगे।

चार मध्यप्रदेश सिविल सेवाएं (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के अंतर्गत अनर्हता :-

अ. कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध-दोष ठहराया गया हो, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परंतु जहां किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उनकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाएगा।

ब. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं होगा।

पांच **महत्वपूर्ण** :- यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन-पत्र भरें। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र जारी करने अथवा साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

छः **आयु सीमा** :- 32 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 45 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो।

आयु सीमा में छूट :- मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-07-46/2021/आ.प्र./एक, दिनांक 18.09.2022 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को उपरोक्त अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। अतः सभी अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 48 वर्ष होगी। आयु सीमा में अन्य कोई छूट देय नहीं होगी।

सात **आयु संगणना तिथि** : 01.01.2023

आठ **अधिवार्षिकी आयु** : 62 वर्ष

नौ **चयन प्रक्रिया** :-

चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। अभ्यर्थियों की संख्या 500 से कम होने की स्थिति में स्नातकोत्तर परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विज्ञापित पदों हेतु 36 तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा बशर्ते कि पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध हों।

साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर अंतिम चयन सूची घोषित की जाएगी। साक्षात्कार हेतु पूर्णांक 100 होगा। अनारक्षित तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु 41% तथा मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी हेतु 31% न्यूनतम उत्तीर्णांक होंगे।

टीप :-

(1) अभ्यर्थियों की संख्या 500 से अधिक होने की स्थिति में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों/उप श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक नहीं होंगे।

(2) लिखित परीक्षा की स्थिति में परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम यथासमय आयोग की वेबसाइट **mppsc.mp.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा।

चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग को चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।

दस **आवेदन प्रक्रिया** :- उक्त पद हेतु आवेदन-पत्र इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु इस विज्ञापन के **परिशिष्ट** का अवलोकन करें।

ग्यारह विज्ञापन के संदर्भ में आवश्यक सूचनाएं, परीक्षा के परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **mppsc.mp.gov.in** एवं रोज़गार और निर्माण समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय दिए गए E-mail Address तथा मोबाइल नंबर पर E-mail तथा SMS द्वारा आवश्यक होने पर सूचना दी जा सकेगी। आवेदक आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर विहित स्थान पर अपने सही ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें।

उप सचिव

परिशिष्ट

ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में निर्देश एवं अन्य जानकारी

1. ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश निम्नानुसार हैं :-

1. उपरोक्त पदों हेतु आवेदन-पत्र निम्न वेबसाइटों पर भरे जा सकेंगे
   1. www.mponline.gov.in
   2. mppsc.mp.gov.in
2. आवेदक mponline के स्थापित अधिकृत कियोस्कों के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भरकर कियोस्क पर ही आवेदन/परीक्षा शुल्क का नगद भुगतान कर रसीद आवश्यक रूप से प्राप्त करें तथा आवेदन-पत्र की भलीभांति जांच कर सुनिश्चित कर लें कि भुगतान हो चुका है। mponline के अधिकृत कियोस्कों की सूची **www.mponline.gov.in** तथा **mppsc.mp.gov.in** पर पता एवं फोन नंबर सहित उपलब्ध है।
3. आवेदक अपने घर पर या इंटरनेट कैफे के माध्यम से भी ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन/परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नेट बैंकिंग सुविधा धारक आवेदक नेट बैंकिंग द्वारा भी शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।
4. आवेदक फॉर्म भरने के पूर्व अपने नवीनतम फोटोग्राफ की पासपोर्ट साइज की तथा हस्ताक्षर की स्केन फाइलें तैयार रखें, जिन्हें ऑनलाइन फार्म भरते समय अपलोड करना होगा। mponline के अधिकृत कियोस्क पर स्केनिंग की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है, जिसका उपयोग किया जा सकता है।

फोटो स्केनिंग के संदर्भ में आवश्यक अनुदेशः-

1. स्केनिंग हेतु पासपोर्ट साइज की नवीनतम रंगीन फोटो का प्रयोग करें।
2. फोटो खिंचवाते समय रिलेक्स स्थिति में सीधे कैमरे में देखें।
3. यदि आप चश्मे का प्रयोग करते हैं तो यह सुनिश्चित करें कि कोई रिफ्लेक्सन न हो तथा आपकी आंखें स्पष्टतः दिख रही हों।
4. टोपी, हैट तथा डार्क चश्मे स्वीकार्य नहीं हैं। सर पर पहने जाने वाले धार्मिक परिधान स्वीकार्य हैं, किन्तु उनसे आपका चेहरा नहीं ढंकना चाहिए।
5. यह सुनिश्चित करें कि फोटो का बैकग्राउंड हल्के रंग या आदर्श रूप में सफेद हो।
6. किसी और से अपनी फोटो खिंचवाएं। कृपया सेल्फी का प्रयोग न करें।

5. ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय ध्यान रखना चाहिए कि वह उक्त वेबसाइट पर दिए गए ऑनलाइन आवेदन-पत्र की प्रत्येक जानकारी अच्छी तरह समझकर सावधानीपूर्वक सही रूप में जिस प्रकार चाहा गया है उसी प्रकार जानकारी भरें। आवेदन-पत्र भरने के संदर्भ में अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध अनुदेशों तथा निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर तदनुसार ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरें।

6. आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया में यह माना जाएगा कि आवेदक द्वारा जो जानकारी ऑनलाइन फार्म में अंकित की जा रही है, वही प्रमाणिक जानकारी है, अतः ऑनलाइन आवेदन-पत्र submit करने के पूर्व आवेदक अपना आवेदन-पत्र सावधानीपूर्वक भलीभांति पढ़ एवं समझकर तथा भरी गई जानकारी से स्वयं को संतुष्ट करने के पश्चात ही आवेदन-पत्र submit करें।

7. आवेदन-पत्र submit करने के बाद खुलने वाले popup window में आवेदक को उसके द्वारा आवेदन-पत्र में उल्लिखित आधारभूत सूचनाएं अर्थात **उसका नाम, माता पिता का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी, लिंग आदि की जानकारी दी जाएगी** जिसमें त्रुटि परिलक्षित होने पर अभ्यर्थी Cancel बटन दबाकर पुनः फार्म में वापस जाकर अपेक्षित सुधार कर सकेंगे। Popup window में OK बटन दबाकर फार्म सबमिट करने पर आवेदन-पत्र के सफलतापूर्वक जमा होने की सूचना मिलेगी जिसमें उसके आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख होगा किन्तु यह Unpaid होगा।

श्री पटेल ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, जल-संसाधन और जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि हरदा को पूर्ण रूपेण सिंचित जिला बनाने के लिये त्वरित कार्यवाही करें। मोरन्ड गंजाल और होशंगाबाद बैराज परियोजना क्रियान्वयन इकाई सिवनी-मालवा के परियोजना प्रशासक ने बताया कि जिले में सिंचाई सुविधा से वंचित 118 ग्राम को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिये शहीद इलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना प्रस्तावित है।

श्री पटेल ने बताया कि प्रस्तावित परियोजना के लिये सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें। उन्होंने बताया कि उक्त परियोजना से हरदा जिले की हंडिया तहसील के 68, खिरकिया के 25, टिमरनी के 21 और हरदा तहसील के 4 गांव के किसान लाभान्वित होंगे। उक्त परियोजना से 26 हजार 890 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इससे नर्मदा जल, पाइप केनाल से किसानों को उपलब्ध हो सकेगा।

कृषि मंत्री ने मध्यप्रदेश के 67वें स्थापना दिवस पर हरदा के स्थानीय स्टेडियम पहुंच कर खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने स्टेडियम में रस्साकसी प्रतियोगिता का आनंद लिया और साथ ही क्रिकेट खिलाड़ियों को किट भी वितरित की।

स्थानीय युवाओं को रोज़गार देने वाले उद्योगों को दी जायेंगी सुविधाएं

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रायसेन जिले में एक टेक्सटाइल मेन्यूफैक्चरिंग यूनिट के अनावरण कार्यक्रम में पुरस्कार वितरित करते हुये।

रायसेन, सरकार ऐसे उद्योग को तमाम सुविधाएं और सहूलियत देगी जो प्रदेश के स्थानीय निवासियों को रोज़गार देगा। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिले की गौहरगंज तहसील के तामोट में सागर टेक्सटाइल मेन्यूफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड की 1070 करोड़ रुपये लागत की नई निवेश परियोजना के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज टेक्सटाइल इंडस्ट्री में मध्यप्रदेश देश के 10 अग्रणी राज्यों में शुमार है। उनकी कोशिश है कि प्रदेश अव्वल स्थान पर पहुंचे। वर्तमान में मध्यप्रदेश के टेक्सटाइल उत्पाद दुनिया के विभिन्न देशों में निर्यात हो रहे हैं और अपनी अलग पहचान भी बनाई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि तामोट में प्रारंभ उद्योग से प्रदेश के 3 हजार से अधिक बेटे-बेटियों को सीधे रोज़गार और बड़ी संख्या में नागरिकों को अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार मिलेगा। इस परियोजना के आने से क्षेत्र का चौतरफा विकास होगा।

श्री चौहान ने कहा कि उनका पूरा ध्यान बेटा-बेटियों और भांजे-भांजियों को रोज़गार देने पर है। अगले एक वर्ष में एक लाख सरकारी नौकरियां और हर माह करीब 2 लाख युवाओं को स्व-रोज़गार से जोड़ने की मुहिम चल रही है। मुख्यमंत्री ने सागर ग्रुप में 60 फीसदी कामगार महिलाएं होने और परिसर को नशा मुक्त बनाने पर संस्थान की तारीफ भी की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रातापानी डैम बनने से इस क्षेत्र का लगातार विकास हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। कई उत्पाद जैसे गेहूं, दलहन-तिलहन में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। कृषि में भी रोज़गार के अवसरों में वृद्धि हुई है। बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए रोज़गार बढ़ाने के लिये निवेश एवं अन्य क्षेत्रों में प्रयास करना आवश्यक है। प्रदेश के सभी अंचलों में निवेश बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में जनवरी 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और प्रवासी भारतीय सम्मेलन इंदौर में किया जा रहा है। इसमें अनेक देशों के साथ बड़े उद्योगपति शामिल होंगे। बड़े-बड़े उद्योगों में युवाओं को रोज़गार प्राप्त करने के लिये प्रदेश में आईटीआई स्थापित किये गये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तामोट क्षेत्र से मेरे बचपन की यादें जुड़ी हैं। यह क्षेत्र मेरा ननिहाल रहा है, यहां मैं महीनों रहा हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। निवेश के माध्यम से रोज़गार बढ़ाने के लिये प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश में लगातार नये निवेश लाये जा रहे हैं।

श्री चौहान ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान चला कर युवाओं को रोज़गार से जोड़ कर सुखी और समृद्ध जीवन की ओर जोड़ना है। नशा नाश की जड़ है। इसके खिलाफ अभियान चलाया गया है, जिसमें बड़े स्तर पर कार्रवाई कर हुक्का लाउंज भी ध्वस्त किये गये हैं।

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने कहा कि नवीन टेक्सटाइल परियोजना प्रारंभ होने से कई युवाओं को रोज़गार प्राप्त होगा। साथ ही क्षेत्र का चौतरफा विकास होगा। उद्योग के लिए रातापानी डैम से पानी की आपूर्ति एवं भूमि की कीमत कम करने की मांग पर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा।

मौनिया महोत्सव शासकीय कैलेण्डर में शामिल कर धूमधाम से मनाया जाएगा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान छतरपुर में आयोजित मौनिया नृत्य समारोह में शामिल हुये।

छतरपुर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने छतरपुर जिले की तहसील बिजावर के जानकी निवास मंदिर परिसर में मौनिया नृत्य समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि मौनिया महोत्सव बुंदेलखण्ड की संस्कृति को प्रदर्शित करता है। यह महोत्सव हमें आनंद और उल्लास के साथ जीवन जीने का संदेश देता है। मौनिया महोत्सव को शासकीय कैलेण्डर में शामिल कर धूमधाम से मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बिजावर में विकास कार्यों के लिए 18 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करने और सटई को तहसील बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बिजावर में पुनः सिविल अस्पताल शुरू करने, आईटीआई की स्थापना और बस स्टैण्ड एवं स्टेडियम के निर्माण और सटई के अस्पताल का उन्नयन करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाविद्यालय में इसी साल से बी.कॉम. और बीएससी की कक्षाएं शुरू होंगी। बिजावर में एकलव्य विद्यालय शुरू करने के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखण्ड क्षेत्र में अनेक तीर्थ स्थल हैं। मध्यप्रदेश का केदारनाथ कहे जाने वाले जटाशंकर धाम को पर्यटन स्थल घोषित कर रुके हुए विकास कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाएगा।

श्री चौहान ने प्रदेश पर आए गो-वंश के संकट का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार अधिक से अधिक गो-शाला बनाने के प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने समाज से गो-संरक्षण में सहयोग की अपील की। उन्होंने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की धरती पर कोई भी गरीब बिना राशन के नहीं रहेगा। अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे करा कर राहत राशि और फसल बीमा का लाभ दिलाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिन किसानों की जमीन भू-अर्जन में आएगी उन सभी को उचित मुआवजा राशि दी जाएगी। गांव-गांव के प्रत्येक घर में पाइप लाइन बिछा कर नल से पानी देने की योजना पर लगातार काम चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ कॉलेज में पढ़ाई अब हिंदी में भी होगी। उन्होंने नागरिकों को दोनों हाथ ऊपर उठवा बेटियों की सुरक्षा के लिये संकल्प दिलाये। बेटी को आने दें क्योंकि बेटी है तो कल है। बिजली और पानी की बचत करने और नशे की प्रवृत्ति से दूर रह कर अपने गांव को नशामुक्त बनाने के संकल्प दिलाये।

मध्यप्रदेश में नेशनल लोक अदालत 12 नवम्बर को लगेगी

भोपाल, आगामी 12 नवंबर को लगने वाली नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में लोक अदालत में समझौता शर्तों का मसौदा जारी कर दिया गया है। कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत लंबित प्रकरण एवं ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में दर्ज नहीं हो सके हैं, ऐसे प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा धारा 126 के अंतर्गत बनाये गये ऐसे प्रकरण जिनमें उपभोक्ताओं द्वारा अपीलीय कमेटी के समक्ष आपत्ति/अपील प्रस्तुत नहीं की गई है, की प्रीलिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिये निम्न दाव श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी।

प्रि-लिटिगेशन स्तर पर

कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात 6 माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

लिटिगेशन स्तर पर

कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक 6 माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

लोक अदालत में छूट नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी। आवेदक को निर्धारित छूट के बाद शेष बिल आकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता/उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरुद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन नहीं होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरुद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

विश्व को शाश्वत शांति का दिग्दर्शन करायेगा भारत का अद्वैत दर्शन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर में आयोजित यंग थिंकर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुये।

इंदौर, भौतिकता की अग्नि में दग्ध विश्व मानवता को शाश्वत शांति के पथ का दिग्दर्शन अपने अद्वैत दर्शन के माध्यम से भारत ही कराएगा। वर्तमान समय में विश्व जिन विवादों में घिरा है, उनका हल भारत के पास है। हमारा दर्शन विश्व शांति और विश्व-कल्याण का है। हमारी विचारधारा 'वसुधैव कुटुंबकम' एवं 'सर्वे भवंतु सुखिन:' की है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर के डेली कॉलेज में प्रज्ञा प्रवाह के संयोजन में आयोजित यंग थिंकर्स कॉन्क्लेव में कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा अद्वैत दर्शन कहता है कि प्रत्येक जड़ और चेतन में एक ही चेतना है, हर आत्मा में परमात्मा है। अहम् ब्रह्मास्मि। मैं और तुम एक हैं। सभी एक हैं। यह जानने के बाद और कुछ जानने के लिए शेष नहीं रह जाता। हम प्रकृति की पूजा करते हैं, नदियां हमारे लिए माता हैं।

श्री चौहान ने कहा कि भारत के दर्शन की गहराइयों में जाएं तो विश्व के सारे विवादों का हल भारत के पास है। जिस प्रकार हमारे शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा होते हैं, उसी प्रकार समाज के भी शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा होते हैं। पूरी धरती और उस पर रहने वाले शरीर है, सामूहिक संकल्प (मेरा देश, देश भक्ति) मन है, संविधान बुद्धि है और सबका कल्याण आत्मा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व की सारी विचारधाराएं इसी चिंतन से निकली है कि सुखी कैसे रहा जाए। पश्चिम दर्शन कहता है कि शरीर की आवश्यकता पूरी हो जाए तो मनुष्य सुखी हो जाएगा। हमारा दर्शन कहता है कि शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के समुच्चय का सुख ही पूरा सुख है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का सुख चार पुरुषार्थ अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष से प्राप्त होता है। श्री चौहान ने कहा कि मैंने बचपन में स्वामी विवेकानंद का विचार पढ़ा और वही मेरे जीवन का दर्शन बन गया। मनुष्य ईश्वर का अंश है, अमृत का पुत्र है, अनंत शक्तियों का भंडार है। ऐसा कोई कार्य नहीं जो वह नहीं कर सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में विमर्श की प्रक्रिया अनंत काल से चली आ रही है। गांव-गांव में सत्यनारायण की कथा में हम धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो, यह संकल्प लेते हैं। भारत ने विश्व की सभी विचारधाराओं का सम्मान किया है। सत्य एक है, उसे विभिन्न प्रकार से कहा जाता है। हमारे लिए सारी दुनिया एक परिवार है। वेद, उपनिषद, गीता में हमारा दर्शन है। शंकराचार्य और विवेकानंद जैसे विद्वानों ने हमारा दिग्दर्शन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय दर्शन में जीवन-यापन के जो भी तौर-तरीके बताये एवं अपनाए गये हैं, वास्तव में यदि समय रहते मानव ने अपने आपको विकासरूपी भ्रम जाल से बाहर निकालकर विश्व में शांति एवं समस्याओं के समाधान हेतु अंगीकार नहीं किया तो विश्व कल्याण की कल्पना व्यर्थ है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि एक बार पुनः विश्व में भारतीय जीवन दर्शन का डंका बजाने के लिये शंखनाद किया जाए। यंग थिंकर फोरम के श्री आशुतोष ठाकुर की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि धार की वाग्देवी की प्रतिमा को इंग्लैण्ड से वापस लाने के लिए राज्य सरकार सभी संभव प्रयास करेगी।

नई शिक्षा नीति एक गेम चेंजर पहल है - उच्च शिक्षा मंत्री

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षारम्भ समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि नई शिक्षा नीति एक गेम चेंजर के रूप में, पश्चिमी शिक्षा पद्धति को छोड़ अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने की पहल है। उन्होंने कहा कि एनईपी गुरुकुल पद्धति से प्रेरित है और आउटकम बेस्ड मल्टी-डिस्प्लेनरी अप्रोच की बात करती है।

डॉ. मोहन यादव ने नव प्रवेशित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा का स्वरूप वर्तमान परिस्थिति में बदल गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा और शोध की गुणवत्ता और कौशल पर जोर देती है, सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक विरासत को शिक्षा का अधिकार बनाती है और ऐसी शिक्षा की बात करती है, जिसमें विद्यार्थी का चहुंमुखी विकास हो। उन्होंने कहा कि नए विद्यार्थियों का दीक्षारम्भ जहां शिक्षा सीखने के अधिकार की बात करता है, वहीं दीक्षा भारत की पुरानी परंपरा के अनुसार सीखने के अधिकार के साथ दायित्व और कर्तव्यों की बात भी करती है।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस.के. जैन ने कहा कि दीक्षारम्भ करने वाले विद्यार्थी विश्वविद्यालय का अभिन्न अंग बन कर नए कीर्तिमान स्थापित करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ये संकल्प लें कि जितने वर्ष हम विश्वविद्यालय में इन्वेस्ट कर रहे हैं तो आउटपुट भी बेहतरीन ही होगा। यूआईटी के निर्देशक प्रोफेसर नीरज गौर ने विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों और विश्वविद्यालय में चल रहे इंक्यूबेशन सेंटर की जानकारी दी।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'चार कदम तकनीकी की ओर' पत्रिका का विमोचन किया। इस अवसर पर श्री यादव ने 8 विद्यार्थियों को ऑफर लेटर भी प्रदान किये।

मतदाता सूची में 18 वर्ष से अधिक के युवाओं का नाम जोड़ने करें विशेष प्रयास

भोपाल, मध्यप्रदेश में 9 नवंबर से शुरू होने वाले मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की तैयारी के संबंध में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री राजेश कुमार कौल ने समस्त उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्वीप गतिविधियों से जागरूकता लाकर 18 वर्ष से अधिक के युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। श्री कौल ने कहा कि जहां बीएलओ नियुक्त नहीं हैं वहां उनकी नियुक्ति की जाए। संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्र में बैठें। निरीक्षण के लिए जिला स्तर पर टीम भी गठित करने के निर्देश दिए गए।

मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के कार्य में होने वाली गतिविधियों को लेकर नेशनल लेवल के मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर डॉ. पी.एन. सनेसर ने ऑनलाइन सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। फॉर्म 6, 6 ख, 7 और 8 के बारे में जानकारी दी।

इन बिंदुओं पर हुई चर्चा

1. नए मतदान केंद्रों पर बीएलओ की नियुक्त।
2. नए मतदान केंद्रों के 6 प्रकार के नक्शों को तैयार कर गरुड़ा एप से अपडेट करना।
3. राजनैतिक दलों के साथ बैठक कर प्रारूप प्रकाशन की एक मुद्रित प्रति और एक सॉफ्ट प्रति (फोटो रहित) उपलब्ध कराना।
4. बीएलओ द्वारा किए जाने वाले कार्यों का फील्ड स्तर पर निरीक्षण एवं समय-समय पर समीक्षा।
5. रोल प्रेक्षक के भ्रमण कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार।

कल्चरल फेस्ट

मध्यप्रदेश के जनजातीय विद्यार्थियों ने पाया देश में तीसरा स्थान

बेंगलुरु, केन्द्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत देश के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) के लिए बेंगलुरु में आयोजित तीसरे नेशनल कल्चरल फेस्ट में मध्यप्रदेश ने देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। तीन दिवसीय फेस्ट में देश के हजारों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 13 विभिन्न विधाओं में मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई। मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के अधीन संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लगभग 80 जनजातीय विद्यार्थियों ने फेस्ट में यह उपलब्धि प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में हुए प्रदेश के विद्यार्थियों को भव्य समारोह में पुरस्कार वितरित किए गए।

ईएमआरएस इंदौर की साक्षी मयड़िया और राजाराम ने प्रश्नोत्तरी में पहला स्थान प्राप्त किया। साक्षी ने अंग्रेजी भाषण में भी पहला स्थान प्राप्त किया। हिन्दी वाद-विवाद में ईएमआरएस इंदौर की वैष्णवी वास्कले और पीवीटीजी, ईएमआरएस इंदौर की नेहा यशवंत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी वाद-विवाद में ईएमआरएस इंदौर के सौम्य राय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ईएमआरएस इंदौर की हिमांगी खपड़े ने स्पेल-बी में दूसरा स्थान हासिल किया। ईएमआरएस बड़वानी के कार्तिक डोडवे ने हिन्दी भाषण में दूसरा और ईएमआरएस पाली के तीरथ सिंह ने काव्यपाठ में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

ईएमआरएस बुदनी की भारती बिघेले ने उप शास्त्रीय गायन में द्वितीय स्थान और ईएमआरएस घंसौर के आशीष मिश्र ने शास्त्रीय गायन में तीसरा स्थान प्राप्त किया। देशभक्ति समूह गायन में ईएमआरएस बड़वानी का दल तृतीय रहा। जनजातीय एकल गीत गायन में ईएमआरएस बुदनी की रंगिता ने पहला मुकाम हासिल किया।

खेती के साथ अलग-अलग सेक्टर के उद्योग लगाये जायेंगे - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान पन्ना में 2800 करोड़ रुपये की लागत से बने जे.के. सीमेंट प्लांट का लोकार्पण करते हुये।

पन्ना, मध्यप्रदेश के विकास के लिए उद्योग आवश्यक हैं। कृषि क्षेत्र में प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। गेहूं के उत्पादन में भी प्रदेश देश में नंबर वन हो गया है। सरकार कृषि क्षेत्र में हर सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। युवाओं को रोज़गार देने के लिए खेती के साथ उद्योग आवश्यक है। खेती के साथ प्रदेश में अलग-अलग सेक्टर के उद्योग लगाए जाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पन्ना जिले के हरदुआ केन में 2800 करोड़ रुपये की लागत के जे.के. सीमेंट प्लांट का लोकार्पण करते हुये कहीं। प्लांट से 1000 लोगों को सीधे और 10 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में होने वाली इन्वेस्टर मीट में विश्व के अनेक देश से उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के विकास के लिए हरसंभव प्रयास और लगातार काम कर रही है। पन्ना जिले में उद्योग की अनंत संभावनाएं हैं। जो भी सहयोग आवश्यक होगा, सरकार देने के लिए कृत-संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के साथ ही यहां की जनता भी उद्योगपतियों को उद्योग लगाने में सहयोग करे। उद्योग आने से क्षेत्र में समृद्धि आती है और हजारों लोगों को रोज़गार भी मिलेंगे। उद्योग आने से आने वाले समय में क्षेत्र की आर्थिक दशा बदल जाएगी।

श्री चौहान ने कहा कि पन्ना जिले में अगले शिक्षा सत्र से कृषि महाविद्यालय शुरू किया जाएगा। सिंघानिया ग्रुप द्वारा आईटीआई प्रारंभ की जा रही है, इसमें स्थानीय युवाओं को काम सिखाए जाएंगे और रोज़गार के अवसर भी मिलेंगे। इसके लिए उन्होंने सिंघानिया ग्रुप को धन्यवाद दिया। उद्योग नीति एवं निवेश संवर्धन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने सिंघानिया परिवार को बधाई देते हुए कहा कि रिकॉर्ड अवधि में सीमेंट प्लांट तैयार कर उत्पादन प्रारंभ किया गया है।

खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा यह दिन पन्ना जिले के लिए ऐतिहासिक है। आज क्षेत्र को एक बड़े उद्योग की सौगात मिली है, जो मुख्यमंत्री की सफल आर्थिक नीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अब पन्ना उद्योग विहीन नहीं रहा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एफएसएसएआई से भोपाल दुग्ध संघ को मिला ए प्लस ग्रेड

भोपाल, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा भोपाल सहकारी दुग्ध संघ को विभिन्न मानकों के आधार पर 106 में से 101 अंक दिये गये हैं। प्रदेश के किसी भी दुग्ध संघ को पहली बार इतने अंक प्राप्त हुए हैं। भोपाल दुग्ध संघ को ऑडिट में ए प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है। दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी.एस. तिवारी ने बताया कि पिछले वर्ष भी दुग्ध संघ को 96 अंकों के साथ ए+ ग्रेड मिला था। ए प्लस ग्रेड के लिए 95-106 अंक श्रेणी सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निर्धारित है। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल ने भोपाल दुग्ध संघ को लगातार भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा ए प्लस ग्रेड और ऑडिट में 5 अंक की वृद्धि के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है।

करदाताओं का विकास में महत्वपूर्ण योगदान - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश के विकास में करदाताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश की आर्थिक प्रगति को नए आयाम मिल रहे हैं। उद्योग और व्यापार क्षेत्र के सहयोग के साथ नागरिकों की भागीदारी से हम वैभवशाली, समृद्ध और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में लगे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में भामाशाह सम्मान समारोह में सर्वाधिक कर जमा करने वाले संस्थानों के उद्योग और व्यवसाय क्षेत्र के प्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुये कहीं। समारोह में वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए 5-5 श्रेणियों के कुल 10 पुरस्कार प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी वर्ष से छोटे करदाताओं को भी पृथक श्रेणी में पुरस्कृत किया जाएगा। श्री चौहान ने पुरस्कृत औद्योगिक और व्यापारिक संस्थानों को बधाई देते हुए समस्त करदाताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और उनका अभिनन्दन किया।

श्री चौहान ने कहा कि ईमानदारी से धन अर्जित करने और ईमानदारी से टैक्स जमा करने का कार्य महत्वपूर्ण सेवा है। मध्यप्रदेश की विकास दर 19.76 प्रतिशत है। मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय जो वर्ष 2003 में 13 हजार थी, अब एक लाख 47 हजार रुपये हो गई है। भारत की अर्थ-व्यवस्था में मध्यप्रदेश का योगदान 3.6 प्रतिशत से बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के खजाने को भरने में उद्योग और व्यापार जगत का महत्वपूर्ण योगदान है। जनता के कल्याण और बुनियादी सुविधाओं के विकास का कार्य टैक्स से प्राप्त आय से आसान होता है। अर्थ का अभाव और प्रभाव दोनों अनुचित हैं। लेकिन ईमानदारी के साथ अर्थ कमाना महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभाग आय वृद्धि के लिए प्रयास करें। करों से प्राप्त आय समाज को ताकत प्रदान

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में भामाशाह सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये।

करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग, व्यापार जगत से प्राप्त सुझावों पर क्रियान्वयन किया जाएगा। श्री चौहान ने जनवरी माह में इंदौर में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और प्रवासी भारतीय सम्मेलन के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लघु और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्लस्टर्स बनाए जा रहे हैं।

उज्जैन में सामान्य वर्ग के लिए बढ़ाएंगे सुविधाएं

श्री चौहान ने कहा कि श्री महाकाल लोक के प्रथम चरण के उद्घाटन के बाद उज्जैन में होटलों की संख्या बढ़ रही है। सामान्य वर्ग यहां आगमन के बाद रहने की समस्या से परेशान न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। श्री महाकाल लोक के लोकार्पण के बाद उज्जैन और निकटवर्ती अंचल की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है।

वित्त और वाणिज्यिक कर मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि करों का भुगतान समय पर ईमानदारी से कर प्रदेश के विकास में सहयोग देने वाले उद्योगपतियों और व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के मध्यप्रदेश को अग्रणी प्रांत बनाने के संकल्प में भी सहयोग दिया है। प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर श्रीमती दीपाली रस्तोगी ने प्रदेश में कुशल कर प्रशासन, कर अपवंचन रोकने में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग और सरल हिन्दी के माध्यम से करदाताओं को ऑनलाइन सुविधा प्रदान करने के प्रयासों की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 'मेघा वैलकम किट' पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही व्हाट्सएप आधारित हिन्दी चैट बॉट का लोकार्पण किया गया।

इन्हें मिले पुरस्कार

वर्ष 2020-21 के लिए जो व्यवसायी पुरस्कृत किए गए, उनमें 500 करोड़ रुपये से अधिक टर्न ओवर की श्रेणी में 10 लाख रुपये का पहला पुरस्कार व्ही.ई. कमर्शियल पीथमपुर और 7 लाख रुपये का दूसरा पुरस्कार अल्ट्राटेक सीमेंट जावद जिला नीमच को दिया गया। इसी तरह 50 करोड़ से 500 करोड़ अनधिक श्रेणी में पहला पुरस्कार 7 लाख रुपये प्रेम मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, ग्वालियर को और 5 लाख रुपये का दूसरा पुरस्कार सीएट लिमिटेड इंदौर को दिया गया। डेढ़ करोड़ से 50 करोड़ से अनधिक टर्न ओवर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार 5 लाख रुपये क्षिप्रा एंड कंपनी प्रा.लि. उज्जैन को और द्वितीय पुरस्कर 3 लाख रुपये सुपर एजेंसी जबलपुर को दिया गया। इसी प्रकार डेढ़ करोड़ रुपये से कम टर्न ओवर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये ईएमआयएल माइंस एंड मिनरल रिसोर्सेस लि. भोपाल को और द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपये टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड बैढ़न सिंगरौली को दिया गया। शासकीय विभाग, सार्वजनिक उपक्रमों की श्रेणी में एलआईसी भोपाल को प्रथम पुरस्कार 3 लाख रुपये और द्वितीय पुरस्कार मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे जबलपुर को दो लाख रुपये से पुरस्कृत किया गया।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए भामाशाह पुरस्कार भी पांच श्रेणियों में दिए गए। डेढ़ करोड़ रुपये से कम टर्न ओवर की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये का टीएचडीसी इंडिया लि बैढ़न, सिंगरौली, 50 हजार रुपये का द्वितीय पुरस्कार उमरिया की चोंगले एंड कंपनी प्राइवेट लि. को दिया गया। इसी तरह डेढ़ करोड़ से 50 करोड़ रुपये तक के टर्न ओवर का पांच लाख का प्रथम पुरस्कार छिंदवाड़ा की अक्षित ऑटो एजेंसीज और तीन लाख का दूसरा पुरस्कार पीथमपुर की एसईजी ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लि. को दिया गया। इसी तरह 50 करोड़ से 500 करोड़ रुपये तक टर्न ओवर में 7 लाख रुपये का पहला पुरस्कार सीएट लि. इंदौर और पांच लाख रुपये का दूसरा पुरस्कार इंदौर के जेके सीमेंट कंपनी को दिया गया। इसी प्रकार 5 सौ करोड़ से अधिक टर्न ओवर पर 10 लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार लार्सन एंड टुब्रो लि. इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्टिकल भोपाल को और 7 लाख रुपये का दूसरा पुरस्कार जावद नीमच के अल्ट्राटेक सीमेंट लि. को प्रदान किया गया। शासकीय विभाग और सार्वजनिक उपक्रमों की श्रेणी का 3 लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार इंडियन आइल कॉर्पोरेशन लि. भोपाल को और 2 लाख रुपये का द्वितीय पुरस्कार जवलपुर के इंडियन रेलवे फायनेंस कॉरपोरेशन लि. को मिला।

26 प्रतिशत अधिक मिला राजस्व

आयुक्त वाणिज्यिक कर श्री लोकेश जाटव ने बताया कि प्रदेश में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष जीएसटी से 26 प्रतिशत अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्ष 2017-18 में जीएसटी से 9 हजार 800 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था, जो वर्ष 2021-22 में बढ़ कर 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। जीएसटी के अंतर्गत वर्ष 2017-18 में 3 लाख 84 हजार करदाता थे जो बढ़ कर 5 लाख से अधिक हो गए हैं। मुख्यमंत्री के आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के संकल्प की पूर्ति के लिए राजस्व संग्रहण वृद्धि में सफलता मिली है। मध्यप्रदेश में राज्य स्थापना के समय 5 करोड़ रुपये राजस्व संग्रहण था। वर्तमान में यह 49 हजार करोड़ रुपये है। वाणिज्यिक कर विभाग के 86 वृत्त प्रदेश में कार्य कर रहे हैं। विभाग द्वारा हेल्प डेस्क भी प्रारंभ की गई है। कार्यों में मानवीय हस्तक्षेप कम से कम है।

मादक पदार्थों की रोकथाम के लिये सख्त कदम उठायेंगे - गृह मंत्री

भोपाल, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने प्रदेश को नशामुक्त बनाने मादक पदार्थों की रोकथाम के लिये सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। भोपाल में सम्पन्न हुई एक बैठक में डॉ. मिश्रा ने अन्य प्रदेशों के अपराधियों की संलिप्तता पर विवेचना का जिम्मा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को सौंपने की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुलिस, एनसीबी, सीबीएन एवं अन्य केंद्रीय संस्थाओं के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित किया जाये। बैठक में पुलिस के लिये 'वन नेशन-वन यूनिफार्म' पर सहमति व्यक्त की गई।

डॉ. मिश्रा ने नशे को रोकने के लिये मादक पदार्थों के अवैध व्यापार के विरुद्ध पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही को और तेज करने को कहा। उन्होंने कहा कि 'बिन भय होय न प्रीत' की तर्ज पर कार्य करना होगा। मादक पदार्थों का अवैध व्यापार करने वाले अपराधियों में खौफ होना जरूरी है। मादक पदार्थों के अवैध व्यापार में पकड़े गये मणिपुर और गुवाहाटी के अपराधियों पर कार्यवाही और विवेचना के लिये प्रकरण को आवश्यक कार्यवाही कर एनसीबी को सौंपने के निर्देश दिये गये। डॉ. मिश्रा ने मादक पदार्थों की रोकथाम के लिये सोशल मीडिया के जरिये भी जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर जोर दिया। साथ ही लघु फिल्म बनवा कर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के निर्देश दिये।

गृह मंत्री ने शीघ्र ही जिला स्तर पर नाकों को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एन-कोर्ड) की बैठकें करने के निर्देश दिये। कलेक्टर की अध्यक्षता में इन बैठकों में जिला आबकारी अधिकारी को भी बुलाने के निर्देश दिये गये। डॉ. मिश्रा ने कहा कि अपराध विवेचना में निदान पोर्टल जैसे तकनीकी माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाये।

डॉ. मिश्रा ने मादक पदार्थों का अवैध व्यापार करने वालों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की तरह ही पीट एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बताया गया कि एनडीपीएस एक्ट में प्रदेश में 16 हजार 945 आरोपी हैं। इनमें एक बार से अधिक अपराध करने वाले 1200, दो बार से अधिक 1000, तीन बार से अधिक 130, चार बार से अधिक 35 और पांच बार से अधिक अपराध करने वाले 20 आरोपी शामिल हैं।

टूरिस्ट पुलिस के लिये गोवा पुलिसिंग का करें अध्ययन

गृह मंत्री ने प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को समुचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिये गोवा पुलिसिंग सिस्टम का अध्ययन करने के निर्देश दिये। उन्होंने टूरिस्ट पुलिस व्यवस्था के लिये देश और प्रदेश के आने वाले पर्यटकों की संख्या, विभिन्न भाषाएं बोलने वाले पर्यटकों की समुचित जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिये। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह जानकारी मिलने पर ही बेहतर इंतजाम किये जा सकेंगे।

डॉ. मिश्रा ने जवानों की बुनियादी समस्याओं के निवारण के लिये जीरो पॉइंट पर जाकर विचार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुलिस के जवान मुश्किल परिस्थितियों में निरंतर कार्य करते हैं। इसका प्रभाव उनकी क्षमताओं के साथ ही परिवार पर भी पड़ता है। पुलिस जवानों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

खरगोन जिले की पारेषण क्षमता में बढ़ोतरी

खरगोन, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने 220 के.व्ही. अति उच्च दाब सब स्टेशन बड़वाह में 160 एम.व्ही.ए. क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर खरगोन जिले की पारेषण क्षमता में वृद्धि की है। इस क्षमता वृद्धि से समूचे निमाड़ क्षेत्र की विद्युत पारेषण व्यवस्था को उल्लेखनीय फायदा पहुंचेगा।

मुख्य अभियंता श्री राज किशोर खंडेलवाल ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से निमाड़ क्षेत्र के खरगोन जिले में क्रियाशील 12 अति उच्चदाब सबस्टेशनों को फायदा पहुंचेगा, साथ ही उपभोक्ताओं को उचित गुणवत्ता की बिजली पर्याप्त वोल्टेज पर उपलब्ध हो सकेगी।

श्री खंडेलवाल ने जानकारी दी कि इस नए 160 एम.व्ही.ए. क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर लगने से जिले की पारेषण क्षमता बढ़कर 1761 एम.व्ही.ए. की हो गई है। खरगोन जिले में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के 12 अति उच्च ताप सब स्टेशनों से विद्युत आपूर्ति की जाती है। इन सब स्टेशनों में 220 के.व्ही. के 2 अति उच्च दाब सबस्टेशन तथा 132 के.व्ही. के 10 अति उच्च दाब सबस्टेशन क्रियाशील हैं।

1968 में खरगोन जिले में ऊर्जीकृत हुआ था पहला अति उच्चदाब सबस्टेशन

खरगोन जिले में 54 वर्ष पहले 28 नवम्बर 1968 को पहला 132 के.व्ही. अति उच्च दाब सबस्टेशन बड़वाह में ऊर्जीकृत हुआ था। उस समय उसकी क्षमता 12.5 एम.व्ही.ए. की थी, जो अब बढ़कर 132 के.व्ही. साइड 143 एम.व्ही.ए. की हो गई है। खरगोन में दूसरा सबस्टेशन 1972 में तथा छोटी खरगोन में 1973 में तीसरा सबस्टेशन ऊर्जीकृत किया गया था।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर ज़िलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों
पर उपलब्ध

चर्चा

जॉर्जिया मेलोनी

इटली की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं

नव फासीवादी विचारों से जुड़ी पार्टी की नेता जॉर्जिया

मेलोनी ने इटली की पहली दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण कर ली है। 45 वर्षीय मेलोनी इटली की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। उनकी ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी को राष्ट्रीय चुनाव में सबसे ज्यादा मत मिले थे। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद राष्ट्रपति सर्गिओ ने उनके शपथ पत्र पर संविधान संरक्षक के तौर पर हस्ताक्षर किए।

इटली

तीसरी नीलामी में भी नहीं बिका 16वीं शताब्दी का घर

इटली की राजधानी रोम में दुनिया के सबसे महंगे घरों में

से एक कसीनो डेल ऑरोरा की नीलामी की तैयारी बार-बार होती है, लेकिन इसे कोई भी खरीद नहीं पा रहा है। यह एकमात्र घर है जिसकी छत पर महान पेंटर कारवागियो की पेंटिंग्स बनी है। 30 हजार स्क्वायर फीट में बना यह घर 16वीं शताब्दी का है। यह घर कभी शिकारियों के लिए हंटिंग लॉज हुआ करता था। पहली नीलामी के दौरान इस घर की कीमत 3800 करोड़ रुपए थी, लेकिन तीसरी नीलामी में कीमत 1900 करोड़ थी।

यॉर्कमिन्स्टर चर्च

नॉर्दर्न लाइट्स से चमका

इंग्लैंड का यॉर्कमिन्स्टर दुनिया के सबसे बड़े गोथिक



चर्च में से एक है। इस साल चर्च को नॉर्दर्न लाइट्स के पुरस्कार विजेता रॉस एग्टन ने प्लेटिनम एंड लाइट थीम पर सजाया है। इस दौरान इस चर्च को नॉर्दर्न लाइट्स और प्रोजेक्शन 4डी लाइटिंग और ध्वनि से सराबोर किया गया है। आठ दिनों के लाइटिंग शो का समापन भी धूमधाम से हुआ। 2019 में भी यह आयोजन हुआ था, लेकिन कोरोना के कारण पिछले दो वर्ष से यह नहीं हुआ है। इस साल रिकॉर्ड तोड़ सैलानी इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

घोड़ों के जूते लॉन्च

कीमत एक लाख रुपए

अमेरिका में शू आर्टिस्ट मार्कस फ्लॉयड ने घोड़ों के लिए



अनूठा जूता डिजाइन किया है जिसे एक कंपनी ने बनाया है। इन जूतों को 24 अक्टूबर को मार्केट में लॉन्च कर दिया गया है। इनकी कीमत तकरीबन 1 लाख रुपए रखी गयी है। रिपोर्ट के मुताबिक इसका डिजाइन और इसमें इस्तेमाल की जाने वाली चीजें एयर जॉर्डन, यीजी और न्यू बैलेंस जैसे ब्रांड की होगी।

इनगर वैलेनटिन ने

1 घंटे में 249 कप चाय बनाकर रिकॉर्ड बनाया

साउथ अफ्रीका की इनगर वैलेनटिन ने 1 घंटे में 249 कप चाय बनाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। वैलेनटिन ने इस रिकॉर्ड को सिर्फ अपने शौक के लिए नहीं बनाया है, दरअसल साल 2018 में साउथ अफ्रीका

के वुपर्थल में पहाड़ों पर स्थित जंगल में लगी आग रिहायशी इलाकों में भी फैल गई, जिससे 200 लोगों के घर जलकर राख हो गए थे, जिसमें वे भी शामिल थी। अब लोगों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए उन्होंने चाय बनाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना डाला।

एलिजाबेथ जोन्स

भारत में अमेरिका की अंतरिम राजदूत बनीं

अमेरिका ने विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी

एलिजाबेथ जोन्स को भारत में अमेरिका का अंतरिम प्रभारी राजदूत नियुक्त किया है। जिससे वह दुनिया की सबसे अहम द्विपक्षीय भागीदारी को मजबूत करने के साथ और विस्तार दे सकें। 74 वर्षीय जोन्स हाल ही में अफगान पुनर्वास के समन्वयक के रूप में कार्य कर चुकी हैं।

बाली में

दस साल तक रह सकेंगे विदेशी टूरिस्ट

इंडोनेशिया के बाली में पर्यटकों को लुभाने नई स्कीम

तैयार की गई है। इसका नाम सेकेंड होम वीजा है। इसके तहत पर्यटकों को 10 साल तक बाली में रहने का मौका मिलेगा। पर्यटक यहां काम भी कर सकते हैं। उन लोगों के लिए 5 और 10 साल की सेकेंड होम वीजा सुविधा को लॉन्च किया है, जिनके बैंक खातों में 1,30,000 डॉलर हैं। वीजा के लिए प्रोफेशनल, रिटायर्ड और अमीर भी आवेदन कर सकते हैं।

डॉक्टर अविनाश गुप्ता

न्यूजर्सी में सम्मानित हुए

सार्वजनिक स्वास्थ्य और समाज सेवा, विशेष रूप से



भारत और अमेरिका में कोविड संबंधी राहत और मानवीय कार्यों के लिए एक प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकी डॉक्टर अविनाश गुप्ता को सम्मानित किया गया है। न्यूजर्सी स्थित मोनमाउथ मेडिकल स्टाफ के प्रेसिडेंट-इलेक्ट डॉक्टर अविनाश को मानवीय सम्मान दिया गया है। जानकारी के अनुसार सामुदायिक समूहों से जुड़ना और अन्य लोगों की मदद करने जैसे गुणों के कारण ही उनको सम्मानित किया गया है।

नवजीत कौर बराड़

कनाडा में पहली बार सिख महिला पार्षद

भारतीय मूल की कनाडाई स्वास्थ्यकर्मी नवजीत कौर

बराड़ कनाडा के ब्राम्पटन शहर में पार्षद निर्वाचित हुई हैं। वह पगड़ी बांधने वाली पहली सिख महिला हैं, जो इस पद पर पहुंची हैं। वह हाल के निगम चुनाव में वार्ड दो और छह से चुनाव जीती हैं। उन्हें इस चुनाव में 28.85 प्रतिशत मत मिले। 3 बच्चों की मां बराड़ पेशे से रेस्पिरेटरी थेरेपिस्ट हैं।

थाईलैंड में

दुनिया का सबसे छोटा चमगादड़

दुनिया का सबसे छोटा बम्बलखी बैट थाईलैंड में

पाया जाता है। दुनिया की 1,200 से अधिक चमगादड़ों की प्रजातियों में यह 29-33 मिली मीटर और वजन 2 ग्राम का सबसे छोटा बैट है। औसत आकार के अलावा इसका पंख 170 मिलीमीटर का है। 1973 में थाई - जीव वैज्ञानिक किट्टी थोंगलोंग्या ने पहली बार इसे खोजा था और इस प्रजाति को अपना आधिकारिक नाम बम्बलबी बैट दिया था।

लिज ट्रस को

प्रतिवर्ष मिलेंगे 1 करोड़ रुपए

लिज ट्रस ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद पर 45 दिन तक

रहने के बाद इस्तीफा दे दिया है। केवल 45 दिनों तक प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करने के एवज में उन्हें जीवनभर करीब एक करोड़ रुपये सालाना भुगतान किया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार उन्हें 115,000 यूरो (1.06 करोड़ रुपए) का वार्षिक भुगतान किया जाएगा। ट्रस को जीवन भर हर साल जो पैसा मिलेगा उसका भुगतान करदाता के पैसे से किया जाएगा।

डेनमार्क में

दुनिया का पहला एआई बेस्ड राजनीतिक दल तैयार

डेनमार्क में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)

आधारित पार्टी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। यह दुनिया की पहली ऐसी पार्टी है जिसका नेता एआई चैटबॉस लार्स है। राजनीतिक समस्याओं का हल निकालने के लिए इसकी स्थापना एआई चैटबॉस लार्स और गैर-लाभकारी संगठन माइंड फ्यूचर फाउंडेशन ने इसी साल मई में की थी। यह पार्टी नवंबर के आम चुनाव में कुछ सीटें जीतने की उम्मीद भी जता रही है।

रोमानिया में

नमक की खदान में सिविल डिफेंस सेंटर बनेगा

रोमानिया के सलीना तुर्दा की नमक खदानों को 1932 में



बंद कर दिया था। इसे मनोरंजन पार्क में बदला गया था, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते इसे सिविल डिफेंस सेंटर बनाया जा रहा है। यूक्रेन पर रूस परमाणु हमला कर सकता है इसे ध्यान में रखते हुए यूरोपीय देश खतरों से बचने के लिए सिविल डिफेंस सेंटर प्राथमिकता के आधार पर बना रहे हैं।

न्यूजीलैंड में

गायों की डकार पर लगेगा टैक्स

न्यूजीलैंड में गायों की डकार और अन्य ग्रीन हाउस गैसों

के उत्सर्जन पर कर लगाने की सरकार की योजना का लगातार विरोध हो रहा है। किसानों ने देशभर में 50 से अधिक जगह विरोध किया। गायों के डकार लेने से मीथेन गैस निकलती है जिससे प्रदूषण फैलता है। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने देश को 2050 तक कार्बन उत्सर्जन मुक्त बनाने की घोषणा के चलते पशुमालिकों पर उक्त टैक्स लगाने की घोषणा की है।

स्विट्जरलैंड में

दुनिया की सबसे लंबी पैसेंजर ट्रेन

प्राकृतिक खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध स्विट्जरलैंड अब

दुनिया की सबसे लंबी पैसेंजर ट्रेन के लिए भी जाना जाएगा। स्विट्जरलैंड ने हाल ही में रिकॉर्ड 1.9 किलोमीटर की लंबी पैसेंजर ट्रेन चलाने का दावा किया है। वहीं स्विट्जरलैंड की रैटियन रेलवे ने दावा किया है कि यह दुनिया की सबसे लंबी ट्रेन है। इस ट्रेन में 100 डिब्बे हैं, जिनमें कुल 4550 सीटें हैं।

जूली कोजैक

आईएमएफ जनसंपर्क प्रभाग की प्रभारी बनीं

अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने संगठन में दो दशक से कार्यरत अर्थशास्त्री जूली कोजैक को जनसंपर्क प्रभाग का प्रमुख बनाया है। यह घोषणा इस बहुपक्षीय वित्तीय संगठन की महानिदेशक क्रिस्टालिना जार्जीवा ने की। कोजैक अमेरिका की नागरिक हैं। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट



उपाधि हासिल की है। सुश्री जार्जीवा ने उनकी नियुक्ति पर उनका स्वागत करते हुए ट्विटर पर लिखा है, मुद्राकोष के बारे में जूली की गहरी समझ है। उनके विचारों की स्पष्टता, हमारे सदस्यों का ध्यान तथा समकक्ष लोगों के संवाद करने की उनकी क्षमता को देखते हुए हम कह सकते हैं कि यह काम अच्छे हाथों में है।

स्मृति शेष

मशहूर चित्रकार नील पवन बरुआ का निधन

मशहूर चित्रकार नील पवन बरुआ का 86 वर्ष

की उम्र में गुवाहाटी में निधन हो गया। वे उम्रजनित बीमारियों से पीड़ित थे। 1960 में वे कला की शिक्षा लेने के लिए कोलकाता शांति निकेतन गए थे।

प्रसिद्ध फ्रांसीसी चित्रकार पियरे सोलेजेस का निधन

फ्रांसीसी चित्रकार पियरे सोलेजेस का 102 वर्ष



की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद काले रंग से चित्र बनाकर अलग पहचान बनाई। वह 1919 में दक्षिण फ्रांस में जन्मे थे। उनके 100वें जन्मदिन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। अमेरिका, ब्रिटेन, जापान सहित कई देशों ने उन्हें पुरस्कृत किया था।

अमेरिका के पूर्व रक्षा मंत्री एश्टन कार्टन का निधन

भारत और अमेरिका के बीच आधुनिक सुरक्षा



के वास्तुकार अमेरिका के पूर्व रक्षामंत्री एश्टन कार्टन का 68 साल की उम्र में निधन हो गया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे एक भौतिक विज्ञानी और 25 वर्ष तक राष्ट्रीय सुरक्षा क्षेत्र के नेता रहे हैं। उन्होंने अमेरिका के 25वें विदेश मंत्री के पद पर अपनी सेवाएं दी थीं।

मशहूर स्काईडाइवर रिचर्ड शेफील्ड का निधन

विश्व के मशहूर स्काईडाइवर 55 वर्षीय रिचर्ड



शेफील्ड का एक हादसे में निधन हो गया है। जब वे टेनेसी हाईस्कूल के फुटबाल गेम में स्काई डाइविंग कर रहे थे उसी वक्त यह हादसा हुआ। रिचर्ड टेनेसी के वाशिंगटन काउंटी की स्काई डाइविंग टीम के सदस्य भी थे।

रेड बुल फॉर्मूला वन टीम के मालिक डायट्रिच का निधन

ऑस्ट्रियाई अरबपति और रेड बुल फार्मूला वन

रेसिंग टीम के मालिक व सह-संस्थापक डायट्रिच मार्टेशिट्ज का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। टेक्सास में आस्टिन में रेडबुल रेसिंग टीम ने उनके निधन की पुष्टि की है। मोटरस्पोट्स संचालन संस्था एफआईए के अध्यक्ष ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कार्यालय मुख्य अभियंता (राजधानी परिक्षेत्र)
लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ईमेल :- cepwdcapital@mp.nic.in, दूरभाष/फैक्स क्रमांक :- 0755-2551403

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 25/सा/01/विविध/रा.प./2019 (वर्ष 2022) **भोपाल, दिनांक : 21.10.2022**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
1.	2022_PWDRB_223284_1	भोपाल (संधारण सं.क्र.-2 भोपाल)	नवीनीकरण	अयोध्या बायपास भोपाल रोड का नवीनीकरण कार्य लंबाई 19.94 कि.मी.।	प्रथम	1846.59	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं
2.	2022_PWDRB_223286_1	रायसेन	प्लान	जाखा सेवासनी मार्ग का मजबूतीकरण का कार्य। लं. 8.20 कि.मी.।	द्वितीय	1089.37	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं
				योग -		2935.96	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 07.11.2022 (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता (राज. परि.)
जी-18609/47719/2022 **लोक निर्माण विभाग, भोपाल**

कार्यालय संचालक
पिछड़ा वर्ग, राज्य स्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केन्द्र
पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल

प्रदेश के पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों को राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2019 एवं राज्यसेवा परीक्षा मुख्य परीक्षा 2021 की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग हेतु विज्ञापन

आवेदन की अंतिम तिथि - 16 नवम्बर, 2022

म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा आयोजित आगामी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2019 एवं 2021 में सम्मिलित होने वाले प्रदेश के पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से मुख्य परीक्षा का परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाइट **www.bcwelfare.mp.nic.in** पर उपलब्ध हैं।

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2019 एवं राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2021 का निःशुल्क प्रशिक्षण 21.11.2022 से प्रारंभ होकर $2\frac{1}{2}$ की अवधि उपरांत दिनांक 07.02.2023 को पूर्ण होगा। भोपाल से बाहर के प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण अवधि में निःशुल्क छात्रावास सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। छात्रावास में स्थान रिक्त रहने तक यह सुविधा उपलब्ध होगी।

चयनित प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण अवधि में शासन द्वारा स्वीकृत दरों पर शिष्यवृत्ति भी उपलब्ध करायी जायेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयनित प्रशिक्षणार्थी का सतत उपस्थित होना अनिवार्य है।

प्रशिक्षण हेतु प्रवेश की शर्तें :-

1. आवेदक म.प्र. का मूल निवासी हो व म.प्र. शासन द्वारा घोषित पिछड़े वर्ग/अल्पसंख्यक वर्ग का सदस्य हो।
2. आवेदक के अभिभावक/पालक एवं स्वयं की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय क्रीमीलेयर की सीमा (रुपये 8.00 लाख) से अधिक न हो।
3. आवेदक म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2019 एवं राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2021 में सफल घोषित किया गया हो। चयनित प्रशिक्षणार्थी को संबंधित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।
4. पिछड़ा वर्ग हेतु जाति प्रमाण-पत्र केवल अधिकृत राजस्व अधिकारी के ही मान्य किये जावेंगे।
5. अल्पसंख्यक वर्ग हेतु अल्पसंख्यक वर्ग में सम्मिलित होने संबंधी स्वयं का घोषणा-पत्र मान्य होगा।
6. आवेदक को निर्धारित प्रारूप में राजस्व अधिकारी द्वारा जारी मान्य आय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत चयनित प्रशिक्षणार्थियों को पंजीयन हेतु तथा संलग्न अभिलेखों के परीक्षण हेतु प्रशिक्षण केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
8. पंजीयन के समय कॉशनमनी रुपये 500/- जमा करना अनिवार्य होगा जो प्रशिक्षण समाप्ति पर रसीद जमा करने पर वापिस कर दी जावेगी।
9. अपूर्ण, अस्पष्ट आवेदन-पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
10. प्रशिक्षण हेतु चयनित आवेदकों को चयन की सूचना पृथक से एम.एम.एस./पत्र के माध्यम से दी जावेगी।
11. आवेदकों को प्रशिक्षण केन्द्र तक आने-जाने का किराया एवं अन्य व्यय स्वयं वहन करना होंगे।
12. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ अपने बैंक खाते की पासबुक के प्रथम पृष्ठ की फोटोकॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

आवेदन पत्र कार्यालय संचालक, पिछड़ा वर्ग, राज्यस्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केन्द्र, पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल-462003 के पते पर अथवा ई-मेल के माध्यम से आई.डी. **dir.setc@gmail.com** पर भी भेज सकते हैं। पात्र आवेदकों को अभिलेखों के सत्यापन एवं पंजीकरण हेतु पृथक से सूचना दी जावेगी। दिनांक **16 नवम्बर, 2022** के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

संचालक
राज्यस्तरीय रोज. एवं प्रशिक्ष.केंद्र,
(पिछड़ा वर्ग एवं अ.सं.क.), भोपाल
दूरभाष - (0755) 2763284

आवेदन पत्र का प्रारूप
प्रशिक्षण का नाम - म.प्र. राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2019/ राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2021 का परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्ष 2022

आवेदक का फोटो जो स्व-हस्ताक्षरित हो।

1. आवेदक का नाम.....
2. पिता/पति का नाम.....
3. निवास का वर्तमान पता.....
4. स्थाई पता (पिनकोड सहित).....
5. दूरभाष/मोबाइल क्र. .....
6. जन्मतिथि.....
7. मूल निवास स्थान.....
8. पिछड़ा वर्ग जाति/उपजाति.....
   अथवा अल्पसंख्यक वर्ग जाति/उपजाति.....
9. पारिवारिक वार्षिक आय (समस्त स्त्रोतों से).....
10. आवेदक के बैंक खाते का विवरण.....
11. प्रारंभिक परीक्षा का अनुक्रमांक.....
12. शैक्षणिक योग्यताएं -

क्र.	शैक्षणिक स्तर	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/वि.वि.	श्रेणी	प्रतिशत	विशेष
1.	हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी (जन्मतिथि हेतु)					
2.	स्नातक					

नोट - क्रमांक 06 से 12 के समर्थन में अभिलेखों की स्व-प्रमाणित सत्यप्रतियां संलग्न करें।

स्थान :- **आवेदक के हस्ताक्षर**
दिनांक :- **पूरा नाम**.....

घोषणा-पत्र

मैं निष्ठापूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि :-

1. मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दी गई जानकारी तथ्यों पर आधारित एवं सत्य है।
2. मेरे ऊपर न्यायालय में किसी प्रकार का आपराधिक प्रकरण नहीं चल रहा है।
3. प्रशिक्षण अवधि में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करने पर एवं सतत अनुपस्थित रहने पर मेरा प्रवेश तत्काल निरस्त किया जा सकेगा।

स्थान :- **आवेदक के हस्ताक्षर**
दिनांक :- **पूरा नाम**.....

जी-18713/47725/2022

संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण
6वीं मंजिल विंध्याचल भवन, मध्यप्रदेश भोपाल

दूरभाष क्रमांक - 0755-2578491, ईमेल - rkvyhorti@mp.gov.in

क्रमांक/RKVY/माली प्रशिक्षण/2022-23/7377 **भोपाल, दिनांक : 28.10.2022**

विज्ञप्ति

राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना वर्ष 2022-23 अंतर्गत युवा बेरोजगारों के लिये माली प्रशिक्षण परियोजना स्वीकृत की गई है, जिसमें प्रदेश के 2500 युवा बेरोजगार युवक/युवतियों को 200 घण्टे (25 दिवसीय) माली विषयक प्रशिक्षण प्रदान किया जाकर सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदाय किया जायेगा। यह प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय एवं निःशुल्क होगा।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के इच्छुक बेरोजगार युवक/युवतियों द्वारा **दिनांक 01.11.2022 से 07.11.2022 तक** mpfsts पोर्टल वेबसाइट **https://mpfsts.mp.gov.in/mphd/#/** पर आवेदन किये जा सकते हैं। आवेदकों हेतु आवेदन एवं पात्रता की शर्तें निम्नानुसार होंगी :-

1. आवेदक की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।
2. बेरोजगार युवक/युवतियां आवेदन कर सकेंगे।
3. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को जाति प्रमाण-पत्र के आधार पर ही पात्रता होगी।
4. आवेदक किसी निजी अथवा शासकीय संस्था में कार्यरत नहीं होना चाहिये।
5. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष हो।
6. आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी।
7. प्रशिक्षणार्थी निर्धारित 200 घण्टे का प्रशिक्षण बिना रूकावट के सफलता पूर्वक पूर्ण करेगा इस बावत विभाग से अनुबंध करना होगा।

प्रशिक्षणार्थियों का चयन कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। आवेदकों की संख्या लक्ष्यों से कम होने पर लॉटरी की आवश्यकता नहीं होगी एवं प्रशिक्षणार्थियों का चयन वांछनीय शैक्षणिक अर्हता के आधार पर किया जावेगा। लॉटरी की प्रक्रिया राज्य स्तर पर गठित समिति द्वारा की जाएगी तथा चयनित प्रशिक्षणार्थियों की सूची वेबसाइट पर प्रदर्शित करते हुए आवेदकों को SMS के माध्यम से सूचित किया जावेगा।

चयनित प्रशिक्षणार्थियों को विषय वस्तु के अंतर्गत पौधशाला प्रबंधन, बुनियादी उपकरणों की पहचान एवं उनका उपयोग, लैण्ड स्केपिंग, ओरनामेंटल गार्डनिंग, कीट बीमारियां एवं उनका प्रबंधन, भूमि की जल निकासी और पोषण संबंधी आवश्यकता, उद्यानिकी फसलों का उत्पादन, फसलोत्तर प्रबंधन एवं प्रसंस्करण के संबंध में व्यवहारिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जावेगा एवं सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये जावेंगे।

संचालक
जी-18686/47723/2022 **उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मध्यप्रदेश, भोपाल**

कौशल विकास संचालनालय, मध्यप्रदेश
(मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोज़गार निर्माण बोर्ड)
(विज्ञप्ति)

क्रमांक-कौविसं/स्टेट सेल/परीक्षा/2022/1483 **भोपाल, दिनांक : 20.10.2022**

विषय :- वार्षिक एवं सेमेस्टर प्रणाली के प्रशिक्षणार्थियों को AITT सीबीटी (कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट) पूरक परीक्षा नवंबर 2022 के संबंध में।

डीजीटी नई दिल्ली द्वारा वार्षिक एवं सेमेस्टर प्रणाली के प्रशिक्षणार्थियों की AITT सीबीटी पूरक परीक्षा - नवंबर 2022 में आयोजित की जा रही है। सीबीटी परीक्षा में निम्नानुसार प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित होंगे -

1. **वार्षिक पद्धति** - सत्र 2018-19, 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में प्रवेशित एक वर्षीय पाठ्यक्रम तथा छः माह कोर्स के समस्त पूरक प्रशिक्षणार्थी।
2. **वार्षिक पद्धति** - सत्र 2018-20, 2019-21, 2020-22 एवं 2021-23 में प्रवेशित दो वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम तथा द्वितीय वर्ष के समस्त पूरक प्रशिक्षणार्थी।
3. **सेमेस्टर प्रणाली*** - सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत प्रवेशित समस्त पूरक प्रशिक्षणार्थी।

प्रशिक्षणार्थियों की सीबीटी परीक्षा दिनांक 25.11.2022 से आयोजित की जा रही है। समस्त आईटीआई पोर्टल पर सीबीटी परीक्षा शुल्क का भुगतान कर एलिजिबिलिटी पूर्ण कर सकते हैं। सीबीटी परीक्षा हेतु पेमेंट लिंक **दिनांक 25.10.2022 से 10.11.2022 तक** पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। सीबीटी परीक्षा के लिये की जाने वाली एक्टिविटी का शेड्यूल निम्नानुसार है -

S.No.	Activity	Date
1.	ncvtmis.gov.in पोर्टल पर प्रशिक्षणार्थियों की एलिजिबिलिटी पूर्ण करना।	25.10.2022 से 10.11.2022
2.	सीबीटी परीक्षा सेंटर मैपिंग।	10.11.2022 से 15.11.2022
3.	सीबीटी हॉल टिकिट।	20.11.2022 से 25.11.2022
4.	सीबीटी परीक्षा प्रारंभ।	25.11.2022

पोर्टल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हेतु NCVT-MIS Portal के 'Complaint Tool' पर शिकायत दर्ज करें।

*सेमेस्टर प्रणाली के समस्त प्रशिक्षणार्थियों के लिये डीजीटी नई दिल्ली द्वारा परीक्षा हेतु यह अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। समस्त प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से डीजीटी नई दिल्ली द्वारा चयनित परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित कराई जावेगी।

संचालक
जी-18717/47726/2022 **कौशल विकास म.प्र.**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

क्रमांक 8862/04/2021/चयन इन्दौर, दिनांक : 1 नवम्बर, 2022

सहायक संचालक संवर्ग (सामाजिक न्याय) परीक्षा-2021
चयन - सूची (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)
पदनाम - सहायक संचालक संवर्ग

1. आयोग के विज्ञापन क्रमांक 02/2021/दिनांक 08.02.2021 एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में कुल 19 पद (अनारक्षित-06, अ.जा.-03, अ.ज.जा.-03, अ.पि.वर्ग-05, ई.डब्ल्यू.एस.-02) इनमें से महिलाओं हेतु आरक्षित (अनारक्षित-02, अ.जा.-01, अ.ज.जा.-01, अ.पि.वर्ग-02, ई.डब्ल्यू.एस.-01) (कुल विज्ञापित पदों में से श्रवण बाधित दिव्यांग के लिए 01 पद आरक्षित) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए, सहायक संचालक संवर्ग (सामाजिक न्याय) परीक्षा-2021 दिनांक 23.01.2022 को आयोजित की गई। आयोग द्वारा लिखित परीक्षा परिणाम दिनांक 08.03.2022 को घोषित किया गया। उक्त परीक्षा में, सामाजिक न्याय तथा निःशक्तजन कल्याण विभाग के अंतर्गत पदनाम-सहायक संचालक संवर्ग हेतु अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार 06 अगस्त, 2022 एवं 08 अगस्त, 2022 को आयोजित किए गए हैं।
2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग म.प्र. शासन के पत्र क्रमांक 148/2022/26-1 दिनांक 18.10.2022 में उल्लेखित रिक्ति के अनुसार आयोग द्वारा विज्ञापित संशोधित शुद्धि पत्र क्रमांक 02/02/2021 दिनांक 01.11.2022 के माध्यम से उपरोक्त विज्ञापन क्रमांक 02/2021 दिनांक 08.02.2021 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग की रिक्तियों का पद विभाजन विज्ञापित किया गया है जिसके अनुसार, परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत् मुख्य भाग हेतु पुनरीक्षित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। उक्त संशोधित शुद्धि पत्र दिनांक 01.11.2022 में उल्लेखित बिन्दु 3 में उल्लेखित कंडिका के अनुसार प्रावधिक भाग का चयन परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरण के अंतिम न्यायिक निर्णय के पश्चात घोषित किया जाएगा।
3. अतएव, लिखित + साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :-

सहायक संचालक संवर्ग (सामाजिक न्याय तथा निःशक्तजन कल्याण विभाग)
पद विवरण तालिका

	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	ई.डब्ल्यू.एस.	योग
कुल पदों की संख्या	6	3	3	3	2	17
इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद	2	1	1	1	1	6
कुल पदों में से श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद						1

मुख्य सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	Seat	श्रेणी
1.	102855	SAURABH TIWARI	M	UNR	UNR
2.	100818	KRISHNA DAS GUPTA	M	UNR	OBC
3.	100176	SHASHANK VIRAHI	M	UNR	UNR
4.	101629	SANGEETA YADAV	F	UNRF	OBC
5.	101613	DHANSINGH YADAV	M	UNR	OBC
6.	102740	RAJENDRA PRAJAPATI	M	OBC	OBC
7.	100098	VANYA TANDON	F	UNRF	UNR
8.	102368	SONAM BARVE	F	OBCF	OBC
9.	100851	DURGESH KUMAR DUBEY	M	EWS	EWS
10.	101240	SHAIFA HASHMI	F	EWSF	EWS
11.	102766	PANKAJ SANWALE	M	SC	SC
12.	101927	SATISH KUMAR SOLANKI	M	प्रावधिक SC	SC
13.	102708	ROSHNI VERMA	F	SCF	SC
14.	101467	RONAK SOLANKI	M	ST	ST
15.	103465	PRAGYA MARAVI	F	STF	ST
16.	101499	SHASHI KIRAN EKKA	F	ST	ST
17.	102652	MAHESH KUMAR YADAV	M	OBCHD श्रवणबाधित	OBC

अनुपूरक सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	श्रेणी
1.	101059	CHANDRAKANT GOURE	M	OBC
2.	100025	NITIN NAYAK	M	EWS
3.	101330	ANKIT KEKTI	M	OBC
4.	100273	GAURAV SHARMA	M	EWS
5.	100058	PRACHI JAIN	F	UNR
6.	100773	PRAVEEN SABLE	M	OBC
7.	103235	ARUNA KHATRI	F	UNR
8.	103445	GUNJA CHAKRAVERTI	F	OBC
9.	100156	BHEROOLAL JATAV	M	SC
10.	100959	DEVENDRA MEHAR	M	SC
11.	100083	NAMRATA GUPTA	F	EWS
12.	103326	BULBUL RAJ	F	SC
13.	102399	DINESH MUVEL	M	ST
14.	101854	MUKESH MOURYA	M	ST
15.	103222	PRAKSHA SINGH	F	ST
16.	101634	RUCHI PANDEY	F	श्रवणबाधित UNR

टीप : 1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत् अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत् आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए है जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हो। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया गया है।

2. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

3. न्यायालयीन प्रकरण वाले अभ्यर्थी का चयन परिणाम, मान. न्यायालय के निर्णय के अध्यधीन रखा जाकर रोका गया है।

4. घोषित चयन परिणाम मान. उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 5901/2019 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

प्रभारी सचिव
जी-18853/47733/2022 म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

निविदा सूचना 21 वर्ष 2022-23 भोपाल, दिनांक : 28.10.2022

अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
1.	2022_PWDRB_229679_1	छोला आर.ओ.बी. काली परेड मार्ग से अयोध्या बायपास मार्ग लंबाई-3.60 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य।	प्रथम	266.48

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय एवं जमा करने की **अंतिम तिथि 09.11.2022 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-18668/47718/2022 लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान

(साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, भोपाल)
E-mail : principal@klsgaci.nic.in, Website : http://klsgaci.edu.in
Office Phone : 0755-2970310, Hospital Phone : 0755-2970319

क्रमांक/छात्रकक्ष/2022/2041 भोपाल, दिनांक : 31.10.2022

पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में सत्र 2022-23 में प्रवेश
पंचकर्म टेक्नीशियन (01 वर्षीय)

पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल के लिए संचालित पैरामेडिकल पंचकर्म टेक्नीशियन सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम सत्र 2022-23 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	उपलब्ध सीट	प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हता
01	पंचकर्म टेक्नीशियन 'सर्टिफिकेट कोर्स'	01 वर्ष	50	10+2 बारहवीं किसी भी (संकाय) विषय से उत्तीर्ण अथवा समकक्ष

आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर पूर्ण विवरण सहित अनारक्षित वर्ग के लिये रुपये 200/- तथा आरक्षित वर्ग के लिये रुपये 100/- का बैंक ड्राफ्ट जो कि 'प्रधानाचार्य, पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, भोपाल' के नाम से देय होगा, संलग्न करना अनिवार्य है। साथ ही 10वीं, 12वीं की अंकसूची, निवास, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा व स्थानांतरण प्रमाण-पत्र, प्रवेश के समय महाविद्यालय में जमा करना होगा। शुल्क पंचकर्म टेक्नीशियन पाठ्यक्रम के लिये निर्धारित शुल्क राशि रुपये 39,604/- (रुपये 5000/- वापसी योग्य कॉशनमनी सहित) देय होगी। पाठ्यक्रम में सीटों का आरक्षण शासन के नियमानुसार रहेगा। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2022** है, इसके पश्चात प्राप्त आवेदनों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। पाठ्यक्रम में प्रवेश मैरिट के आधार पर महाविद्यालय द्वारा ऑफलाइन काउन्सिलिंग के माध्यम से दिया जायेगा, प्रवेश से संबंधित निर्देश एवं काउन्सिलिंग का विस्तृत शैड्यूल वेबसाइट **www.klsgaci.edu.in** पर उपलब्ध रहेगा। काउन्सिलिंग में भाग लेते समय अभ्यर्थियों को उपरोक्त सभी मूल प्रमाण-पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। इस हेतु पृथक से कोई कॉल लेटर नहीं भेजा जायेगा। काउन्सिलिंग में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। आवेदन पत्र का प्रारूप संलग्न है।

(डॉ. उमेश शुक्ला), प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी

पंचकर्म टेक्नीशियन सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम सत्र 2022-2023 में प्रवेश हेतु आवेदन

प्रति, प्रधानाचार्य
पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी), आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, भोपाल (म.प्र.)

01 आवेदित पाठ्यक्रम का नाम	स्वप्रमाणित नवीन फोटो
02 आवेदक का पूरा नाम	
03 पिता/पति का नाम	
04 जन्म तिथि	
05 आयु (31 दिसम्बर 2022) की स्थिति में ..... वर्ष ..... माह ..... दिन	
06 आधार कार्ड नं.	
07 श्रेणी (अनारक्षित, ई.डब्ल्यू.एस., अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग)	
08 पत्र व्यवहार का पता	
09 स्थाई पता	
10 अभ्यर्थी का दूरभाष/मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल आईडी	
11 अभिभवक का दूरभाष/मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल आईडी	

12 शैक्षणिक अर्हता :

क्र.	परीक्षा का नाम	बोर्ड का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	परीक्षा विषय	प्राप्तांक	पूर्णांक	प्रतिशत
01	10वीं या समकक्ष						
02	12वीं या समकक्ष						
03	अन्य						

'घोषणा पत्र'

मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ/करती हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्तानुसार दी गयी समस्त जानकारी सत्य है। प्रवेश के समय, प्रवेश पश्चात् अथवा किसी भी समय जानकारी असत्य प्रमाणित होने पर मेरा प्रवेश संस्था द्वारा निरस्त कर दिया जाये, साथ ही इस पाठ्यक्रम के अलावा अन्य किसी पाठ्यक्रमों में मेरे द्वारा किसी भी महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लिया गया है। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

दिनांक .....
स्थान ..... आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर

आवश्यक संलग्नकों की सूची :

1. 10वीं अंकसूची (अभिप्रमाणित छायाप्रति) 2. 12वीं अथवा समकक्ष अंकसूची (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
3. बोर्ड का माईग्रेशन (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
4. म.प्र. मूल निवासी प्रमाण-पत्र अन्य प्रदेश के बाहर मूल निवासी प्रमाण पत्र (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
5. जाति प्रमाण-पत्र (अभिप्रमाणित छायाप्रति) 6. आय प्रमाण-पत्र (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
7. स्थानांतरण एवं चरित्र प्रमाण-पत्र (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
8. गैप शपथ-पत्र (अंतिम अध्ययन के पश्चात यदि गैप रहा हो तो)
9. शपथ-पत्र (किसी अन्य महाविद्यालय में प्रवेश ना लेने के संबंध में)
10. आधार कार्ड/समग्र आईडी (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
11. यदि महिला अभ्यर्थी शादी-शुदा है, तो मैरिज सर्टिफिकेट
12. नवीन पासपोर्ट साइज फोटो 03

जी-18832/47727/2022

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

तर्कशक्ति

प्र. (1) **यदि A-1, CAT = 60 तो MAN = ...?**
(a) 24 (b) 90
(c) 180 (d) 182

उत्तर- (d) 182

व्याख्या- A-1
C x A x T = 60
3 x 1 x 20 = 60
MAN
= M x A x N
= 13 x 1 x 14
= 182

प्र. (2) **यदि तीन क्रमागत संख्याओं का योग 15 है, तो बीच की संख्या का वर्ग क्या है?**
(a) 16 (b) 25
(c) 36 (d) 9

उत्तर- (b) 25

व्याख्या- माना कि संख्या = x
$x + (x + 1) + (x + 2) = 15$
$3x + 3 = 15$
$x + 1 = 15/3$
$x = 5 - 1 = 4$
$\because = x + 1$
$= 4 + 1$
$= 5$
इसका वर्ग = $(5)^2 = 25$

प्र. (3) **यदि 4 बिल्लियां 4 चूहों को 4 मिनट में मार सकती हैं, तो 8 बिल्लियां 8 चूहों को कितने मिनट में मार सकती हैं?**
(a) 8 (b) 4
(c) 2 (d) 16

उत्तर- (b) 4

व्याख्या- $\frac{M_1 H_1}{W_1} = \frac{M_2 H_2}{W_2}$

$\frac{4 \times 4}{4} = \frac{8 \times H_2}{8}$

$H_2 = 4$ मिनट

प्र. (4) **6, 11, 21, 36, 56, ?**
(a) 42 (b) 51
(c) 81 (d) 91

उत्तर- (c) 81

व्याख्या- 6 → (+5) 11 → (+10) 21 → (+15) 36 → (+20) 56 → (+25) 81

प्र. (5) **9 : 162 :: 8 : ?**
(a) 96 (b) 112
(c) 128 (d) 160

उत्तर- (c) 128

व्याख्या- $9^2 = 81$
$81 \times 2 \rightarrow 162$
इसी प्रकार
$8^2 = 64$
$64 \times 2 = 128$

प्र. (6-10) **निम्नलिखित जानकारी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G और H एक वृत्ताकार मेज पर केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। H और F आमने-सामने बैठे हैं। H और A निकटतम पड़ोसी नहीं है। C, H का निकटतम पड़ोसी नहीं है। A और G के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। B, G के ठीक बायीं ओर बैठा है। B और E के बीच दो व्यक्ति हैं। A और D के बीच एक व्यक्ति बैठा है। D और G एक-दूसरे के निकटतम पड़ोसी नहीं हैं।
प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र. (6) **C के ठीक बायें कौन बैठा है?**
(a) G (b) D
(c) E (d) F

प्र. (7) **A और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं, जब D से वामावर्त दिशा में गिना जाता है?**
(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 2

प्र. (8) **G के सामने कौन बैठा है?**
(a) H (b) F
(c) A (d) E

प्र. (9) **H के दायें दूसरे स्थान पर कौन है?**
(a) B (b) G
(c) C (d) E

प्र. (10) **E के बायें तीसरे स्थान पर कौन है?**
(a) C (b) F
(c) A (d) D

उत्तर- **(6 - 10)**
(6) → (a) G
(7) → (c) 5
(8) → (d) E
(9) → (b) G
(10) → (a) C

व्याख्या- (6-10) प्रश्नानुसार,



प्र. (11-15) एक निश्चित कूटभाषा में, "who among the following" को "op st rd ck" कहा जाता है।
"following person who good" को "nt ck ks op"
"good person following among" को "rd op ks nt"
"who good person are" को "nj ks nt ck" तो बताइए -

प्र. (11) **"who based" का कूट क्या होगा?**
(a) op rd (b) ck im
(c) nt ck (d) ck op

प्र. (12) **"who" का कूट क्या होगा?**
(a) op (b) nj
(c) ck (d) nt

प्र. (13) **"person focus" का कूट क्या होगा?**
(a) ks tg
(b) nt tg
(c) या (a) या (b)
(d) te we

प्र. (14) **"are" का क्या कूट है?**
(a) nj (b) nt
(c) ks (d) ck

प्र. (15) **"following are" का क्या कूट है?**
(a) op nj (b) nj ck
(c) op ks (d) st rd

उत्तर- **(11 - 15)**
(11) → (b) ck im
(12) → (c) ck
(13) → (c) या (a) या (b)
(14) → (a) nj
(15) → (a) op nj

व्याख्या- **(11 - 15)**
who → ck
among → rd
the → st
following → op
person → nt/ks
good → ks/nt
are → nj

प्र. (16) **कथन -**
C>V≥B<N<M>A>S>D
निष्कर्ष - (a) V > S
(b) V≤S

उत्तर- या तो (a) या (b) अनुसरण करता है।

व्याख्या- कथन में V और S का संबंध नहीं दिया है तो या V > S या V < S या V = S होगा। अतः या (a) या (b) सही होगा।

प्र. (17) **कथन -**
Z<X<C≤V; B>C<G<H≤J
निष्कर्ष - (a) Z < G
(b) X < J

उत्तर- दोनों अनुसरण करते हैं।

व्याख्या- ∴ Z < C < G
∵ Z < G (✓)
∴ X < C < J
∵ X < J (✓)

प्र. (18) **कथन -**
A>S>D>F>G<H<J<K<L
निष्कर्ष - (a) A > G
(b) H < L

उत्तर- दोनों अनुसरण करते हैं।

व्याख्या- (a) A > G ✓
(b) H < L ✓

प्र. (19) **कथन -**
X>C>H≥J≥K; H>Y≥U<I<O
निष्कर्ष - (a) X > U
(b) K < I

उत्तर- केवल (a) अनुसरण करता है।

व्याख्या- (a) X > U (✓)
↳ X > C > H > U
(b) K < I (x)
↳ K≤H>Y≥U<I

प्र. (20) **कथन -**
Z>X>C<V; D>Q<W<R; X>A>S<D<F
निष्कर्ष - (a) Z > W
(b) V < R

उत्तर- दोनों अनुसरण नहीं करते।

व्याख्या- (a) Z > W (x)
(b) V < R (x)

प्र. (21-25) आठ व्यक्ति - P, Q, R, S, T, U, V, W एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे हैं कि कुछ व्यक्ति चारों कोनों पर और कुछ मेज के मध्य बैठे हैं। कोनों पर बैठे व्यक्ति केन्द्र की ओर मुख किए हैं और मध्य में बैठे व्यक्ति केन्द्र की विपरीत दिशा में देख रहे हैं। Q और V एक-दूसरे के निकटतम पड़ोसी नहीं हैं। T, P के ठीक दायीं ओर बैठा है। P बाहर की ओर देख रहा है। P और R के बीच एक व्यक्ति बैठा है। R और V के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। S, V के ठीक दायीं ओर बैठा है। V और W के बीच एक व्यक्ति बैठा है। W और P निकटतम पड़ोसी नहीं हैं। U और Q निकटतम पड़ोसी हैं। Q मेज के केंद्र की ओर मुख नहीं किया है। प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र. (21) **T के ठीक बाएं कौन बैठा है?**
(a) R (b) U
(c) Q (d) W

प्र. (22) **विषम पद ज्ञात कीजिए?**
(a) T (b) P
(c) V (d) U

प्र. (23) **यदि P और Q अपने स्थानों को आपस में बदल लेते हैं, तो इनमें से कौन Q के ठीक दाईं ओर बैठा है?**
(a) W (b) S
(c) R (d) T

प्र. (24) **W के ठीक बायें कौन है?**
(a) S (b) V
(c) U (d) P

प्र. (25) **U के सामने कौन बैठा है?**
(a) S (b) W
(c) V (d) T

उत्तर- **(21 - 25)**
(21) → (a) R
(22) → (b) P
(23) → (d) T
(24) → (a) S
(25) → (c) V

व्याख्या- (21-25) प्रश्नानुसार,



- ऋचा दुबे
(लेखिका, बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखती हैं)

कर्म ऐसे हों, जो स्वयं और दूसरों का भी भला करें - मुख्यमंत्री

हैदराबाद, भगवत गीता हमें जीवन से भागने नहीं अपितु सात्विक कार्यकर्ता के रूप में निरंतर कर्मरत रहने का संदेश देती है। आवश्यक यह है कि कर्म ऐसे हों, जो स्वयं के साथ-साथ दूसरों का भी भला करें। श्री रामचंद्र मिशन के पूज्य श्री कमलेश दाजी हार्टफुलनेस अभियान के माध्यम से हमें ज्ञान का प्रकाश और सदबुद्धि प्रदान करते हुए सन्मार्ग पर बने रहने की प्रेरणा दे रहे हैं। उनके दिखाए मार्ग पर चल कर हम अपने पारिवारिक और व्यावसायिक दायित्व निभाते हुए आध्यात्मिक प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर हो सकते हैं। उनके द्वारा प्रतिपादित आध्यात्मिक मार्ग पर चलने की पद्धति अपने आप में संपूर्ण है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने हैदराबाद में हार्टफुलनेस संस्थान के कान्हा शांति वनम में आयोजित ध्यान सत्र के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल भौतिक प्रगति व्यक्ति को सुख और आनंद नहीं दे सकती। व्यक्ति अधिकतम आयु और सुख, शांति और आनंद से परिपूर्ण जीवन चाहता है। सभी विचारधाराएं और पद्धतियां, सुख और आनंद की खोज की ओर जाती हैं। पूज्य दाजी द्वारा दिखाया गया मार्ग वर्तमान जीवन की व्यस्तताओं के बीच आध्यात्मिक उन्नति के उच्चतम सोपान तक पहुंचने और व्यक्ति की सुख, शांति और आनंद का मार्ग प्रशस्त करता है। हार्टफुलनेस कार्यक्रम प्रेम, करुणा और दया से परिपूर्ण है।

श्री चौहान ने श्री रामचंद्र मिशन द्वारा कृषि, पर्यावरण-संरक्षण, योग, ध्यान प्राणायाम के प्रसार के लिए संचालित गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मिशन ने प्रदेश में जावरा जिला रतलाम में पर्यावरण-संरक्षण के लिए अभियान चलाया है। मिशन के सहयोग से मध्यप्रदेश में शिक्षा, कृषि, पर्यावरण, जीवन निर्माण और नशामुक्ति के लिए गतिविधियां संचालित करने की योजना है।

पूज्य श्री कमलेश दाजी ने मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा पर्यावरण-संरक्षण, शिक्षा, कृषि आदि के क्षेत्र में संचालित गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश के हृदय क्षेत्र मध्यप्रदेश को हार्टफुल स्टेट के रूप में विकसित किया जाएगा।

स्वयंसेवी संस्थाओं के क्षमता निर्माण संबंधी प्रशिक्षण शुरू

भोपाल, अटल विहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में सतत विकास में भागीदारी के लिये स्वयंसेवी संस्थाओं के क्षमता निर्माण के संबंध में प्रशिक्षण शुरू किया गया है। संस्थान की सीईओ श्रीमती जी.वी. रश्मि ने प्रशिक्षण की पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि विकास गतिविधियों के संबंध में वृहद प्रशिक्षण दिया जायेगा। श्रीमती रश्मि ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार स्वयंसेवी संस्थाओं के क्षमता निर्माण के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण की रूपरेखा संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी द्वारा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं तथा राज्य नीति एवं योजना आयोग के साथ चर्चा के बाद तैयार की गई है। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक श्री निरुपम मेहरोत्रा, भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेस के प्राचार्य डॉ. फादर जान पी.जे. और मध्यप्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग के सलाहकार श्री पी.सी. बारस्कर ने स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में विभिन्न जिलों के 30 स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हैं।

खेलो इंडिया आयोजन में हर कसौटी पर खरा उतरेगा मध्यप्रदेश

भोपाल, अगले वर्ष 31 जनवरी से मध्यप्रदेश के 8 शहरों में खेलों की विभिन्न विधाओं के रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। देश के हृदय स्थल मध्यप्रदेश में 5वां खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 का आयोजन होगा। खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक स्तर पर तैयारियों का जायजा ले रही हैं। इसी क्रम में श्रीमती सिंधिया ने भोपाल में निर्धारित खेलों के वेन्यू का निरीक्षण किया।

खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने ग्वालियर में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी (GTCC) की निदेशक सुश्री अमर ज्योति और उनकी टीम के साथ खेल स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की।

श्रीमती सिंधिया ने कहा कि हमारी खेल अधोसंरचना हमारी यूएसपी है। खेलो इंडिया के आयोजन से मध्यप्रदेश के खेलों की दिशा में नई क्रान्ति आयेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेज़बानी देकर मध्यप्रदेश पर जो विश्वास दिखाया है इस कसौटी पर हम पूरी तरह से खरा उतरेंगे। ये एक बड़ी चुनौती है, चुनौतियों का सामना करने से ही सफलता हासिल होती है। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि बेहतर खेल अधोसंरचना और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मध्यप्रदेश की पहचान हैं।

खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने ग्वालियर (कम्पू) खेल परिसर में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए चुने गए गेम वेन्यू, हॉकी ग्राउंड, बॉक्सिंग एरिना और बैडमिंटन हॉल का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों के साथ ग्वालियर में बनने वाले आईआईआईटीएम के समीप बनने वाले स्पोर्ट्स सिटी के लेआउट प्लान और भोपाल के नाथू बरखेड़ा में स्वीकृत अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पहले और दूसरे चरण के प्लान पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही खेल मध्यप्रदेश राज्य महिला हॉकी अकादमी और बैडमिंटन के प्रशिक्षकों के साथ 36वें राष्ट्रीय खेलों के परफॉर्मेंस और खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों की भी समीक्षा की।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य हिन्दी

1. सकर्मक क्रिया किसे कहते हैं?
(A) जिसमें कर्म हो
(B) जिसमें कर्म न हो
(C) दोनों स्थिति हों
(D) कोई भी न हो
उत्तर - (A) जिसमें कर्म हो

2. बालक **रो रहा है** (बोल्ड शब्द में क्रिया का भेद है)?
(A) अकर्मक (B) सकर्मक
(C) द्विकर्मक (D) प्रेरणार्थक
उत्तर - (A) अकर्मक

3. लता ने केला **खाया** (बोल्ड शब्द में क्रिया का भेद है)?
(A) अकर्मक (B) सकर्मक
(C) द्विकर्मक (D) प्रेरणार्थक
उत्तर - (B) सकर्मक

4. यह सुनकर धवल **चिल्ला** उठा (बोल्ड शब्द में क्रिया का भेद है)?
(A) मुख क्रिया
(B) संयुक्त क्रिया
(C) सहायक क्रिया
(D) पूरक क्रिया
उत्तर - (B) संयुक्त क्रिया

5. मुख्य क्रिया कौनसा अर्थ देती है?
(A) कोशीय (B) रंजक
(C) अर्थच्छाया (D) सामान्य
उत्तर - (A) कोशीय

6. गीता पुस्तक पढ़ती है (इस वाक्य में क्रिया है)?
(A) गीता (B) पुस्तक
(C) पढ़ती (D) पढ़ती है
उत्तर - (D) पढ़ती है

7. शशांक पानी पी रहा है (इस वाक्य में कर्म है)?
(A) शशांक (B) पानी
(C) पी (D) रहा है
उत्तर - (B) पानी

8. लड़कियां गाना गा चुकी हैं (इस वाक्य में मुख्य क्रिया है)?
(A) गाना (B) गा
(C) चुकी (D) है
उत्तर - (B) गा

9. अकर्मक क्रिया में?
(A) कर्म होता है
(B) कर्म पहचान में नहीं आता
(C) कर्म नहीं होता
(D) दो-दो कर्म होते हैं
उत्तर - (C) कर्म नहीं होता

10. संयुक्त क्रिया में क्रिया पद होते हैं?
(A) एक
(B) दो
(C) तीन
(D) दो या दो से अधिक
उत्तर - (D) दो या दो से अधिक

11. मैं पुस्तक पढ़ूंगा-पढ़ूंगा क्रिया में 'पढ़' क्या है?
(A) धातु (B) मूल
(C) क्रिया (D) क्रियार्थ
उत्तर - (A) धातु

12. कर्म के आधार पर क्रिया का भेद है?
(A) अकर्मक क्रिया
(B) सकर्मक क्रिया
(C) द्विकर्मक क्रिया
(D) उपर्युक्त तीनों
उत्तर - (D) उपर्युक्त तीनों

13. मुख्य क्रिया क्या काम करती है?
(A) कर्ता और कर्म के मुख्य कार्य को प्रकट करती है।
(B) वाक्य के अंत में रहती है
(C) वाक्य के मध्य में रहती है
(D) सहायक क्रिया के साथ मिलकर रहती है
उत्तर - (A) कर्ता और कर्म के मुख्य कार्य को प्रकट करती है।

14. तुम्हें कम बोलना चाहिए (बोल्ड शब्द में क्रिया विशेषण का भेद बताइए)?
(A) स्थान वाचक क्रिया विशेषण
(B) रीति वाचक क्रिया विशेषण
(C) परिमाण वाचक क्रिया विशेषण
(D) काल वाचक क्रिया विशेषण
उत्तर - (C) परिमाण वाचक क्रिया विशेषण

15. पिता ने बच्चों को भली-भांति समझा दिया है (इस वाक्य में क्रिया विशेषण भेद है)?
(A) पिता ने
(B) बच्चों को
(C) भली-भांति
(D) समझा दिया है
उत्तर - (C) भली-भांति

16. जहां भी रहो खुश रहो (उपर्युक्त वाक्य में क्रिया विशेषण का काम करने वाला पद है)?
(A) जहां (B) रहो
(C) खुश (D) भी रहो
उत्तर - (A) जहां और (C) खुश

17. परिश्रम के बिना धन प्राप्त नहीं होता (बोल्ड शब्द में पद का परिचय है)?
(A) जाति वाचक संज्ञा, एक वचन, पुल्लिंग।
(B) भाव वाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एक वचन, करणकारक।
(C) गुण वाचक विशेषण, एक वचन पुल्लिंग।
(D) जाति वाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्री लिंग।
उत्तर - (B) भाव वाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एक वचन, करणकारक।

18. **मैं** रोज सैर करता हूं (बोल्ड शब्द में पद का व्याकरणिक परिचय दीजिए)?
(A) व्यक्ति वाचक संज्ञा, एक वचन, पुल्लिंग।
(B) जाति वाचक संज्ञा, एक वचन, पुल्लिंग।
(C) पुरुष वाचक सर्वनाम , एक वचन, पुल्लिंग, कर्ताकरक, उत्तम पुरुष।
(D) पुरुष वाचक सर्वनाम, बहु वचन, कर्ता कारक।
उत्तर - (C) पुरुष वाचक सर्वनाम , एक वचन, पुल्लिंग, कर्ताकरक, उत्तम पुरुष।

19. रचना नाच रही है और सीता गा रही है (रचना के आधार पर यह वाक्य है)?
(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य (D) अन्य वाक्य
उत्तर - (C) संयुक्त वाक्य

20. जब मैं छोटा था, तब साइकिल चलाता था (रचना के आधार पर वाक्य भेद है)?
(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य (D) अन्य वाक्य
उत्तर - (B) मिश्र वाक्य

21. वह मेहनती है, वह हार नहीं मानता (संयुक्त वाक्य बनाएं)
(A) वह मेहनती है अतः वह हार नहीं मानता।
(B) वह मेहनती होने के कारण हार नहीं मानता।
(C) मेहनती होने के कारण वह हार नहीं मानता।
(D) वह मेहनती है इसी कारण हार नहीं मानता।
उत्तर - (A) वह मेहनती है अतः वह हार नहीं मानता।

22. निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य का चयन कीजिए?
(A) डॉक्टर के आते ही मरीज चल बसा।
(B) डॉक्टर आया और मरीज चल बसा।
(C) जब डॉक्टर आया मरीज चल बसा।
(D) डॉक्टर आता है, मरीज चल बसता है।
उत्तर - (C) जब डॉक्टर आया मरीज चल बसा।

23. जैसे ही सभा समाप्त हुई, वैसे ही सब लोग घर चले गए (इसका संयुक्त वाक्य बनेगा)?
(A) सभा समाप्त हुई और सब लोग चले गए।
(B) सभा समाप्त होते ही सब लोग घर चले गए।
(C) सभा समाप्त होती है तो लोग घर चले जाते हैं।
(D) जब सभा समाप्त हुई तब लोग घर चले गए।
उत्तर - (A) सभा समाप्त हुई और सब लोग चले गए।

24. स्टेशन पर पहुंचकर आप हमारी प्रतीक्षा करें (इसका संयुक्त वाक्य बनेगा)?
(A) जैसे ही आप स्टेशन पहुंचें, हमारी प्रतीक्षा करें।
(B) स्टेशन पर पहुंचकर प्रतीक्षा करें।
(C) आप स्टेशन पहुंचें और हमारी प्रतीक्षा करें।
(D) जब स्टेशन पहुंचो तभी हमारी प्रतीक्षा करें।
उत्तर - (C) आप स्टेशन पहुंचें और हमारी प्रतीक्षा करें।

25. नेता जी भाषण दे रहे हैं?
(A) सरल (B) संयुक्त
(C) मिश्र (D) अन्य
उत्तर - (A) सरल वाक्य
नोट : निम्नलिखित वाक्यों का वाच्च बताइए।

26. भगवान हमारी रक्षा करते हैं?
(A) कर्तृ वाच्य (B) कर्म वाच्य
(C) भाव वाच्य (D) अन्य
उत्तर - (A) कर्तृ वाच्य

27. दादी के द्वारा कहानी सुनाई गई?
(A) कर्तृ वाच्य (B) कर्म वाच्य
(C) भाव वाच्य (D) अन्य
उत्तर - (B) कर्म वाच्य

28. अब मुझसे चला नहीं जाता?
(A) कर्तृ वाच्य (B) कर्म वाच्य
(C) भाव वाच्य (D) अन्य
उत्तर - (C) भाव वाच्य

29. मैं उर्दू में लिखा पत्र नहीं पढ़ सकता?
(A) कर्तृ वाच्य (B) कर्म वाच्य
(C) भाव वाच्य (D) अन्य
उत्तर - (A) कर्तृ वाच्य

30. मुझसे खड़ा भी नहीं हुआ जाता (इस वाक्य में वाच्य है)?
(A) कर्तृ वाच्य (B) कर्म वाच्य
(C) भाव वाच्य (D) अन्य
उत्तर - (C) भाव वाच्य

31. 'चरण-कमल बंदौं हरि राई'?
(A) अनुप्रास (B) रूपक
(C) उपमा (D) श्लेष
उत्तर - (B) रूपक अलंकार

32. 'सहज सुभाय सुभग तन गोरे'?
(A) अनुप्रास (B) यमक
(C) श्लेष (D) रूपक
उत्तर - (A) अनुप्रास अलंकार

33. 'पीपर पात सरिस मन डोला'?
(A) अनुप्रास (B) यमक
(C) उपमा (D) रूपक
उत्तर - (C) उपमा अलंकार

34. कहती हुई उत्तरा के नेत्र जल से भर गए।
हिम कणों से पूर्ण मानों हो गए पंकज नए?
(A) अनुप्रास (B) रूपक
(C) उपमा (D) उत्प्रेक्षा
उत्तर - (D) उत्प्रेक्षा अलंकार

35. मेघ आए बड़े बन-ठन के?
(A) मानवीकरण (B) उपमा
(C) रूपक (D) श्लेष
उत्तर - (A) मानवीकरण

36. मधुवन की छाती को देखो
सूखी इसकी कितनी कलियां।
(A) यमक (B) श्लेष
(C) रूपक (D) अनुप्रास
उत्तर - (B) श्लेष अलंकार

37. मखमल के झूल पड़े हाथी-सा टीला?
(A) रूपक (B) उत्प्रेक्षा
(C) उपमा (D) श्लेष
उत्तर - (C) उपमा अलंकार

38. 'प्रीत नदी' में पांव न बोरयो?
(A) रूपक (B) उपमा
(C) श्लेष (D) यमक
उत्तर - (A) रूपक अलंकार

39. 'हमारे हरि हारिल की लकड़ी'?
(A) यमक
(B) श्लेष
(C) अनुप्रास
(D) पुनरूक्ति प्रकाश
उत्तर - (C) अनुप्रास अलंकार

40. 'सुनत जोग लागत' ज्यौं करूई ककरी?
(A) श्लेष (B) रूपक
(C) उत्प्रेक्षा (D) यमक
उत्तर - (C) उत्प्रेक्षा अलंकार

41. रघुपति राघव राजा राम।
(A) रूपक (B) यमक
(C) श्लेष (D) अनुप्रास
उत्तर - (D) अनुप्रास अलंकार

42. गंगा-सी पावन थी नारी?
(A) रूपक (B) उपमा
(C) श्लेष (D) उत्प्रेक्षा
उत्तर - (B) उपमा अलंकार

43. अंबर पनघट में डुबो रही, तारा-घट ऊषा नागरी?
(A) उपमा (B) श्लेष
(C) रूपक (D) यमक
उत्तर - (C) रूपक अलंकार

44. सोहत ओढ़त पीत पटु श्याम सलोने गात।
मानौ नील मणि सैल पर आतप परयौ प्रभात?
(A) रूपक (B) उपमा
(C) श्लेष (D) उत्प्रेक्षा
उत्तर - (D) उत्प्रेक्षा अलंकार

45. 'तीन बेर खाती थी, वह तीन बेर खाती है'?
(A) यमक (B) श्लेष
(C) उत्प्रेक्षा (D) अनुप्रास
उत्तर - (A) यमक अलंकार

46. श्रद्धालु में संधि विच्छेद करें?
(A) श्रद्ध+आलु (B) श्रद्धा+आलु
(C) श्रद+धालु (D) श्र+द्धालु
उत्तर - (B) श्रद्धा+आलु

47. 'स्वागत' में उपसर्ग है?
(A) सु (B) स्वा
(C) गत (D) स्व
उत्तर - (A) सु

48. 'निश्छल' में उपसर्ग है?
(A) नि (B) निश
(C) निस् (D) छल
उत्तर - (C) निस्

49. 'मरियल' में प्रत्यय है?
(A) रियल (B) मरि
(C) यल (D) इयल
उत्तर - (D) इयल

50. 'मुक्ति' में प्रत्यय है?
(A) मु (B) उक्ति
(C) ति (D) क्ति
उत्तर - (C) ति

51. 'रंगीला' में प्रत्यय है?
(A) रंग (B) रंगी
(C) गीला (D) ईला
उत्तर - (D) ईला

52. 'अवकाश' में प्रत्यय है?
(A) अव
(B) काश
(C) वकाश
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (A) अव

डॉ. राममनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

मृगनयनी ब्राण्ड ने देश में अलग पहचान बनाई है

पन्ना, खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने पुरानी कचहरी तिराहा पन्ना स्थित महिला-बाल विकास भवन में संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम के नवनिर्मित शोरूम का शुभारंभ किया। उन्होंने शोरूम का अवलोकन कर बुनकरों द्वारा निर्मित उत्पादों के बारे में जानकारी ली।

खनिज साधन मंत्री ने कहा कि प्रदेश के स्थापना दिवस पर पन्ना शहर में मृगनयनी शोरूम की सौगात नगरवासियों को मिली है। इससे स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों का विक्रय होगा और उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। मृगनयनी ब्राण्ड ने देश में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि खजुराहो और भोपाल जैसे शहरों के बाद अलग ब्राण्ड का शोरूम होने से यह पन्ना में भी अलग पहचान स्थापित करेगा। नगरवासियों के साथ पर्यटकों को भी गुणवत्तायुक्त उत्पाद क्रय करने की सुविधा मिल जाएगी। इससे रोज़गार के अवसर भी बढ़ेंगे। वर्तमान में छोटे स्वरूप में इसकी शुरुआत की गई है। आगामी दिनों में वृहद स्वरूप में इसका विस्तार किया जाएगा।

श्री सिंह ने कहा कि शोरूम को बेहतर रूप से संचालित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पन्ना की पहचान धार्मिक नगरी के रूप में है। इसे स्वच्छ और सुसज्जित बनाने के साथ ही विकास के आयामों से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। डायमण्ड पार्क की स्थापना सहित एनएमडीसी खदान को पुनः शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम को कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र और पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा ने भी संबोधित किया। मृगनयनी के वरिष्ठ प्रबंधक श्री योगेन्द्र सिंह ने ब्राण्ड और उत्पादों के संबंध में अवगत कराया।

प्रबंध संचालक ने दिए विद्युत बिलों के भुगतान के निर्देश

भोपाल, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी श्री भरत यादव ने निर्देशित किया है कि कंपनी द्वारा क्रियान्वित की गयी पेयजल योजनाओं के बिजली बिलों का भुगतान संबंधित नगरीय निकायों द्वारा किया जाये। उन्होंने कहा कि संविदाकारों द्वारा जिन परियोजनाओं के संपूर्ण क्षेत्र अथवा चिन्हित डीएमए में 80 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ताओं को जल प्रदाय किया जा रहा है तथा परियोजनाओं के सफल ट्रायल रन की अवधि तीन माह पूरी हो चुकी है, ऐसी समस्त परियोजनाओं में अनुबंध के अनुसार विद्युत बिलों के भुगतान का दायित्व संबंधित नगरीय निकायों का है।

उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक, विश्व बैंक और केएफडब्ल्यू बैंक से प्राप्त वित्तीय सहयोग से जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना का कार्य किया जा रहा है।

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

- **Fill in the blanks with suitable articles. (Question No. 1 to 5)**

1. ..... pen is mightier than ..... sword.
a) a & a b) an & a
c) the & the d) no article

2. She missed ..... only chance she got.
a) a b) an
c) the d) no article

3. Rajan is ..... M.A. in History.
a) a b) an
c) the d) No article

4. ..... book you want is out of print.
a) a & a b) the & a
c) the d) no article

5. ..... Honesty is the best policy.
a) a b) an
c) the d) no article

- **Fill the blank spaces with suitable prepositions. (Question No. 6 to 12)**

6. Saru, keep this book ..... the table.
a) to b) at
c) in d) on

7. Come and sit ..... me.
a) off b) by
c) from d) beside

8. What is the cure ..... Corona?
a) from b) at
c) with d) of

9. Raja left his office file ..... the car.
a) of b) to
c) at d) in

10. Sanjana lives ..... New Delhi.
a) inside b) at
c) by d) in

11. A large chunk ..... the Indian population lives in poverty still.
a) by b) of
c) to d) at

12. I like to travel ..... train.
a) at b) by
c) on d) in

- **Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question No. 13 to 18)**

13. I ..... to college by bus daily.
a) am going b) gone
c) go d) have gone

14. Sunidhi looked tired because she ..... for a long time.
a) was working
b) was worked
c) has worked
d) had worked

15. By the end of next year he ..... five years in this college.
a) has completed
b) will complete
c) complete
d) will completing

16. These grapes ..... sour.
a) are testing
b) have tested
c) taste
d) were testing

17. Rajat ..... Bengali before he shifted in Kolkata.
a) learned
b) had learned
c) has learned
d) has been learning

18. Hari ..... in the restaurant as a cook.
a) is worked
b) works
c) is working
d) has been working

- **Change the Voice. (Question No. 19 to 25)**

19. Someone broke the lock.
a) The lock is broken.
b) The lock has been broken.
c) The lock was broken.
d) The lock had been broken.

20. You have cheated me.
a) I have cheated you.
b) I was been cheated by you.
c) I have been cheated by you.
d) You have been cheated by me.

21. Anand forwarded the message in the group.
a) The message in the group forwarded by Anand.
b) The message was forwarded in the group by Anand.
c) The message had been forwarded in the group by Anand.
d) The forwarded message in the group by Anand.

22. A snake had been killed by Raju.
a) Raju had been killed a snake.
b) Raju had killed a snake.
c) Raju was killed a snake.
d) Raju has killed a snake.

23. Post this letter, please.
a) You post this letter please.
b) You are requested to post this letter.
c) I request you to post this letter.
d) Let this letter be posted.

24. Pay the rent.
a) You should pay the rent.
b) You must pay the rent.
c) Let the rent be paid.
d) You are requested to pay the rent.

25. Can she control the class?
a) Can she be controlled by the class?
b) She can control the class.
c) Can be she controlled the class?
d) Can the class be controlled by her?

- **Idioms and phrases. (Question No. 26 to 30)**

26. Step up your game.
a) Leave the game at last.
b) Game is ended by stepping up.
c) To begin performing better.
d) To start performing bad.

27. Crying wolf.
a) A wolf cries always.
b) Asking for help when one doesn't need it.
c) Request someone for help in desperate need.
d) Help someone who requires help.

28. Penny wise and pound foolish.
a) A wise person for pen but foolish for pound.
b) A careless person in all matters of the day.
c) Careful about small amounts of money but not about large amounts.
d) Careful about large amounts of money but not about small amounts.

29. Through thick and thin.
a) Be together in good times only.
b) In good and bad times.
c) Live happily in bad times in life.
d) Remain separated in life.

30. Under my thumb.
a) Someone is not in control.
b) Keep someone out of control.
c) Keep someone illiterate in life.
d) Under my control.

- **Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question No. 31 to 35)**

31. Faith
a) Conviction
b) Accolade
c) Doubt
d) Trust

32. Deny
a) Reject b) Admit
c) Rebuff d) Miniature

33. Conceal
a) Hide b) Disclose
c) Mask d) Cover

34. Retreat
a) Recoil
b) Advance
c) Chance
d) Move back

35. Frown
a) Sulk b) Scowl
c) Mope d) Smile

- **Synonym (Question No. 36 to 40)**

36. Blithe
a) Melancholic
b) Cross-out
c) False
d) Merry

37. Voracious
a) Verbose b) Greedy
c) Satisfied d) Assail

38. Consternation
a) Applaud b) Praise
c) Fear d) Bold

39. Astonish
a) Enlighten b) Appease
c) Startle d) Pacify

40. Repair
a) Destroy b) Blot
c) Spoil d) Amend

- **One word substitution (Question No 41 to 45)**

41. Fear of closed space.
a) Hydrophobia
b) Nomophobia
c) Ecophobia
d) Claustrophobia

42. Yearning for a past period.
a) Ancient b) Nostalgia
c) History d) Incredible

43. The killing of one's brother.
a) Matricide
b) Dipsomania
c) Fratricide
d) Patricide

44. Published after someone's death.
a) Biography
b) Memoir
c) Posthumous
d) Pedagogy

45. Ethically good behavior one has.
a) Melancholic
b) Demon
c) Virtue
d) Vice

- **In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Questions 46 to 50)**

46. a) Edvantage
b) Addvantage
c) Advantage
d) Advantege

47. a) Tarmination
b) Terminasion
c) Termenation
d) Termination

48. a) Adaquete
b) Edaquate
c) Adequate
d) Adequeta

49. a) Naitive b) Netive
c) Nateve d) Native

50. a) Genine b) Genuane
c) Geniune d) Genuine

ANSWERS

1. c, 2. a, 3. b, 4. c, 5. d, 6. d, 7. d, 8. d, 9. d, 10. d, 11. b, 12. b, 13. c, 14. d, 15. b, 16. c, 17. b, 18. b, 19. c, 20. c, 21. b, 22. b, 23. b, 24. c, 25. d, 26. c, 27. b, 28. c, 29. b, 30. d, 31. c, 32. b, 33. b, 34. b, 35. d, 36. d, 37. b, 38. c, 39. c, 40. d, 41. d, 42. b, 43. c, 44. c, 45. c, 46. c, 47. d, 48. c, 49. d, 50. d

EXPLANATION

5. Generally an article is not used before abstract nouns. Honesty is an abstract noun hence no article (option- d) is correct answer.

19. Vague subjects like someone, somebody, people, etc in active voice are not used in passive voice construction of the sentences.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English
Sardar Patel Mahavidyalaya,
Chandrapur)

बेटियों, बहनों के कल्याण के लिए मध्यप्रदेश संकल्पबद्ध - मुख्यमंत्री

कोल्लम, मध्यप्रदेश सरकार बेटियों और बहनों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। जहाँ स्व-सहायता समूहों के माध्यम से बहनों को आर्थिक उन्नयन के अवसर दिए गए हैं, वहीं लाड़ली लक्ष्मी जैसी योजनाएं बेटियों के लिए वरदान बनी हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री चौहान ने केरल के कोल्लम में अमृतपुरी आश्रम के 17वें वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में कन्या जन्म को प्रोत्साहित किया गया है। प्रदेश में 43 लाख लाड़ली लक्ष्मी बेटियां हैं। इन्हें उच्च शिक्षा के लिए भी सहायता दी जा रही है। श्री चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार आमजन की सेवा के लिए सक्रिय है। राग, द्वेष भूलकर सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी धर्मों और शास्त्रों का एक ही सार है। प्रत्येक व्यक्ति में परमात्मा के दर्शन किए जा सकते हैं। सृष्टि के कण-कण में परमात्मा विराजमान हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा था- सिया राम में सब जग जानी। श्री चौहान ने कहा कि अम्मा प्रेम, करुणा और दया की मूर्ति हैं। वे दीन-दुखियों की सेवा करती हैं। कहा भी गया है कि आप दीन-दुखियों की आँखों में देखें तो साक्षात ईश्वर के दर्शन होंगे। सचमुच अम्मा भी अमृत हैं। वे कई लोगों को नया जीवन दे रही हैं।

मध्यप्रदेश आकर प्रेम और करुणा का संदेश फैलाएं अम्मा

श्री चौहान ने अम्मा को मध्यप्रदेश आने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की ओर से अम्मा का अभिनन्दन किया। श्री चौहान ने कहा कि अम्मा मध्यप्रदेश में आकर प्रेम, करुणा का संदेश और आशीर्वाद दें। मध्यप्रदेश में नर्मदा जी बहती हैं, जो सबको जल देती हैं। अम्मा मध्यप्रदेश आएं और प्रेम, करुणा का जल और दया का सागर बहाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अम्मा पीड़ित मानवता की सेवा कर रही हैं। उन्होंने ऐसी बहनों की सेवा की है जिन्होंने अपने परिवार को खो दिया है। यह विचारणीय है कि सरकारें काफी बड़े बजट से अनेक योजनाएं संचालित करती हैं। इन योजनाओं में प्रेम और करुणा का भाव भी सदैव शामिल रहे तो दुनिया में स्वर्ग उतर आएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस आश्रम में आकर हम धन्य हैं।

घुमंतू जनजाति के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास दिलाए जाएं

मंदसौर, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने मंदसौर जिले के अजयपुर और ग्राम बावुल्दा में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के शिविर को संबोधित करते हुये जिला अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जिले में घुमंतू जनजाति के लोगों का सर्वे कर उन्हें मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना में भूमि का पट्टा दें और प्रधानमंत्री आवास योजना में उन्हें आवास मुहैया कराएं।

श्री पटेल ने निर्देश दिये कि जिले में पिछड़ा वर्ग के लोगों को चिन्हित कर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में वर्तमान में 45 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। राज्य सरकार द्वारा राज्यमंत्री श्री पटेल को मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान अंतर्गत मंदसौर जिले का प्रभार दिया गया है।

शिविर को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 तक प्रदेश के आवासहीन व्यक्तियों को पात्रतानुसार आवास दिलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि सीतामऊ क्षेत्र में करीब 1664 करोड़ रुपये की सिंचाई योजनाओं को पूरा किया गया है।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

सामान्य अध्ययन

1. जनधन दर्शक एप किसने लॉन्च किया है?
(अ) वित्त मंत्रालय
(ब) राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
उत्तर - (स) उपरोक्त दोनों।
व्याख्या - यह एप देश में किसी भी स्थान पर एक वित्तीय सेवा संपर्क बिंदु का पता लगाने में आम नागरिकों के लिये मार्गदर्शक का कार्य करता है।

2. भारत सरकार द्वारा 'स्वामित्व योजना' को कब लागू किया गया है-
(अ) 24 अप्रैल 2020
(ब) 24 अप्रैल 2019
(स) 26 जनवरी 2020
(द) 26 जनवरी 2019
उत्तर - (अ) 24 अप्रैल 2020
व्याख्या - पंचायत दिवस के अवसर पर देश की ग्राम पंचायतों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इसे लागू किया गया है। इसके अंतर्गत गांव की सीमा के भीतर आने वाले प्रत्येक सम्पत्ति को डिजिटल रूप में किया जायेगा। इसे केन्द्रीय और राजकीय पंचायती राज विभागों, राज्य राजस्व विभाग तथा भारतीय सर्वेक्षण विभाग चलायेगा।

3. ग्रीन टर्म अहेड मार्केट (GTAM) कब लागू किया गया -
(अ) 2018 (ब) 2020
(स) 2019 (द) 2022
उत्तर - (ब) 2020
व्याख्या - इसे नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने प्रारंभ किया है, इसके तहत ऊर्जा का अधिकतम 11 दिनों की अग्रिम अवधि के आधार पर कारोबार किया जा सकता है।

4. निम्न में से कौनसी योजना कृषि विपणन अवसंरचना योजना में सम्मिलित है -
(अ) ग्रामीण भंडारण योजना
(ब) कृषि विपणन अवसंरचना, ग्रेडिंग और मानकीकरण के लिये योजना
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) उपरोक्त दोनों।

5. दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत सस्ते क्रेडिट और ब्याज अनुदान तक पहुंच बनाने के लिये एक केन्द्रीयकृत प्लेटफॉर्म 'पैसा पोर्टल' प्रारंभ किया गया है। इस पोर्टल को किस मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है -
(अ) वित्त मंत्रालय
(ब) आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय
(स) गृह मंत्रालय
(द) शिक्षा मंत्रालय
उत्तर - (ब) आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय
व्याख्या - इलाहाबाद बैंक ने इस वेब प्लेटफॉर्म को डिजाइन और विकसित किया है। यह लाभार्थियों को बैंक ऋणों पर ब्याज अनुदान की प्रोसेसिंग के लिये लॉन्च किया गया है।

6. स्फूर्ति योजना का प्रारंभ किस मंत्रालय द्वारा किया गया था -
(अ) वित्त मंत्रालय
(ब) सूक्ष्म-लघु तथा मध्यम उद्यम मंत्रालय
(स) आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) सूक्ष्म-लघु तथा मध्यम उद्यम मंत्रालय।
व्याख्या - इसका अर्थ है पारंपरिक उद्योगों के उन्नयन एवं पुनर्निर्माण के लिये कोष की योजना। इसे क्लस्टर विकास को बढ़ावा देने के लिये लागू किया गया है।

7. स्वच्छता का उल्लेख किस सूची में किया गया है?
(अ) राज्य सूची
(ब) संघ सूची
(स) समवर्ती सूची
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) राज्य सूची।
व्याख्या - चूंकि इसका उल्लेख राज्य सूची में किया गया है। अतः जल संसाधनों और स्वच्छता परियोजनाओं की रूपरेखा राज्यों द्वारा बनाई जाती है।

8. जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण भारत के प्रत्येक घर को नल कनेक्शनों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करवाना है। यह कार्य किस वर्ष तक सम्पन्न होना है -
(अ) 2050 (ब) 2024
(स) 2030 (द) 2060
उत्तर - (ब) 2024
व्याख्या - यह मिशन सामुदायिक दृष्टिकोण पर आधारित है।

9. आय में इकाई वृद्धि के कारण प्रत्याशित उपभोग में वृद्धि दर को कहते हैं -
(अ) प्रत्याशित उपभोग
(ब) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति
(स) मांग में परिवर्तन
(द) व्यय गुणक
उत्तर - (ब) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति
व्याख्या - सीमांत उपभोग प्रवृत्ति 0 से 1 के बीच रहती है।

10. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना का प्रारंभ किस वर्ष हुआ-
(अ) 2014 (ब) 2019
(स) 2017 (द) 2020
उत्तर - (अ) 2014
व्याख्या - यह ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्लेसमेंट आधारित कौशल प्रशिक्षण पहल पर कार्य करती है। इसका उद्देश्य 15 से 35 वर्ष के गरीब ग्रामीण युवाओं को कुशल बनाना है। यह कौशल भारत अभियान के तहत सार्वजनिक निजी साझेदारी के रूप में कार्य करती है।

11. वंदे भारत मिशन है-
(अ) विदेशों में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्यक्रम
(ब) विद्यालयों के छात्रों में देशभक्ति का कार्यक्रम
(स) कोरोना वायरस के कारण विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों को लाने का कार्यक्रम
(द) देश के पर्यावरण को सुरक्षित रखने का कार्यक्रम
उत्तर - (स) कोरोना वायरस के कारण विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों को लाने का कार्यक्रम
व्याख्या - यह अब तक का सबसे बड़ा मिशन है।

12. iGOT प्लेटफॉर्म पूर्णरूप से एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण है। इसका संचालन किस मंत्रालय द्वारा किया जाता है-
(अ) शिक्षा मंत्रालय
(ब) कौशल विकास मंत्रालय
(स) उद्योग मंत्रालय
(द) प्रशिक्षण व निरीक्षण मंत्रालय
उत्तर - (अ) शिक्षा मंत्रालय
व्याख्या - शिक्षा मंत्रालय के DIKSHA प्लेटफॉर्म पर यह एक ऑनलाइन ट्रेनिंग पोर्टल है, जो सभी सरकारी कर्मचारियों के लिये है।

13. एशियाई विकास बैंक के बारे में सही कथन बताइये-
(अ) यह एक क्षेत्रीय विकास बैंक है।
(ब) इसका मुख्यालय मनीला में है।
(स) वर्तमान में इसके 68 सदस्य है।
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या - इस बैंक की स्थापना 19 दिसम्बर 1966 को हुई थी। इस बैंक में शेयरों का सबसे बड़ा अनुपात जापान के पास है।

14. निम्न में से कौनसी-कौनसी गतिविधियों को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है-
(अ) शिक्षा को बढ़ावा देना
(ब) HIV एड्स व अन्य बीमारियों से मुकाबला करना
(स) नये टीकों और दवाओं का अनुसंधान एवं विकास करना
(द) उपरोक्त सभी।
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी।
व्याख्या- नये टीकों और दवाओं के अनुसंधान एवं विकास को 2020 में सम्मिलित किया गया है।

15. ओडिशा सरकार द्वारा लॉन्च किया गया 'सुमंगल' पोर्टल संबंधित है-
(अ) अन्तर्जातीय विवाह के प्रोत्साहन से
(ब) नवीन गृहों के निर्माण से
(स) बालिका शिक्षा से
(द) विधवा विवाह से।
उत्तर - (अ) अन्तर्जातीय विवाह के प्रोत्साहन से

16. 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र' और उसके आस-पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिये किस संस्था का गठन किया गया है-
(अ) वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग
(ब) पर्यावरण प्रदूषण प्राधिकरण
(स) राष्ट्रीय राजधानी पर्यावरण आयोग
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
उत्तर - (अ) वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग
व्याख्या - केन्द्र सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग का गठन, पर्यावरण प्रदूषण प्राधिकरण को भंग करके किया है। यह आयोग स्थायी संस्था है। दिल्ली के अतिरिक्त पंजाब, हरियाणा, राजस्थान के क्षेत्रों की वायु प्रदूषण का भी निवारण करेगा।

17. बजट, संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित है-
(अ) 108 (ब) 111
(स) 112 (द) 122
उत्तर - (स) 112
व्याख्या - भारत सरकार की अनुमानित प्राप्तियों और व्ययों का विवरण संसद के समक्ष प्रस्तुत करना अनुच्छेद 112 में अनिवार्य है। बजट को 'डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमी अफेयर' द्वारा किया जाता है।

18. निम्नलिखित में से असत्य कथन बताइये-
(अ) सीमा शुल्क एक अप्रत्यक्ष कर है।
(ब) संपत्ति कर व उपहार कर को कागजी कर भी कहते हैं।
(स) सरकार के राजस्व प्राप्ति में प्रत्यक्ष कर का योगदान अप्रत्यक्ष कर से अधिक है।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
उत्तर - (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
व्याख्या - संपत्ति कर और उपहार कर को कागजी कर इसलिये कहते हैं, क्योंकि इनसे प्राप्त होने वाली आय अत्यंत कम होती है।

19. सरकार द्वारा किया जाने वाला प्रयास भुगतान किसके अंतर्गत आता है-
(अ) पूंजीगत व्यय
(ब) राजस्व व्यय
(स) योजना व्यय
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (ब) राजस्व व्यय।
व्याख्या - भौतिक या वित्तीय परिसंपत्तियों के सृजन के अतिरिक्त अन्य उद्देश्यों के लिये किया गया व्यय राजस्व व्यय होता है। इसके अंतर्गत सरकारी विभागों के सामान्य कार्यों तथा विधिक सेवकों, सरकार द्वारा उपागत ऋण व्यय अदायगी, प्रतिरक्षा सेवायें, उपदान आदि आते हैं।

20. व्यापक मुद्रा (M_3) में निम्न में से क्या सम्मिलित नहीं होते हैं -
(अ) जनता के पास मुद्रा
(ब) बैंकों के पास मांग जमा
(स) बैंकों के पास समय जमा
(द) डाक घर को समय जमा
उत्तर - (द) डाक घर को समय जमा।
व्याख्या - डाक घर की समय जमा M_4 में सम्मिलित होती है।

21. निम्न में से असत्य कथन बताइये-
(अ) M_1 और M_2 संकुचित मुद्रा कहलाती है।
(ब) M_1 संव्यवहार में सबसे तरल और आसान है।
(स) M_4 संव्यवहार में सबसे कम तरल है।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
उत्तर - (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
व्याख्या - सभी कथन सत्य हैं।

22. निम्नलिखित में से वैधानिक पत्र कौनसा है?
(अ) शेयर
(ब) बंधपत्र
(स) करेंसी नोट
(द) सावधि जमा
उत्तर - (स) करेंसी नोट
व्याख्या - करेंसी नोट/सिक्के वैधानिक होते हैं, क्योंकि देश के किसी भी नागरिक के द्वारा इसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता है।

23. भारतीय बैंक द्वारा आरक्षित जमा अनुपात को बनाये रखने के लिये किन साधनों का उपयोग नहीं किया जाता है -
(अ) आरक्षित नगद अनुपात (CRR)
(ब) सांविधिक तरलता अनुपात (SLR)
(स) बैंक दर
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (स) बैंक दर
व्याख्या - व्यावसायिक बैंक अपनी कुल जमा का जो अनुपात आरक्षित निधियों के रूप में रखते हैं, उन्हें आरक्षित जमा अनुपात कहा जाता है।

24. सरकार द्वारा अप्रत्यक्ष कर नहीं लगाने अथवा उपदान नहीं देने की स्थिति में सकल घरेलू उत्पाद होगा-
(अ) कुल निर्यात के बराबर
(ब) राष्ट्रीय आय के बराबर
(स) सकल राष्ट्रीय आय के बराबर
(द) कुल विदेशी व्यापार के बराबर
उत्तर - (ब) राष्ट्रीय आय के बराबर।

25. निम्नलिखित में से कौन मुद्रा से संबंधित कार्य नहीं है -
(अ) विनिमय का माध्यम
(ब) लेखा इकाई
(स) मूल्य संचय
(द) साख का सृजन
उत्तर - (द) साख का सृजन
व्याख्या- साख का सृजन बैंक द्वारा किया जाता है।

26. मुद्रा की एक इकाई का, एक निश्चित अवधि में जितनी बार हस्तांतरण होता है, वह कहलाता है-
(अ) संचलन वेग
(ब) तरलता अधिमान
(स) मुद्रा गुणक
(द) मुद्रा प्रसार
उत्तर - (अ) संचलन वेग

27. बंधपत्रों के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिये और असत्य कथन बताइये-
(अ) सरकार एवं फर्म जनता से उधार लेने के लिये बंधपत्र जारी करती है।
(ब) बंधपत्र की कीमत और ब्याज की बाजार दर में प्रतिलोभ संबंध होता है।
(स) बंधपत्र को सरकारी बैंकों के माध्यम से बेचा जाता है।
(द) उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं।
उत्तर - (स) बंधपत्र को सरकारी बैंकों के माध्यम से बेचा जाता है।
व्याख्या - बंधपत्रों को बाजार के माध्यम से खरीदा और बेचा जाता है।

28. यदि राजकोषीय घाटे में से ब्याज अदायगी को घटा दिया जाये तो क्या प्राप्त होगा -
(अ) सकल राजकोषीय घाटा
(ब) प्राथमिक घाटा
(स) राजस्व घाटा
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) प्राथमिक घाटा।
व्याख्या - प्राथमिक घाटा राजकोषीय घाटों में से ब्याज अदायगी को घटाने पर प्राप्त होता है। प्राथमिक घाटे के माप का लक्ष्य वर्तमान राजकोषीय असंतुलन पर प्रकाश डालना है।

29. सरकार बजटीय घाटे के वित्त पोषण के लिये कौनसे कदम नहीं उठा सकती है?
(अ) करारोपण
(ब) ऋण ग्रहण
(स) नोट छापना
(द) कर में कटौती
उत्तर - (द) कर में कटौती।

30. अंतिम वस्तु अथवा उत्पाद की समस्त मांग के अंतर्गत निम्न में से किसे सम्मिलित नहीं किया जाता है-
(अ) प्रत्याशित उपभोग
(ब) प्रत्याशित निवेश
(स) सरकारी व्यय
(द) सीमांत उपभोग
उत्तर - (द) सीमांत उपभोग।
व्याख्या - जब किसी विशेष कीमत स्तर पर अंतिम वस्तु की समस्त मांग, समस्त पूर्ति के बराबर होती है, तो अंतिम वस्तु उत्पाद बाजार संतुलन की स्थिति में होता है।

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं)

कॅरियर की राहें

फिजियोथेरेपी में कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

वर्तमान समय में जैसे-जैसे आपाधापी वाली जीवनशैली बढ़ती जा रही है और मशीनीकरण और डेस्क लाइफस्टाइल के कारण लोगों के लिए मस्कुलर स्केलेटल प्रॉब्लम के कारण पीठ दर्द, कंधे और गर्दन में अकड़न, घुटने के पुराने ऑस्टियो-आर्थराइटिस आदि बढ़ रही हैं, शरीर के विभिन्न अंगों के सुचारु रूप से काम करने संबंधी मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं, बढ़ती हुई दुर्घटनाओं से हड्डियों और मांसपेशियों के क्षतिग्रस्त होने के आंकड़ों का ग्राफ बढ़ रहा है वैसे-वैसे फिजियोथेरेपिस्ट की जरूरत बढ़ती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्यूटीओ) के अनुसार भारत में इस समय करीब 95,000 फिजियोथेरेपिस्ट की कमी है।

शारीरिक चिकित्सक के रूप में मानव सेवा के साथ कॅरियर

गौरतलब है कि फिजियोथेरेपी कराने वाले व्यक्ति को फिजियोथेरेपिस्ट कहा जाता है। एक फिजियोथेरेपिस्ट की सेवाओं में प्रोफेशनल्स के लक्षण होते हैं, जो प्रीवेंटिव, रेस्टोरेटिव और रिहैबिलेटिव के रूप में काम करता है। वह हेल्थ सेंटर या वेलनेस सेंटर में ट्रेनर के रूप में अपनी भूमिका निभाता है। इसके अलावा परिस्थितियों के आधार पर विभिन्न रोल में अपनी सेवाएं देता है। एक फिजियोथेरेपिस्ट यानी शारीरिक चिकित्सक का काम मरीजों को शारीरिक एक्सरसाइज करवाना है। इसमें मशीनों के जरिये एक्सरसाइज करवाना और बोलचाल के जरिये उनका मानसिक प्रेशर कम करना भी शामिल होता है। फिजियोथेरेपिस्ट अपने विशेष ज्ञान, अनुभव और तकनीकों का इस्तेमाल करके शरीर के विभिन्न तंत्रों में आए विकारों और अन्य समस्याओं का समाधान करते हैं। इनमें विशेषतः ब्रेन एवं नर्वस सिस्टम, मांसपेशियों, जोड़ों, हृदय एवं श्वास संबंधित बीमारियां भी मुख्य होती हैं। फिजियोथेरेपी के अंतर्गत हीट रेडिएशन, मसाज, ट्रैक्शन, वाटर थैरेपी और डायथर्मी आदि उपचार किए जाते हैं। इसमें फिजिकल एवं साइकोलॉजिकल एप्रोच का सहारा भी लिया जाता है।

फिजियोथेरेपी एक तेजी से बढ़ता हुआ बहुआयामी कॅरियर विकल्प

भारत में फिजियोथेरेपी एक तेजी से बढ़ता कॅरियर विकल्प है। सरकारी और

निजी क्षेत्र में फिजियोथेरेपिस्ट के लिए रोज़गार की असीम संभावनाएं हैं। कोरोनाकाल के बाद स्वास्थ्य के प्रति लोगों की सजगता और ज्यादा बढ़ गई है, तब से एक फिजियोथेरेपिस्ट के लिए जॉब की संभावनाएं और भी कई रूपों में बढ़ गई हैं। सरकारी अस्पतालों में फिजियोथेरेपिस्ट को ही भौतिक चिकित्सक भी कहते हैं। यह एक स्थायी पद होता है। सरकारी के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी फिजियोथेरेपिस्ट प्रोफेशनल्स की काफी डिमांड है। फिजियोथेरेपी में डिग्री कोर्स करने वालों के लिए निजी क्षेत्र में सबसे अधिक नौकरी के मौके निजी हॉस्पिटल्स, पॉली क्लिनिक या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स जैसी जगहों पर हैं। इसके अतिरिक्त, फिजियोथेरेपी में योग्यता वाले कैंडिडेट आउट पेशंट क्लीनिक, कम्युनिटी हेल्थ केयर सेंटर, हेल्थ क्लब, स्पेशल स्कूल और सीनियर सिटिजन सेंटर आदि में काम कर सकते हैं। विभिन्न स्पोर्ट्स सेंटर, टीचिंग, विदेशों में काम करने वाले विभिन्न कंपनियों आदि के साथ काम कर सकते हैं।

फिजियोथेरेपी में स्वरोज़गार के भी काफी अवसर हैं। कोरोनाकाल के बाद इस तरह की सेवाएं अब लोग अपने घरों पर भी लेने लगे हैं। इस तरह की होम विजिट के लिए लोग खुशी-खुशी फिजियोथेरेपिस्ट को तय शुल्क का भुगतान भी करने को तैयार होते हैं। मोबाइल यूनिट भी इसी का एक रूप है, जिसके माध्यम से आजकल घर-घर फिजियोथेरेपी सेवाएं दी जा रही हैं। इसके अलावा, एक फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में अपना खुद का सेंटर खोलकर भी फिजियोथेरेपी सेवाएं दे सकते हैं।

फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में रिसर्च की असीम संभावनाएं हैं। इसके लिए आइसीएमआर, डीबीटी, डीआरडीओ, आइएनएसए, सीएसआइआर जैसे राष्ट्रीय संस्थान अनुदान भी देते हैं। राज्य सरकारों ने भी प्रविधान बना रखे हैं। रिसर्च के बाद एक रिसर्च एसोसिएट के रूप में या प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे सकते हैं। देश ही नहीं विदेशों में भी फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में युवाओं के सम्मुख शानदार अवसर मौजूद हैं। जहां तक आय की बात की जाए तो एक फिजियोथेरेपिस्ट की आय उसके अनुभव के साथ बढ़ती जाती है।

फिजियोथेरेपिस्ट के कॅरियर के लिए जरूरी स्किल्स

फिजियोथेरेपिस्ट के कॅरियर के लिए कुछ स्किल्स जरूरी होती हैं। फिजियोथेरेपिस्ट

के मन में मानव सेवा का लक्ष्य होना चाहिए। रोगी और अन्य लोगों के साथ कुशलता से संवाद करने की स्किल होनी चाहिए। फिजियोथेरेपिस्ट के पास टीमवर्क स्किल होनी चाहिए, ताकि उन्हें टीम में काम करने में आसानी हो। फिजियोथेरेपिस्ट को सहनशील और धैर्यवान होना चाहिए। फिजियोथेरेपिस्ट को दबाव में काम करने में सक्षम होना चाहिए क्योंकि कई ऐसे मौके होते हैं, जब रोगी को तत्काल उपचार की आवश्यकता होती है। ऐसे में शांत बने रहते हुए रोगी के रोग का निदान करना चाहिए। फिजियोथेरेपिस्ट के पास तकनीकी कौशल के साथ-साथ समय पर निर्णय लेने और रोगी को समय प्रबंधन के साथ उपचार प्रदान करने की स्किल्स होनी चाहिए।

फिजियोथेरेपिस्ट कैसे बनें

गौरतलब है कि फिजियोथेरेपी के डिग्री कोर्स में एडमिशन लेने के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी के साथ 12वीं में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। फिजियोथेरेपिस्ट बनने के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से फिजियोथेरेपिस्ट की डिग्री ले सकते हैं जिसे बीपीटी कहा जाता है। इसकी अवधि चार वर्ष होती है। फिजियोथेरेपिस्ट कोर्स की पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री को एमपीटी कहा जाता है। इसकी अवधि दो वर्ष होती है। फिजियोथेरेपी में डिप्लोमा भी किया जा सकता है। फिजियोथेरेपी के अंतर्गत फिजियोथेरेपी, मानव शरीर, कार्डिओवेस्कुलर जैसे विषयों पर पढ़ाया जाता है। चूंकि फिजियोथेरेपी कोर्स में प्रैक्टिकल की बहुत जरूरत होती है। यह मानव स्वास्थ्य सेवा से जुड़ा हुआ है। इसलिए इस क्षेत्र में ऑनलाइन या डिस्टेंस मोड के कोर्स को मान्यता प्रदान नहीं की जाती है। यह भी महत्वपूर्ण है कि देश के कई विश्वविद्यालयों और चिकित्सा से जुड़े विभिन्न संस्थानों के द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित करके फिजियोथेरेपी कोर्स में प्रवेश दिए जाते हैं।

फिजियोथेरेपी का कोर्स कहां से किया जाए?

मध्यप्रदेश और देश के कोने-कोने में फिजियोथेरेपी के डिप्लोमा, डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएशन कराने वाले कई संस्थान हैं। यदि आप की रुचि फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में मानव सेवा का कॅरियर बनाने की है, तो अपनी क्षमता और योग्यता के अनुरूप पढ़ाई हेतु किसी उपयुक्त फिजियोथेरेपी संस्थान का चयन करके कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **किस देश के नाम सबसे ज्यादा बार टेनिस फेड कप जीतने का रिकॉर्ड है?**
   (अ) अमेरिका (ब) चेक गणराज्य
   (स) ऑस्ट्रेलिया (द) रूस
2. **जैक कैलिस ने टेस्ट क्रिकेट में कितने शतक बनाए हैं?**
   (अ) 36 (ब) 38
   (स) 41 (द) 45
3. **डायमंड लीग किस खेल की एक लोकप्रिय प्रतियोगिता है?**
   (अ) एथेलेटिक्स (ब) कुश्ती
   (स) फुटबॉल (द) क्रिकेट
4. **बेसबॉल खेल में प्रत्येक टीम में कितने खिलाड़ी खेलते हैं?**
   (अ) 7 (ब) 9
   (स) 10 (द) 11
5. **टेनिस खिलाड़ी कैरोलिना प्लिस्कोवा किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
   (अ) सर्विया (ब) आर्मेनिया
   (स) चेक रिपब्लिक (द) बेलारूस
6. **वर्ष 2026 में आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप किन देशों में आयोजित किए जायेंगे?**
   (अ) वेस्टइंडीज-अमेरिका
   (ब) भारत-श्रीलंका
   (स) पाकिस्तान-बांग्लादेश
   (द) यूएई-ओमान
7. **पैरा खिलाड़ी भाविना पटेल किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करतीं हैं?**
   (अ) टेबल टेनिस (ब) निशानेबाजी
   (स) बैडमिंटन (द) तैराकी
8. **स्विट्जरलैंड के पूर्व स्टार टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने टेनिस में कितने एटीपी खिताब जीते हैं?**
   (अ) 95 (ब) 98
   (स) 101 (द) 103
9. **ईरानी कप किस खेल की एक लोकप्रिय प्रतियोगिता है?**
   (अ) क्रिकेट (ब) हॉकी
   (स) कुश्ती (द) शतरंज
10. **इनमें से किस भारतीय क्रिकेटर ने हाल ही में क्रिकेट से संन्यास लिया है?**
    (अ) हरभजन सिंह
    (ब) रॉबिन उथप्पा
    (स) गौतम गंभीर
    (द) प्रज्ञान ओझा
11. **वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं?**
    (अ) दिलीप वेंगसरकर
    (ब) सुनील गावस्कर
    (स) कपिल देव
    (द) अजीत वाडेकर
12. **वर्ष 2019 में किस खिलाड़ी को एटीपी प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था?**
    (अ) रोजर फेडरर
    (ब) राफेल नडाल
    (स) डोमिनिक थिएम
    (द) नोवाक जोकोविच
13. **प्रिंस ऑफ वेल्स कप किस खेल से संबंधित एक खेल प्रतियोगिता है?**
    (अ) क्रिकेट (ब) फुटबॉल
    (स) गोल्फ (द) एथेलेटिक्स
14. **एलेक्सिया पुटेलस किस देश की दिग्गज महिला फुटबॉलर हैं?**
    (अ) अमेरिका (ब) इंग्लैंड
    (स) ब्राजील (द) स्पेन
15. **आइस हॉकी किस देश का राष्ट्रीय खेल है?**
    (अ) अमेरिका (ब) द. कोरिया
    (स) कनाडा (द) स्वीडन
16. **इनमें से किस भारतीय खिलाड़ी को 'फ्लाइंग सिख' भी कहा जाता है?**
    (अ) हरभजन सिंह
    (ब) मिल्खा सिंह
    (स) विशन सिंह बेदी
    (द) परगट सिंह
17. **इनमें से किस खिलाड़ी को खेल रत्न पुरस्कार नहीं मिला है?**
    (अ) सानिया मिर्जा
    (ब) सचिन तेंदुलकर
    (स) रोहित शर्मा
    (द) विश्वनाथन आनंद
18. **इनमें से किस गेंदबाज ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं?**
    (अ) जेम्स एंडरसन
    (ब) मुथैया मुरलीधरन
    (स) ग्लैन मैक्ग्राथ
    (द) शेन वार्न
19. **स्पेन ने किस वर्ष फीफा पुरुष विश्वकप जीता है?**
    (अ) वर्ष 2002 (ब) वर्ष 2006
    (स) वर्ष 2010 (द) वर्ष 2018
20. **इनमें से कौन-सा खिलाड़ी भारतीय फुटबॉल टीम का सदस्य नहीं है?**
    (अ) संदेश झिंगन
    (ब) प्रीतम कोथल
    (स) अनिरुद्ध थापा
    (द) विवेक सागर प्रसाद
21. **मुक्केबाज अमित पंघल ने कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में कौन-सा पदक जीता है?**
    (अ) स्वर्ण पदक
    (ब) रजत पदक
    (स) कांस्य पदक
    (द) इनमें से कोई नहीं
22. **कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में अचंत शरत कमल ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता है?**
    (अ) बैडमिंटन (ब) टेबल टेनिस
    (स) टेनिस (द) मुक्केबाजी
23. **इस वर्ष डच ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस के विजेता बने हैं?**
    (अ) कार्लोस सेंज
    (ब) वाल्टेरी बोटास
    (स) मैक्स वर्स्टापेन
    (द) लेंडो नॉरिस
24. **आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप का पहला संस्करण किस वर्ष खेला गया था?**
    (अ) वर्ष 2005
    (ब) वर्ष 2007
    (स) वर्ष 2009
    (द) वर्ष 2010
25. **इस वर्ष किस टीम ने कैरेबियन प्रीमियर लीग का खिताब जीता है?**
    (अ) जमैका थलाइवाज
    (ब) त्रिनबागो नाइटराइडर्स
    (स) सेंट लूसिया जूक्स
    (द) बारबाडोस ट्राइडेंट्स

उत्तर

1. (अ), 2. (द), 3. (अ), 4. (ब), 5. (स), 6. (ब), 7. (अ), 8. (द), 9. (अ), 10. (ब), 11. (स), 12. (ब), 13. (स), 14. (द), 15. (स), 16. (ब), 17. (अ), 18. (ब), 19. (स), 20. (द), 21. (अ), 22. (ब), 23. (स), 24. (ब), 25. (अ)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रहा है डिफेंस एक्सपो

भारतीय रक्षा क्षेत्र काफी बड़ा और संभावनाओं से भरा हुआ है। किसी देश की विशाल सीमाओं की सुरक्षा और इसकी लगातार निगरानी के लिए भारी मात्रा में संसाधनों की जरूरत होती है, इसी बात को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए लगातार प्रयासरत है। इन्ही प्रयासों के अंतर्गत डिफेंस एक्सपो का आयोजन देश के रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भरता के साथ-साथ मजबूती भी दे रहा है। डेफएक्सपो में प्रतिभागियों को अपने उपकरणों और प्लेटफार्मों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और व्यावसायिक साझेदारी बनाने के लिए भारतीय रक्षा उद्योग के विस्तार की ताकत और क्षमताओं का पता लगाने में भी वे सक्षम होते हैं। यह आयोजन निवेश को बढ़ावा देने, विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार करने एवं प्रौद्योगिकी विकास के रास्ते खोजने में मदद करता है।

हाल ही में भारत की प्रमुख प्रदर्शनी डिफेंस एक्सपो यानी कि डेफएक्सपो का 12वां संस्करण दिनांक 18-22 अक्टूबर के बीच गुजरात के गांधीनगर में आयोजित किया गया। डिफेंस एक्सपो-2022 का आयोजन इससे पहले मार्च में होना था, लेकिन प्रतिभागियों द्वारा अनुभव की जा रही लॉजिस्टिक्स समस्याओं के कारण स्थगित कर दिया गया था। इस साल डेफएक्सपो की थीम 'पाथ टू प्राइड' निर्धारित की गई थी। इस साल के एक्सपो में 1,340 से अधिक प्रदर्शकों, व्यवसायों, निवेशकों, स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई, सशस्त्र बलों और कई देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी देखी गई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित डेफएक्सपो ने आत्मनिर्भर भारत के सहयोग और निर्माण के लिए एक मजबूत मंच तैयार किया है। गुजरात में आयोजित अब तक की सबसे बड़ी रक्षा प्रदर्शनी 'डेफएक्सपो-2022' देश की आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाई दे रहा है। एक्सपो के दौरान साबरमती नदी के तट पर सशस्त्र बलों, डीआरडीओ और डीपीएसयू द्वारा आयोजित लाइव प्रदर्शनी ने लाखों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। एक्सपो के दौरान 1,600 ड्रोन के साथ शानदार ड्रोन शो का आनंद वहां उपस्थित लोगों ने लिया।

'इन्वेस्ट फॉर डिफेंस' और आत्मनिर्भर भारत

इस साल पहली बार एक निवेशक आउटरीच कार्यक्रम 'इन्वेस्ट फॉर डिफेंस' का आयोजन व्यवसायों और निवेशकों को एक साथ लाने के लिए किया गया था। 'इन्वेस्ट फॉर डिफेंस' का लक्ष्य भारतीय उद्योग के साथ-साथ विदेशी ओईएम दोनों द्वारा देश में रक्षा क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं और रक्षा क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी के लिए सरकार द्वारा किए गए नीतिगत सुधारों पर प्रकाश डाला गया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप ही पिछले कुछ वर्षों में रक्षा निर्यात में वृद्धि हुई है। इस साल एक्सपो के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 19 अक्टूबर, 2022 को उद्घाटन समारोह में भाग लिया और दुनिया को 'आत्मनिर्भर भारत' यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया। इसके साथ ही उन्होंने चौथी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची सहित कई घोषणाएं की। उन्होंने इस कार्यक्रम में देश की पश्चिमी सीमा से सिर्फ 130 किलोमीटर दूर दीसा वायु सेना स्टेशन की आधारशिला रखी और एचएएल-डिजाइन और विकसित एचटीटी-40 ट्रेनर विमान का अनावरण भी किया। विभिन्न सेमिनारों का आयोजन किया गया, जिसमें सशस्त्र बलों, सरकारी हितधारकों और भारत एवं विदेशों के उद्योग प्रतिनिधियों को 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए एक-दूसरे के साथ जुड़ने का अवसर मिला।

आत्मनिर्भरता के लिए घरेलू खरीद को प्रोत्साहन

सरकार ने रक्षा क्षेत्र में प्राइवेट प्लेयर्स को प्रोत्साहित करने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास बजट का एक चौथाई हिस्सा उद्योग के विकास के लिए रिजर्व किया है। उद्योग को बाजार उपलब्ध कराना सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है और घरेलू उद्योग को बाजार पहुंच प्रदान करने के लिए काम किया जा रहा है। रक्षा क्षेत्र में घरेलू उद्योग की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार ने वर्ष 2022-23 के लिए घरेलू खरीद के लिए रक्षा पूंजी अधिग्रहण का 68 प्रतिशत आरक्षित किया है, जो लगभग 85,000 करोड़ रुपये है। इसमें से 25 प्रतिशत घरेलू निजी उद्योग के लिए रिजर्व किया गया है।

सरकार की पहलों का मिल रहा लाभ

प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सरकार ने सीएसआईआर और डीआरडीओ जैसे संगठनों के लिए लैब टू इंडस्ट्री लिंकेज में सुधार किया है। इसके साथ ही सरकार ने सशस्त्र बलों के लिए उत्पादों, प्रणालियों, प्रक्रियाओं में इनोवेशन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (iDEX) और टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड जैसी पहल की शुरुआत की है। रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को 74 प्रतिशत और सरकारी माध्यम से 100 प्रतिशत तक खोल दिया गया है। इस व्यवस्था से शेयर बाजारों में व्यापार पारदर्शी हो गया है, जिससे रक्षा कंपनियों को भी लाभ हुआ है।

समझौता ज्ञापनों पर हुए हस्ताक्षर

देश में अब तक के सबसे बड़े एक्सपो के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने स्थानीय और विदेशी स्टालों पर पहुंचकर भारतीय रक्षा उद्योग को प्रोत्साहित किया। एक्सपो में 451 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर सहित कई उत्पाद लॉन्च होने और घरेलू व्यवसायों के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपए का आवंटन होने से रक्षा में 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने में मदद मिलेगी। यह सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं, अनुसंधान एवं विकास और सार्वजनिक और निजी द्वारा रक्षा उत्पादन के बीच एकीकरण को दर्शाता है। डेफएक्सपो में विशेष रूप से घरेलू कंपनियों के लिए विमान, टैंक, हथियार और गोला-बारूद, अत्याधुनिक तकनीकों और हथियार प्रणालियों के प्रदर्शन का व्यापक मंच मिला।

भारत का बढ़ता वैश्विक प्रभाव

इस कार्यक्रम में भारत का बढ़ता वैश्विक प्रभाव दिखाई दे रहा था। रक्षा मंत्री ने देशों की सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत की तत्परता का संकेत दिया, जिसका वहां उपस्थित सभी लोगों ने स्वागत किया। भारत और अफ्रीका के बीच सभ्यतागत संबंध मजबूत साझेदारी में परिपक्व हो रहे हैं, जो रक्षा सहयोग के हितों के संभावित क्षेत्रों में से एक है। 20 रक्षा मंत्रियों, सात सीडीएस/सेवा प्रमुखों और आठ स्थायी सचिवों सहित पचास अफ्रीकी देशों ने रक्षा और सुरक्षा क्षेत्रों में भारत-अफ्रीका की भागीदारी को दी गई उच्च प्राथमिकता को प्रमाणित करते हुए वार्ता में भाग लिया।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- 19 अक्टूबर, 2022 को गुजरात के गांधीनगर में डेफएक्सपो-2022 के उद्घाटन समारोह के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 101 वस्तुओं की 'चौथी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची' की घोषणा की गई। रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी) 2020 में दिए गए प्रावधान के अनुसार सूची में शामिल सभी वस्तुओं को स्वदेशी स्रोतों से खरीदा जाएगा। यह सूची रक्षा में आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर प्रोत्साहन प्रदान करती है। इन वस्तुओं की खरीद केवल भारतीय उद्योग से की जाएगी, जिससे एमएसएमई सहित घरेलू उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी।
- 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के तहत रक्षा उत्पादन में 'आत्मनिर्भरता' का विकल्प तलाशने के लिए सरकार ने दिसंबर, 2021 से अगस्त, 2022 के बीच तीन सूचियां जारी कर 1,238 वस्तुओं का विदेश से आयात कम करने के लिए प्रतिबंध लगाया है। पहली सूची में 351 आइटम, दूसरी में 107 और तीसरी सूची में स्वदेशीकरण के लिए 780 आइटम हैं।
- रक्षा मंत्रालय के अनुसार स्वदेशीकरण की वस्तुओं में जहाजों के लिए मैगजीन फायर फाइटिंग सिस्टम, स्टीयरिंग गियर सिस्टम, फ्रिगेट्स, प्रेशराइज्ड कंटेनरों के नियंत्रण के साथ फिन स्टेबलाइजर्स शामिल हैं। इसी तरह आकाश मिसाइलों, कोंकर्स मिसाइलों और इलेक्ट्रिक मोटर के लिए, युद्धक टैंकों के लिए परिशोधन सेट और प्रिज्म ऑप्टिकल स्वदेशी उपकरण तैयार किये गए हैं। इनके अलावा हेलीकॉप्टर के लिए इंटरमीडिएट कॉस्टिंग, पनडुब्बियों के लिए पॉलीक्रोपिन रबर बैंड और जहाजों के लिए उच्च दबाव नियामक वाल्व का भी स्वदेशीकरण किया गया है। सभी स्वदेशी वस्तुओं का विवरण सृजन पोर्टल srijandefence.gov.in पर उपलब्ध है।
- 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने सकारात्मक सूचियों के माध्यम से स्वदेशीकरण के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की थी। इन सूचियों से स्वदेशीकरण को बढ़ावा मिलेगा और रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर भारत' का लक्ष्य साकार होगा और आने वाले समय में निर्यात बढ़ेगा। इस सूची में शामिल वस्तुओं (हथियारों) को स्वदेश में ही विकसित किया जा रहा है।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

कोयला खदानों के लिए प्रसिद्ध है उमरिया जिला

उमरिया, मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग का एक जिला है। इस जिले के उत्तर में सतना, पूर्व में शहडोल, दक्षिण-पूर्व में अनूपपुर, दक्षिण में डिंडोरी, दक्षिण-पश्चिम में जबलपुर तथा पश्चिम में कटनी जिला स्थित है।

मध्यप्रदेश के उत्तर-पूर्व में स्थित उमरिया जिला खनिजों से समृद्ध है। उमरिया पहले दक्षिणी रीवा जिले का मुख्यालय रह चुका है और उसके बाद बांधवगढ़ तहसील का मुख्यालय भी था। आजादी के बाद उमरिया, शहडोल जिले का हिस्सा था। 1998 में, इसे एक स्वतंत्र जिले के रूप में शहडोल से अलग कर दिया गया। उमरिया अपनी कोयला-खदानों के लिए प्रसिद्ध है।

इतिहास

उमरिया क्षेत्र में लोधी और राजपूतों का शासन रहा है। लोधी राजपूत परिवार ने यहां लक्ष्मी नारायण का मंदिर बनवाया था। उन्होंने एक बड़ा प्रवेश द्वार भी बनवाया था, जहां से हाथी प्रवेश कर सकें, इसलिए इसको हाथी दरवाजा कहा जाता है। बाद में रीवा के बघेल राजपूतों ने इस क्षेत्र को लोधियों से जीत लिया और फिर यह 17वीं शताब्दी में कुछ वर्षों के बाद रीवा रियासत की दक्षिणी राजधानी बन गया। उमरिया घने जंगल और बाघ के कारण हमेशा से राजकुमारों और राजाओं के लिए एक पसंदीदा शहर था। बांधवगढ़ के जंगल, रीवा के महाराजाओं के लिए आखेट का क्षेत्र रहा है।

अर्थव्यवस्था

उमरिया जिला वन क्षेत्र और खनिजों के मामले में समृद्ध है। कुल क्षेत्रफल का लगभग 42 प्रतिशत भाग केवल वनों से आच्छादित है। जिले में पाया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण खनिज कोयला है। जिले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड द्वारा 8 खदानें संचालित की जा रही हैं। कोयला खदानें जिले के लिए राजस्व का एक स्थिर स्रोत हैं।

जिले की आय के मुख्य स्रोतों में खनिज, वन्य संपदा और खेती है। वनों से जलाऊ और इमरती लकड़ियां और बीड़ी पत्ता का संग्रह किया जाता है। उमरिया जिले में धान और सहजन की फलियों का प्रचुरता से उत्पादन होता है। मक्का, गेहूं, राई, चना और अरहर आदि जिले की अन्य प्रमुख फसलें हैं।

उमरिया जिले में लाख का उत्पादन भी होता है। जिले में लाख से चपड़ा (शैलाख) बनाने का सरकारी कारखाना है। लाख का प्रयोग ज्वलनशील पदार्थ, चूड़ी, पेंट आदि बनाने में किया जाता है।

जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 6 जुलाई 1998
2. संभाग- शहडोल
3. जिला मुख्यालय- उमरिया
4. क्षेत्रफल- 4,548 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 6,44,758 (पुरुष- 3,30,674, महिलाएं- 3,14,084)
6. साक्षरता- 65.5 प्रतिशत
7. तहसीलें- 7 (बांधवगढ़, मानपुर, पाली, चंदिया, नौरोजाबाद, बिलासपुर, करकेली)
8. विकासखंड-3 (करकेली (उमरिया), मानपुर, पाली)
9. ग्राम पंचायत- 234
10. विधानसभा क्षेत्र- 2 (बांधवगढ़, मानपुर)
11. लोकसभा क्षेत्र- 1 (शहडोल)
12. भाषा एवं बोली- हिन्दी, बघेली,

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- जिले में स्थित बांधवगढ़ का किला पुरातात्विक और ऐतिहासिक महत्व का स्थान है। यह एक प्राकृतिक अभेद्य किला है। यह एक पहाड़ी पर स्थित है। इस किले का निर्माण बघेल वंश के शासक व्याघ्र देव द्वारा 14वीं शताब्दी में करवाया गया था।
- घने जंगल के बीच स्थित बांधवगढ़ के किले का मुख्य आकर्षण यहां कि शेष शैया प्रतिमा है। भगवान विष्णु की 65 फीट लंबी यह प्रतिमा यहां सात फन वाले सांप यानी शेष नाग पर सोने की मुद्रा में विराजमान है। इसी स्थान से चरण गंगा नदी का उद्गम होता है।
- बांधवगढ़ किला क्षेत्र में भगवान विष्णु के सभी अवतारों की मूर्तियां देखी जा सकती हैं। किला 32 मानव निर्मित गुफाओं से घिरा हुआ है। किले में शिलालेख और रॉक पेंटिंग भी देखने को मिलती हैं। इस स्थान का सम्बन्ध रामायण काल से जुड़ा हुआ भी माना जाता है। मान्यता है कि यह किला भगवान राम के अनुज लक्ष्मण का था जिसके कारण इसका नाम बांधवगढ़ पड़ा।
- उमरिया जिले में स्थित बांधवगढ नेशनल पार्क देश भर में सर्वाधिक बाघ घनत्व के लिए जाना जाता है। वर्ष 1968 में स्थापित इस उद्यान को 1993 में प्रोजेक्ट टाइगर में सम्मिलित किया गया था।
- बांधवगढ़ का शानदार समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र हर तितलियों से लेकर बाघों तक हर किसी को जीवन प्रदान करता है। इस पार्क में चीतल, सांभर, हिरण, नीलगाय, चिंकारा, जंगली सुअर, चौसिंगा आदि और इन पर निर्भर महत्वपूर्ण शिकार प्रजातियां बाघ, तेंदुआ, जंगली कुत्ता, भेड़िया और सियार आदि मौजूद हैं। साथ ही इस पार्क में लोमड़ी, जंगली बिल्ली, भालू, साही, भारतीय पैंगोलिन, चमगादड़ सहित पक्षियों की 250 से अधिक प्रजातियों को दर्ज किया गया है। यहाँ गौर पुनर्वास और हाथी पुनर्वास योजना चलाई जा रही है।
- उमरिया-कटनी मार्ग पर स्थित चंदिया खस में देवी कालिका का एक प्रसिद्ध मंदिर है। यहां भगवान राम और जानकी का एक पुराना मंदिर भी है। शिवरात्रि के अवसर पर यहां मेला भी लगता है।
- जिले में पाली-बिरसिंहपुर स्टेशन के पास बिरसिनीदेवी का स्थान है। मान्यता के अनुसार यह काली देवी हैं, जो यहाँ कंकाली देवी के रूप में पूजी जाती हैं। क्षेत्र से प्राचीन जैन मूर्तियों के कई अवशेष भी मिले हैं।
- जिले में एक पुराना शिव मंदिर भी है, जिसे सागर मंदिर के नाम से जाना जाता है। इसके मुख्य द्वार पर खजुराहो के समान सुंदर नक्काशी देखी जा सकती हैं। पास ही ज्वालामुखी मंदिर भी है।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने वर्ष 1938 के बाद यहां से पहली बार अपनी खोज में 26 प्राचीन मंदिरों के अवशेष, 26 गुफाएं, 2 मठ, 2 स्तूप, 24 अभिलेख, 46 प्रतिमाएं, 20 बिखरे हुए अवशेष और 19 जल सरंचनाओं के साथ ही मुगल कालीन और अन्य शासकों के सिक्के खोजे हैं। यहां पर बौद्ध धर्म और हिंदू धर्म से जुड़े कई अवशेष मिले हैं, जो नौवीं से ग्यारहवीं शताब्दी के हैं।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

खेल चर्चा

वर्स्टापेन ने बनाया एक सत्र में सबसे ज्यादा रेस जीतने का रिकॉर्ड

मेक्सिको सिटी, मौजूदा फॉर्मूला-वन चैम्पियन मैक्स वर्स्टापेन ने रफ्तार के इस खेल में एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। वर्स्टापेन ने मैक्सिको सिटी ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस में जीत दर्ज की है। 71 लैप की इस रेस को वर्स्टापेन ने एक घंटा 38 मिनट और 36.729 सेकेंड में पूरा किया। ये इस सत्र में वर्स्टापेन की 20 में से 14वीं जीत है। इसके साथ ही वर्स्टापेन ने एक सत्र में सबसे ज्यादा रेस जीतने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड दिग्गज रेसर माइकल शूमाकर और सबेस्टियन वेटल के नाम संयुक्त रूप से था। शूमाकर ने वर्ष 2004 तथा वेटल ने वर्ष 2013 में 13-13 रेस जीती थीं। इस सत्र में अभी दो रेस आयोजित होना बाकी हैं। मैक्सिको सिटी ग्रांप्री में लुईस हैमिल्टन दूसरे, सर्जियो पेरेज तीसरे, जॉर्ज रसेल चौथे तथा कार्लोस सेंज पांचवें स्थान पर रहे।

एटीपी टूर कैलेंडर का हिस्सा होगा डेविस कप

लंदन, टेनिस का विश्वकप कहलाने वाला प्रतिष्ठित टूर्नामेंट डेविस कप अगले वर्ष से एटीपी टूर कैलेंडर का हिस्सा होगा। अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने पुरुष टेनिस की शासी इकाई एटीपी के साथ इस संबंध में एक समझौता किया है। यह समझौता खिलाड़ियों को उनकी राष्ट्रीय डेविस कप टीम में खेलने के लिए चुने जाने पर उनके राष्ट्रीय कार्यक्रम बनाने में सहायता करेगा। उल्लेखनीय है कि डेविस कप टेनिस के इतिहास का सबसे पुराना और सबसे बड़ा पुरुष टेनिस टूर्नामेंट है।

फेलिक्स अगुर एलियासिमे ने जीता स्विस इंडोर्स ओपन

बासेल, कनाडा के युवा टेनिस खिलाड़ी फेलिक्स अगुर एलियासिमे ने स्विस इंडोर्स ओपन में खिताब पर कब्जा जमाया है। एलियासिमे ने पहली बार स्विस इंडोर्स टूर्नामेंट जीता है। टूर्नामेंट में एलियासिमे ने पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में डेनमार्क के होल्गर रूने को सीधे सेटों में 6-3, 7-5 से हराया। एलियासिमे ने फाइनल में होल्गर को पहले सेट में आसानी से हरा दिया। इसके बाद होल्गर ने दूसरे सेट में दमदार वापसी की और एलियासिमे को कड़ी टक्कर दी। दूसरे सेट में स्कोर बराबर रहने के बाद सेट का फैसला टाइब्रेकर से हुआ जिसमें एलियासिमे ने 7-5 से बाजी जीती। एलियासिमे के टेनिस कॅरियर का यह चौथा एटीपी खिताब है। टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्रेजिसेक की जोड़ी ने जीता।

फुटबॉलर फ्रेंक रिबेरी ने लिया संन्यास

पेरिस, फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर फ्रेंक रिबेरी ने फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। रिबेरी लंबे समय से घुटने की चोट से परेशान थे। रिबेरी अभी तक इटली की फुटबॉल लीग सीरी-ए में सेलेरनिटाना क्लब के लिए खेल रहे थे। रिबेरी ने चोट के चलते सेलेरनिटाना क्लब के साथ अपना करार खत्म कर लिया है। 39 वर्षीय रिबेरी ने सोशल मीडिया पर संन्यास का ऐलान करते हुए कहा कि अब आगे फुटबॉल खेलना संभव नहीं है, इसलिए मैं सेलेरनिटाना के मैनेजमेंट को अपने फैसले से अवगत कराते हुए करार यहीं खत्म कर रहा हूं। रिबेरी ने फ्रांस के लिए 81 मैचों में 16 गोल किए है।

आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप

भारत ने रोमांचक मुकाबले में बांग्लादेश को पांच रन से हराया

एडिलेड, भारत ने आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को बेहद रोमांचक मुकाबले में हराया। विश्वकप में ग्रुप-2 के लीग मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ डकवर्थ लुईस नियम के तहत 5 रन से जीत दर्ज की।

मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी करने के लिए कहा। भारत की शुरुआत खराब रही, कप्तान रोहित शर्मा 8 गेंदों में 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद पूर्व कप्तान विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज के.एल. राहुल ने पारी को संभाला। काफी समय से आउट ऑफ फॉर्म चल रहे राहुल इस मैच में लय में नजर आये। राहुल ने 32 गेंदों में 50 रनों की तेज-तर्रार पारी खेलकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। राहुल के आउट होने के बाद विराट ने सूर्यकुमार यादव के साथ पारी को आगे बढ़ाया। विराट ने 44 गेंदों में नाबाद 64 रन बनाये, वहीं सूर्यकुमार ने 16 गेंदों में 30 रन बनाये। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 184 रन बनाये।

जीत के लिए मिले 185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम को सलामी बल्लेबाज लिटन दास ने तेज और आक्रामक शुरुआत दिलाई। लिटन की तेज-तर्रार पारी के बदौलत बांग्लादेश ने 7 ओवरों में बिना विकेट खोए 66 रन बना लिए थे। इसके बाद बारिश के कारण

- विराट कोहली आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।
- विराट ने आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में अब तक 1065 रन बनाये हैं।
- इससे पहले यह रिकॉर्ड श्रीलंका के पूर्व कप्तान माहेला जयवर्धने (1016) के नाम था।
- विराट ने ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा।
- विराट ने ऑस्ट्रेलिया में तीनों फॉर्मेट में 68 पारियों में 3350 रन बनाये हैं, जबकि सचिन ने 84 पारियों में 3300 रन बनाये थे।

मैच रोकना पड़ा। इसके बाद मैच में डकवर्थ लुईस नियम के तहत लक्ष्य को पुनर्निधारित करते हुए 16 ओवरों में 151 कर दिया। मैच दोबारा शुरू होने के बाद भारतीय टीम में गजब की वापसी की। के.एल. राहुल ने बेहतरीन थ्रो से लिटन को रन आउट कर मैच का रुख बदल दिया। लिटन दास ने 27 गेंदों में 60 रन बनाए। इसके बाद बांग्लादेश की पारी लड़खड़ा गई। बांग्लादेश को आखिरी ओवर में जीत के लिए 20 रन चाहिए थे, लेकिन टीम 14 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की पारी 16 ओवरों में 6 विकेट पर 145 रन पर समाप्त हुई। भारत के लिए अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या ने 2-2 तथा मोहम्मद शमी ने 1 विकेट लिया।

इससे पहले भारत ने विश्वकप में अपने पहले लीग मैच में पाकिस्तान को 4 विकेट से और दूसरे मैच में नीदरलैंड्स को 56 रन से हराया। वहीं तीसरे मैच में भारत को दक्षिण अफ्रीका के हाथों 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

शंकर ने विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में जीता रजत

सेंटाडर, भारत के उभरते बैडमिंटन स्टार शंकर मुथुसामी ने स्पेन में आयोजित बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता है। शंकर ने चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में शंकर का सामना चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिने से हुआ। लिन ने 48 मिनट तक चले फाइनल में शंकर को 21-14, 22-20 से हराकर खिताब अपने नाम किया। शंकर विश्व जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले चौथे भारतीय शटलर बन गए हैं। शंकर से पहले अपर्णा पोपट (1996), साइना नेहवाल (2006) और सिरिल वर्मा (2015) ने इस चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था।

वेस्टइंडीज के मुख्य कोच फिल सिमंस देंगे इस्तीफा

सेंट लूसिया, आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में वेस्टइंडीज के बेहद खराब प्रदर्शन के बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट में बदलाव का दौर शुरू हो गया है। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच फिल सिमंस ने विश्वकप में टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। सिमंस ने कहा कि यह एक ऐसा कदम है जिस पर मैं कुछ समय से विचार कर रहा था, इसे अब सार्वजनिक करने का समय आ गया है। मैं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद मुख्य कोच पद छोड़ दूंगा। फिलहाल मैं आगामी सीरीज पर फोकस कर रहा हूं। फिल सिमंस के मार्गदर्शन में वेस्टइंडीज ने वर्ष 2016 में आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप जीता था। वेस्टइंडीज इस विश्व कप में पहले दौर से ही बाहर हो गया है।

भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने जीता सुल्तान जोहोर कप

जोहोर बोहरू, भारत की जूनियर हॉकी टीम ने मलेशिया में आयोजित सुल्तान जोहोर कप का खिताब अपने नाम किया है। भारत ने टूर्नामेंट के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को पेनाल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। टूर्नामेंट के लीग राउंड में ऑस्ट्रेलिया ने पहले तथा भारत ने दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल मैच में भारत ने आक्रामक रणनीति अपनाई और ऑस्ट्रेलिया पर लगातार अटैक किए। भारत टीम को मैच के 14वें मिनट में गोल करने का मौका मिला, जिसे सुदीप चिमाको ने भुनाते हुए शानदार गोल में तब्दील किया। मैच में 1-0 से पिछड़ने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भी गोल करने के प्रयास तेज किए और 29वें मिनट में जैक हॉलैंड ने गोल कर ऑस्ट्रेलिया को बराबरी दिलाई। इसके बाद दोनों टीमों ने गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन कोई भी टीम सफल नहीं हो सकी। निर्धारित समय तक स्कोर बराबर रहने के बाद मैच में पेनाल्टी शूटआउट खेला गया। पेनाल्टी शूटआउट में दोनों टीमों ने 3-3 गोल किए जिसके बाद मैच सडन डेथ में गया। सडन डेथ में भारत के लिए सुदीप और उत्तम ने गोल कर भारत को 5-4 से जीत दिलाई।

- भारत ने तीसरी बार जीता है सुल्तान ऑफ जोहोर कप।
- भारत ने इससे पहले वर्ष 2013 और 2014 में भी जीता था यह खिताब।
- ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 2016 और 2017 में जीता है सुल्तान ऑफ जोहोर कप।

महिला क्रिकेटरों को भी पुरुष खिलाड़ियों के समान मिलेगी मैच फीस

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए महिला क्रिकेटरों के लिए नई मैच फीस पॉलिसी लागू की है। महिला क्रिकेटरों को भी अब पुरुष क्रिकेटरों के बराबर मैच फीस मिलेगी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर इस फैसले की जानकारी दी।

जय शाह ने कहा कि बोर्ड अनुबंधित महिला क्रिकेटरों के लिए समान वेतन इक्विटी पॉलिसी लागू कर रहा है। इस पॉलिसी के तहत महिला क्रिकेटरों को पुरुष क्रिकेटरों के समान मैच फीस का भुगतान किया जायेगा। जय शाह ने बताया कि वेतन इक्विटी पॉलिसी के तहत भारत में महिला क्रिकेटरों को टेस्ट मैच खेलने के लिए प्रति मैच 4 लाख रुपये की जगह 15 लाख रुपये मिलेंगे। वहीं एक वन-डे मैच के लिए

एक लाख रुपये के स्थान पर 6 लाख और प्रति ट्वेंटी-20 मैच एक लाख रुपये की जगह 3 लाख रुपये की राशि मिलेगी।

भारत पुरुष और महिला क्रिकेट में समान मैच फीस की व्यवस्था करने वाला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड के बाद दूसरा देश बन गया है।

फ्रेंच ओपन

सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जीता खिताब

पेरिस, भारत के अनुभवी शटलर सात्विक साइराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन में पुरुष युगल वर्ग में जीत दर्ज की है। सात्विक और चिराग की जाड़ी ने स्पर्धा के फाइनल में चीनी ताइपे के लु चिंग याओ और यांग पो हान की जोड़ी को हराया।

लगभग 48 मिनट तक चले फाइनल मैच में भारतीय जोड़ी शुरू से हावी नजर आयी। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने पहले गेम में संभलकर खेलते हुए चीनी ताइपे की जोड़ी पर दबाव बनाया। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने लगातार अंक अर्जित कर गेम में अपनी बढ़त बनाई और पहला गेम 21-13 से अपने नाम किया। पहले गेम में पिछड़ने के बाद याओ और हान की जोड़ी ने दूसरे गेम में शानदार वापसी करते हुए सात्विक और चिराग के खिलाफ

शुरुआती बढ़त बनाई, लेकिन भारतीय जोड़ी ने एक बार फिर बेहतरीन खेल दिखाया और लगातार छह अंक अर्जित कर दूसरा गेम 21-19 से जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया।

टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने जीता। एक्सेलसन ने स्पर्धा के फाइनल में अपने हमवतन खिलाड़ी रास्मस गेमके को लगातार गेमों में 21-14, 21-15 से हराया। टोक्यो ओलिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन ने फाइनल में गेमके को एकतरफा हराया। एक्सेलसन इस वर्ष शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने इस वर्ष विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता है। टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब चीन की ही बिंगजियाओ ने जीता। बिंगजियाओ ने फाइनल में पूर्व ओलिंपिक चैम्पियन कैरोलिना मारिन को 16-21, 21-9, 22-20 से हराया।

- सात्विक और चिराग की जोड़ी फ्रेंच ओपन खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी है।
- इससे पहले पार्थो गांगुली और विक्रम सिंह की जोड़ी ने वर्ष 1983 में फ्रेंच ओपन में खिताब जीता था।
- सात्विक और चिराग की जोड़ी वर्ष 2019 में भी इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी, लेकिन खिताब नहीं जीत सकी।
- चिराग और सात्विक की जोड़ी ने इस वर्ष राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता है।

स्पेन ने जीता फीफा अंडर-17 महिला विश्वकप

नवी मुंबई, स्पेन की महिला फुटबॉल टीम ने भारत में आयोजित फीफा अंडर-17 महिला विश्वकप का खिताब अपने नाम किया है। स्पेन ने विश्वकप के फाइनल में कोलंबिया को 1-0 से हराया। कोलंबिया की टीम ने इस विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन फाइनल में कोलंबिया की टीम अपने ही आत्मघाती गोल के कारण खिताब से चूक गई। फाइनल मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर रही। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहा। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों ने गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन उन्हें गोल में तब्दील नहीं कर पाई। मैच के 82वें मिनट में कोलंबिया की डिफेंडर एना मारिया गुजमैन जापाटा ने गेंद को रिफ्लैक्ट करने के प्रयास में अपने ही गोलपोस्ट में आत्मघाती गोल कर दिया, जो मैच में निर्णायक साबित हुआ।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : यूगल से साभार)

सामयिकी

इज़रायल में पूर्व प्रधानमंत्री नेतन्याहू को मिला स्पष्ट बहुमत

इजरायल के आम चुनाव में लगभग 99 प्रतिशत मतपत्रों की गिनती पूरी होने के साथ पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के

नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी गठबंधन को 120 सदस्यीय संसद में 64 सीटें मिली हैं। स्पष्ट बहुमत के साथ ही नेतन्याहू की सत्ता में वापसी का रास्ता साफ हो गया है। मौजूदा प्रधानमंत्री येर लैपिड ने हार स्वीकार करने के साथ नेतन्याहू को जीत के लिए बधाई दी है। केंद्रीय निर्वाचन समिति के अनुसार, नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को 31, प्रधानमंत्री येर लैपिड की येश अतीद को 24, रिलीजियस जियोनिज्म को 14, नेशनल यूनिटी को 12, शास को 11 व यूनाइटेड टोरा जुदाइस्म को आठ सीटों पर जीत हासिल हुई है।

सी-295 विमान निर्माण संयंत्र का शिलान्यास कार्यक्रम

'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द ग्लोब' के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा भारत - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के वड़ोदरा में सी-295 विमान निर्माण संयंत्र का शिलान्यास किया। इस दौरान

- **सी-295 विमान निर्माण संयंत्र देश में निजी क्षेत्र में पहला विमान निर्माण संयंत्र होगा।**
- **इस संयंत्र का उपयोग टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और एयरबस डिफेंस एंड स्पेस, स्पेन के बीच सहयोग के माध्यम से भारतीय वायु सेना के लिए 40 सी-295 विमानों के निर्माण के लिए किया जाएगा।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया का बड़ा मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में हम बहुत बड़ा कदम उठा रहे हैं। भारत अब अपना फाइटर प्लेन बना रहा है। अपना टैंक बना रहा है, अपनी सबमरीन, दवाएं, टीके, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, मोबाइल फोन और कार बना रहा है, जो कई देशों में लोकप्रिय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द ग्लोब' के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा भारत अपने सामर्थ्य को और बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि अब भारत, ट्रांसपोर्ट एयर क्राफ्ट का भी बहुत बड़ा निर्माता बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है कि भारत जल्द ही बड़े यात्री विमानों का निर्माण करेगा, जिस पर गर्व से 'मेड इन इंडिया' लिखा रहेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहली बार है कि भारतीय रक्षा क्षेत्र में इतना बड़ा निवेश हो रहा है। यहां बनने वाले ट्रांसपोर्ट एयर क्राफ्ट हमारी सेना को तो ताकत देंगे ही, इससे एयर क्राफ्ट मैन्यूफैक्चरिंग के लिए एक नये इकोसिस्टम का भी विकास होगा। 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द ग्लोब' के वादे को इस जमीन से नई गति मिलेगी, क्योंकि यह परियोजना भविष्य में अन्य देशों से निर्यात के लिए ऑर्डर लेने में सक्षम होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एयर ट्रैफिक के मामले में हम दुनिया के शीर्ष तीन देशों में पहुंचने वाले हैं। 'उड़ान' योजना कई यात्रियों को हवाई यात्रियों में बदलने में मदद कर रही है। कोरोना और युद्ध से बनी परिस्थितियों के बावजूद, भारत के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर का ग्रोथ मोमेंटम बना हुआ है। ऐसी कठिन परिस्थितियों में भी भारत के विकास की गति स्थिर रही है। उन्होंने बताया कि परिचालन की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है और भारत लागत प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारत किफायती लागत पर निर्माण और उच्च उत्पादन का अवसर पेश कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा हम सेवा और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों में सुधार कर रहे हैं। भारत मैन्यूफैक्चरिंग में सबसे आगे रहने की तैयारी में है। पिछले आठ वर्षों में 160 से अधिक देशों की कंपनियों ने भारत में निवेश किया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि अकेले एयरो स्पेस क्षेत्र में 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है। 2014 के बाद इस क्षेत्र में निवेश वर्ष 2000 से 2014 के दौरान किए गए निवेश से 5 गुना बढ़ गया। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य 2025 तक अपने रक्षा निर्माण को 25 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक करना है। हमारा रक्षा निर्यात भी 5 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, अगर हम इस दिशा में आगे बढ़ते हैं, तो हम इनोवेशन और मैन्यूफैक्चरिंग का एक अधिक मजबूत इकोसिस्टम विकसित करने में सक्षम होंगे। आपको हमेशा सबका प्रयास के मंत्र को याद रखना होगा।

न्यूजीलैंड में

पहली बार महिला सांसदों की संख्या पुरुषों से अधिक

न्यूजीलैंड के इतिहास में पहली बार महिला सांसदों की संख्या पुरुषों से अधिक हो गई है। लिबरल लेबर पार्टी की सोराया

- **संसद में 50 प्रतिशत से अधिक महिला सांसदों का प्रतिनिधित्व करने वाले अन्य देशों में क्यूबा, मैक्सिको, निकारागुआ, रवांडा और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। अंतर संसदीय संघ के अनुसार, विश्व में महिला सांसदों की संख्या 26 प्रतिशत से अधिक है। 1893 में महिलाओं को मतदान करने की अनुमति देने वाला न्यूजीलैंड पहला देश था।**

पेक मैसन द्वारा ट्रेवर मलार्ड की जगह शपथ ग्रहण करते ही न्यूजीलैंड की संसद में महिलाओं की संख्या 60 हो गई, जबकि पुरुष सांसद 59 हैं। दरअसल, पूर्व स्पीकर ट्रेवर मलार्ड के आयरलैंड का राजदूत बन जाने एवं एक और पुरुष सांसद के त्याग पत्र के बाद यह संयोग बना है। इस अवसर पर पेक मैसन ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि यह मेरे लिए एक खास दिन है, जबकि न्यूजीलैंड के लिए ऐतिहासिक है।

अंतर संसदीय संघ के अनुसार इस वर्ष यह मील का पत्थर हासिल करने का दावा करने वाले न्यूजीलैंड समेत विश्व के आधा दर्जन देश हैं।

वैज्ञानिकों को मंगल ग्रह पर मिले विशाल प्राचीन समुद्र के अद्भुत सबूत

वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह के उत्तर में एक समुद्र के बारे में सबूत हासिल किए हैं। शोध के अनुसार मंगल ग्रह पर एक समय में

- **वैज्ञानिकों को लाल ग्रह पर एक प्राचीन समुद्र का सबूत मिल गया है।**
- **सबूत के मुताबिक मंगल ग्रह पर 3.5 अरब साल पहले एक तट रेखा थी।**
- **यह करीब 900 मीटर गहरी थी, जो हजारों वर्ग किलोमीटर के इलाके में फैली थी।**

समुद्र का जलस्तर लगातार बढ़ा था और वहां गरम और नम मौसम पाया जाता था। यह वर्तमान समय में मौजूद मंगल ग्रह पर बहुत कठिन माहौल और जमी हुई धरती से

अलग है। इस शोध के मुख्य लेखक बेंजामिन कार्डनास ने कहा एक विशाल समुद्र की मौजूदगी के बाद जो सबसे महत्वपूर्ण पहलू तत्काल हमारे दिमाग में आया, वह यह था कि जीवन की संभावना बहुत ज्यादा है।

वैज्ञानिकों ने अपनी खोज में 6500 कि.मी. लंबी नदी घाटी इलाके का पता लगाया है। मंगल ग्रह की तट रेखा के इलाके को एइओलिस डोर्सा कहा जाता है और यहां पर कई नदी घाटियां हैं। इस इलाके से संकेत मिलता है कि यहां समुद्र का जलस्तर काफी ज्यादा था। शोधकर्ताओं ने कहा कि अगर वैज्ञानिक चाहते हैं कि मंगल पर जीवन का सबूत हासिल किया जाए तो इतना विशाल समुद्र शुरुआत के लिए सबसे सही जगह होगा। उन्होंने कहा कि नासा रोवर यहां जीवन की तलाश करेगा जो लाल ग्रह के आसमान में चक्कर काट रहा है। यह हमेशा से ही पानी और जीवन के सबूत की तलाश कर रहा है।

तुर्किये में

राष्ट्रपति एर्दोगन ने घोषित किया 'तुर्किये का विजन शताब्दी'

तुर्किये में अगले साल जून में आम चुनाव होने हैं। राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन इसकी तैयारी में जुट गए हैं। राष्ट्रपति ने

- **राष्ट्रपति एर्दोगन ने अपने भाषण में कहा कि नया संविधान 'कानून का शासन, बहुलवाद और समानता' को मजबूत करेगा।**

राजधानी अंकारा में एक भाषण दिया था। कहा जा रहा है कि उन्होंने तुर्किये के लिए अगले दशक का विजन पेश किया है। हालांकि इसे उनके चुनावी घोषणा-पत्र के रूप में भी देखा जा रहा है। दरअसल, एर्दोगन ने देश में नए संविधान का वादा किया है, जिसमें नागरिकों के अधिकारों और स्वतंत्रता की गारंटी है।

गौरतलब है कि 2021 में द वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट रूल ऑफ लॉ इंडेक्स ने कानून के शासन को लेकर 139 देशों की रिपोर्ट जारी की थी। इस लिस्ट में तुर्किये 117वें स्थान पर था। रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा तैयार वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में तुर्किये 180 देशों में 149वें स्थान पर है। अन्य रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि तुर्किये में तानाशाही बढ़ रही है, जबकि आलोचकों की आवाज को दबाने के लिए संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

एर्दोगन ने 28 अक्टूबर को 'तुर्किये का विजन शताब्दी' घोषित किया है। उन्होंने दावा किया कि देश की 100वीं वर्षगांठ पर 'तुर्किये की सदी' शुरू होगी। उन्होंने कहा कि हम 100वीं वर्षगांठ को नए युग का टर्निंग पॉइंट बनाना चाहते हैं, जिससे देश की राजनीति, कार्यप्रणाली और परिणामों में बदलाव आएगा।

● सऊदी अरब में ●

भारतीयों को जॉब से पहले डिग्री मान्य कराना जरूरी

भारतीय इंजीनियरों को 'ड्रीम जॉब डेस्टिनेशन' कहे जाने वाले सऊदी अरब में काम हासिल करना मुश्किल होने जा रहा

- **काम करने के इच्छुक इंजीनियरों को पहले सऊदी काउंसिल ऑफ इंजीनियर्स से प्रोफेशनल मान्यता लेनी पड़ेगी।**

है। अब यहां काम करने के इच्छुक इंजीनियरों को पहले सऊदी काउंसिल ऑफ इंजीनियर्स से मान्यता लेनी होगी।

इसके लिए उम्मीदवार सऊदी काउंसिल ऑफ इंजीनियर्स की आधिकारिक वेबसाइट www.eservices.saudieng.sa पर जाकर प्री रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इस नए बदलाव की जानकारी अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) ने दी। परिषद् भारत में टेक्निकल एजुकेशन की नियामकीय संस्था है। एआईसीटीई ने टेक्निकल यूनिवर्सिटी और एआईसीटीआई द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों के प्रमुखों से कहा कि वह अपने यहां के उन बच्चों को इस बारे में बताएं जो सऊदी जाना चाहते हैं।

इंटरसेप्टर एडी-1

मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण

भारत ने द्वितीय चरण की बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा इंटरसेप्टर एडी-1 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सरकार ने कहा कि एडी-1 मिसाइल परीक्षण विभिन्न स्थानों पर स्थित सभी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा हथियार प्रणाली तत्वों की भागीदारी के साथ किया गया।

ब्राजील के नए राष्ट्रपति लूला तीसरी बार संभालेंगे सत्ता

ब्राजील को नया राष्ट्रपति मिल गया है। दक्षिण पंथी विचारधारा रखने वाले मौजूदा राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को हराकर लुइज इनासियों लूला डा सिल्वा ने जीत हासिल कर ली है। लूला ने अपनी जीत के बाद विजयी भाषण में शांति और एकता का आह्वान भी किया। लूला ब्राजील के राष्ट्रपति बनें इसके लिए देश की जनता ने भी उनका पूरा समर्थन किया।

अधिकांश चुनावों के सर्वे के मुताबिक, लूला फिर से देश के राष्ट्रपति चुने जाने वाले पसंदीदा उम्मीदवार थे। ज्ञात रहे कि लूला को 50.8 प्रतिशत वोट मिले, तो वहीं बोल्सोनारो को केवल 49.2 प्रतिशत वोट ही हासिल हुए। वामपंथी विचारों वाले लूला पहले भी ब्राजील के

राष्ट्रपति रह चुके हैं और अब एक दशक बाद राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने एक आश्चर्यजनक वापसी की है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.वी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।